| मौसम | | |
|---|---|---|
| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| धनबाद | 40.1 | 29.8 |
| जमशेदपुर | 40.4 | 25.0 |
| डालटनगंज | 43.6 | 23.9 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

धनबाद, रांची एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in | रांची, गुरुवार 06 जून 2024 ● ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 14 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ~~6~~ ● वर्ष : 2, अंक : 58 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र





कांग्रेस ज्यादा सीट लेने में आगे-आगे, पर जीतने में फिसड्डी, इस बार भी कांग्रेस सात सीटों पर लड़ी, दो जीती, झामुमो पांच पर लड़ा, तीन जीता

# झारखंड में झामुमो अब भी 'बड़ा भाई'

झामुमो की नजर अब केवल और केवल विधानसभा चुनाव पर अगले पांच महीने सरकार और पार्टी के लिए काफी अहम

कौशल आनंद। रांची

बीते विधानसभा चुनाव से ही झामुमो कांग्रेस को इस बात का एहसास कराता रहा है कि वह झारखंड में बड़े भाई की भूमिका में है, इसलिए लोकसभा में झामुमो को अधिक सीटें मांगी थी, मगर कांग्रेस ने एक न सुनी. झामुमो के लाख प्रयास और दावों के बावजूद उसे कांग्रेस ने पांच सीटें ही दीं और खुद सात सीटों पर चुनाव लड़ी. मगर कांग्रेस सात में महज दो सीट जीतने में सफल रही. जबकि झामुमो ने पांच में तीन सीट जीत कर फिर यह एहसास करा दिया कि अब भी झारखंड में झामुमो बड़ा भाई ही है. हालांकि कांग्रेस भले ही सामान्य सीटों पर जीत दर्ज नहीं कर पायी हो, मगर अपने वोट प्रतिशत में काफी सुधार किया है, जिसका लाभ विधानसभा चुनाव में उसे मिल सकता है.

### खास बातें

- केवल चार महीने के लिए नेतृत्व परिवर्तन की संभावना कम
- अभी पार्टी का फोकस विधानसभा चुनाव पर

## अब झामुमो की नजर विधानसभा चुनाव पर

लोकसभा चुनाव परिणाम से उत्साहित झामुमो की नजर अब विधानसभा चुनाव पर टिक गयी है. इस चुनाव में झामुमो ने जहां बहुत कुछ खोया, तो उससे अधिक पा भी लिया है. पिछली बार महज एक सीट जीतने में सफल रहा झामुमो इस बार तीन सीट जीतकर अपनी ताकत का एहसास करा दिया है. हेमंत सोरेन के जेल जाने के बाद हताश और निराश झामुमो को कल्पना सोरेन के रूप में संजीवनी मिल चुका है. कल्पना सोरेन ने अपनी उपयोगिता और लोहा पार्टी को मनवा लिया है कि निकट भविष्य में वह ही सोरेन और झामुमो परिवार की नयी पौध हैं. इसलिए पार्टी के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने भी गत दिवस स्पष्ट कर दिया है कि अब झामुमो की नजर विधानसभा पर है. झामुमो और कांग्रेस ने मिलकर भाजपा को पांचों आदिवासी सीटों पर धूल चटा दिया. झामुमो ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि अब सरकार और पार्टी के पास समय बहुत कम बचा है. शेष बचे चार-पांच महीने में सरकार को हेमंत सोरेन के सभी अधूरे काम पूरा करना है. स्पष्ट है कि झामुमो का निकट भविष्य में क्या इरादा है.

### कल्पना की आगामी भूमिका पर रहेगी सबकी नजर

कल्पना मुर्मू सोरेन भले ही पांच महीने के लिए ही सही मगर वह विधानसभा की दहलीज पर पहुंच गयीं. अब कल्पना सोरेन सदन के अंदर अपने तेवर और अंदाज में दहाड़ेंगी. चुनाव जीतने के बाद और आगामी विधानसभा चुनाव में कल्पना सोरेन की पार्टी, चुनाव और सरकार में क्या भूमिका होगी. इसकी चर्चा बहुत अधिक है. राजनीतिक गलियारे में यह कयास लगाए जा रहे हैं कि झारखंड सरकार का नेतृत्व परिवर्तन होगा. सोरेन परिवार में इसकी कोई सुगबुगाहट नहीं है. क्योंकि सोरेन परिवार और खुद पार्टी यह मानकर चल रही है कि मात्र चार महीने के लिए नेतृत्व परिवर्तन करना और कोल्हान टाइगर चंपाई सोरेन को नाराज करना कहीं से उचित नहीं होगा. अब जो होगा वह विधानसभा चुनाव के बाद ही होगा.

## झारखंड में लोकसभा चुनाव : 14 सीटों पर विधानसभावार पार्टियों की स्थिति

**रांची : भाजपा को पांच विधानसभा में बढ़त, कांग्रेस एक पर आगे**

| यशस्विनी सहाय | (कांग्रेस) | संजय सेठ (भाजपा) | देवेंद्र नाथ महतो |
|---|---|---|---|
| हटिया | 130023 | 156593 | 1796 |
| रांची | 80854 | 11678 | 515 |
| खिजरी | 113868 | 97535 | 23043 |
| सिल्ली | 34846 | 57281 | 49362 |
| ईचागढ़ | 58784 | 96724 | 38564 |
| कांके | 119271 | 139164 | 17246 |
| **लोहरदगा : सभी विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस को बढत, चमरा विशुनपुर में भी पिछड़े** | | | |
| विधानसभा | भाजपा | कांग्रेस | चमरा लिंड़ा |
| मांडर | 82466 | 131383 | 13492 |
| सिसई | 62288 | 88282 | 3498 |
| गुमला | 61799 | 81242 | 2791 |
| बिशुनपुर | 63076 | 77895 | 13276 |
| लोहरदगा | 70056 | 97310 | 12025 |
| **राजमहल : झामुमो को सभी विधानसभा क्षेत्र में बढ़त** | | | |
| विधानसभा | भाजपा | | झामुमो |
| राजमहल | 106045 | | 109642 |
| बोरियो(एसटी) | 74876 | | 77537 |
| बरहेट(एसटी) | 52629 | | 76068 |
| लिटिपारा(एसटी) | 54970 | | 80348 |
| पाकुड़ | 80557 | | 159343 |
| महेशपुर(एसटी) | 61467 | | 104355 |
| **दुमका : सीता सोरेन ने अपने विस क्षेत्र जामा में बढ़त बनाई** | | | |
| विधानसभा | भाजपा | | कांग्रेस |
| सिकरीपाड़ा(एसटी) | 62639 | | 879780 |
| नाला | 95700 | | 74041 |
| जामताड़ा | 90859 | | 126013 |
| दुमका(एसटी) | 89211 | | 78778 |
| जामा(एसटी) | 74932 | | 69246 |
| सारठ | 107373 | | 106241 |
| **गोड्डा : प्रदीप यादव अपने विस क्षेत्र में भी पिछड़ गये** | | | |
| विधानसभा | भाजपा | | कांग्रेस |
| जरमुंडी | 107082 | | 62648 |
| मधुपुर | 119956 | | 128833 |
| देवघर(एससी) | 153449 | | 111711 |
| पोरैयाहाट | 101676 | | 93136 |
| गोड्डा | 107698 | | 90601 |
| महगामा | 99018 | | 99139 |
| **चतरा : मंत्री भोक्ता के विस से पिछड़े केएन त्रिपाठी** | | | |
| विधानसभा | भाजपा | | कांग्रेस |
| सिमरिया(एससी) | 140884 | | 66271 |
| चतरा(एससी) | 143867 | | 76022 |
| मनिका(एसटी) | 70459 | | 72045 |
| लातेहार(एससी) | 96840 | | 79579 |
| पांकी | 116862 | | 54193 |
| **पलामू : मंत्री मिथिलेश के गढ़ में भी पिछड़ी ममता** | | | |
| विधानसभा | भाजपा | | राजद |
| डालटनगंज | 155023 | | 72747 |
| बिश्रामपुर | 119685 | | 69188 |
| छतरपुर(एससी) | 95985 | | 71382 |
| हुसैनाबाद | 88445 | | 68972 |
| गढ़वा | 150077 | | 92415 |
| भवनाथपुर | 153075 | | 98964 |
| **हजारीबाग लोकसभा : मांडू से भी पिछड़े जेपी पटेल** | | | |
| विधानसभा | भाजपा | | कांग्रेस |
| बरही | 133167 | | 51988 |
| बड़कागांव | 133579 | | 74548 |
| रामगढ़ | 108110 | | 70517 |
| मांडू | 118677 | | 86609 |
| हजारीबाग | 153883 | | 87979 |
| **खूंटी : अर्जुन मुंडा अपने गृह विधानसभा क्षेत्र में भी पिछड़े** | | | |
| विधानसभा | भाजपा | | कांग्रेस |
| खरसावां(एसटी) | 74960 | | 89910 |
| तमाड़(एसटी) | 69798 | | 75786 |
| तोरपा(एसटी) | 43840 | | 79260 |
| खूंटी(एसटी) | 48804 | | 96399 |
| सिमडेगा(एसटी) | 72273 | | 81691 |
| कोलेबिरा(एसटी) | 48401 | | 80951 |
| **सिंहभूम : सीएम चंपाई के विधानसभा में जोबा को मिले कम वोट** | | | |
| विधानसभा | भाजपा | | कांग्रेस |
| सरायकेला(एसटी) | 118773 | | 98488 |
| चाईबासा(एसटी) | 45338 | | 104833 |
| मझगांव(एसटी) | 35171 | | 95164 |
| जगन्नाथपुर(एसटी) | 49105 | | 70082 |
| मनोहरपुर(एसटी) | 48587 | | 76263 |
| चक्रधरपुर(एसटी) | 52032 | | 71159 |
| **जमशेदपुर : समीर मोहती आपने विधानसभा क्षेत्र में भी पिछड़े** | | | |
| विधानसभा | भाजपा | | झामुमो |
| बहरागोड़ा | 101784 | | 71959 |
| घाटशिला(एसटी) | 88042 | | 87252 |
| पोटका(एसटी) | 111554 | | 99507 |
| जुगसलाई(एससी) | 139852 | | 83093 |
| जमशेदपुर पूर्व | 145482 | | 40712 |
| जमशेदपुर पश्चिम | 133172 | | 77474 |
| **कोडरमा : विनोद सिंह बगोदर में भी पिछड़े** | | | |
| विधानसभा | भाजपा | | माले |
| कोडरमा | 159250 | | 64141 |
| बरकट्ठा | 152750 | | 55874 |
| धनवार | 117425 | | 73338 |
| बगोदर | 135480 | | 76229 |
| जमुआ(एससी) | 115578 | | 61112 |
| गांडेय | 106702 | | 82251 |
| **गिरिडीह : मथुरा डुमरी में भी पीछे** | | | |
| विधानसभा | आजसू | झामुमो | जेबीकेएसएस |
| गिरिडीह | 86901 | 72082 | 21786 |
| डुमरी | 55421 | 52193 | 90541 |
| गोमिया | 66488 | 58828 | 70828 |
| बेरमो | 84651 | 59183 | 53393 |
| टुंडी | 72838 | 73771 | 59421 |
| बाघमारा | 81597 | 51140 | 46272 |
| **धनबाद : अपने ही गढ़ में पिछड़ी अनुपमा** | | | |
| विधानसभा | भाजपा | | कांग्रेस |
| बोकारो | 167044 | | 102141 |
| चदनक्यारी(एससी) | 100177 | | 43717 |
| सिन्दरी | 128476 | | 87239 |
| निरसा | 139319 | | 70979 |
| धनबाद | 151379 | | 89412 |
| झरिया | 96028 | | 58870 |



## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** पंच ग्रही योग धन भाव में बन रहा है. धन का आगमन होगा. किया गया कार्य का सही लाभ मिलेगा. समय अनुकूल है. वरिष्ठों से संबंध मधुर होंगे, परन्तु सहकर्मियों से मनमुटाव व टकराहट हो सकती है, इसलिए असावधानी न बरतें.

**वृषभ** मानसिक उलझन वाला दिन होगा. विदेश से लाभ होगा. खर्च में वृद्धि होगी, पर बाहर से कोई शुभ समाचार मिलेगा. आपकी सृजनात्मकता आपको अन्य साथियों से आगे ले जायेगी. किसी करीबी से धोखा मिल सकता है.

**मिथुन** खर्च में वृद्धि होगी, पर आय के लिए किया गया सार्थक प्रयास लाभ देगा. आर्थिक स्थिति पूरी तरह से सामान्य रहेगी, धन की आवक सामान्य तौर पर बनी रहेगी, वहीं खर्च भी बढ़ सकते हैं. अपना धन किसी को उधार न दें.

**कर्क** समय लाभ का मौका देगा. बस कर्म पर ध्यान दें. समाज में मान-सम्मान मिलेगा. परिवार में सुख शांति भरपूर रहेगी. किसी शुभ कार्य के होने का संकेत भी सितारे दे रहे हैं. किसी विवाद में न पडें. अन्न का दान करें.

**सिंह** पिता के कार्य में हाथ बटाएं, लाभ होगा. धार्मिक यात्रा सुखद और मनोरंजक होगी. जीवनसाथी से संबंध थोड़े बेहतर होंगे. क्या न करें- आज कहीं पैसा फंसने का भी योग बन रहा है और कोई भी जोखिम भरा कार्य ना करें.

**कन्या** आपकी नासमझी के कारण किसी से विवाद होगा. दिल के बदले दिमाग से कार्य करें. आप कार्य में अपनी पसंदीदा चीजों की तरफ ध्यान देंगे. किसी करीबी से धोखा मिल सकता है, अतः आंखें बंद करके किसी पर विश्वास न करें.

**तुला** किसी से बेकार में बहस हो सकती है. जुबान पर नियंत्रण आवश्यक है. किसी नए शौक की तरफ रुझान रहेगा, जबकि स्पोर्ट्स, योग आपको तरोताजा होने में मदद करेंगे. कुछ गुप्त शत्रु नुकसान पहुंचा सकते हैं, अतः सतर्क रहें.

**वृश्चिक** ऋण लेने की नौबत आएगी. मेहनत ज्यादा करनी होगी. आपको एकाग्र होने में मदद मिलेगी और आप खुद को तरोताजा महसूस करेंगे. अपने रुझान में कूटनीतिक रहने की कोशिश करें और विवाद न करें.

**धनु** शिक्षा में सुधार होगा. प्रेम में धोखा मिलेगा. गलतफहमियां दूर कर सकेंगे और नए वादे किए जाएंगे. मेहनत एवं अनुभव द्वारा कुछ नवीन स्थिति को पाएंगे. विषम परिस्थितियों में साहस न खोएं. गुरु मंत्र जाप करें.

**मकर** मां के स्वास्थ्य पर ध्यान दें. विदेशी कारोबार से जुड़े लोगों को अच्छे लाभ का योग है. पिता और उच्च अधिकारियों का सहयोग मिलेगा. बिना बात के किसी से भी उलझना भारी पड़ सकता है. आलस त्यागें.

**कुंभ** भाई के लिए किया गया कार्य लाभ देगा. आपके परिश्रम को उचित सम्मान मिलेगा एवं नयी जिम्मेदारी का भार भी आपके कंधों पर डाली जायेगी. नियमित जीवनचर्या एवं संयमित खानपान में कोताही न बरतें.

**मीन** आय होगी, पर कार्य बनने में बाधा होगी. पैतृक संपत्ति का लाभ होगा. अपने कामकाज को बढ़ाने में सफल होंगे. कार्य से सम्बंधित यात्राओं का लाभ मिलेगा. किसी वाद-विवाद के कारण किसी प्रकार का नुकसान होने से बचें.

हजारीबाग, धनबाद, मनोहरपुर और शिकारीपाड़ा के विधायक सांसद में हुए प्रमोट

# विधानसभा में भी दिखेगा बदला-बदला सा नजारा, खाली नजर आएंगी चार सीटें

रवि भारती। रांची

इस बार विधानसभा के मॉनसून सत्र में बदला-बदला सा नजारा दिखेगा. चार सीटें खाली भी नजर आएंगी. हजारीबाग, धनबाद, मनोहरपुर और शिकारीपाड़ा के विधायक अब सांसद में प्रमोट हो गये हैं. इस कारण मनीष जायसवाल, ढुल्लू महतो, जोबा मांझी और नलिन सोरेन संसद में नजर आएंगे. वहीं बागी और दूसरे दलों से लोकसभा चुनाव लड़ने वाले विधायकों के बैठने की व्यवस्था का भी दिलचस्प नजारा विधानसभा के अंदर दिखेगा.

झामुमो के बोरियो विधायक लोबिन हेंब्रम और विशुनपुर से झामुमो विधायक चमरा लिंडा भी सत्ता पक्ष की ओर बैठे नजर आएंगे. इसकी वजह यह है कि सभी को अपने-अपने दल की ओर से जारी ह्विप का पालन करना ही होगा. पार्टी स्तर से जारी ह्विप का पालन संवैधानिक बाध्यता होगी. ऐसा नहीं करने पर जरूरी प्रावधानों के तहत उन पर अनुशासनात्मक और वैधानिक कार्रवाई भी हो सकती है.

**सीता का इस्तीफा अब तक स्वीकार नहीं, सत्ता पक्ष की तरफ ही बैठेंगी :** सीता सोरेन ने विधायक पद से इस्तीफा तो दे दिया है, लेकिन अब तक इस्तीफा स्वीकार नहीं किया गया है. उन्होंने इस्तीफा अपनी बेटी के मेल से भेजा था. स्पीकर न्यायाधिकरण ने सीता सोरेन से इस्तीफा की मूल प्रति मांगी है. उन्होंने अब तक मूल प्रति नहीं दी है, इसलिए इस्तीफे पर फैसला नहीं लिया जा सका है. उनके मामले में फैसला लिए जाने तक सदन के भीतर वे झामुमो विधायक के तौर पर ही दिखेंगी.

### जेपी पटेल का मामला स्पीकर कोर्ट में, विपक्ष की ओर बैठे नजर आएंगे

भाजपा के विधायक जयप्रकाश भाई पटेल के विरुद्ध स्पीकर के न्यायाधिकरण में शिकायत दर्ज हो चुकी है. न्यायाधिकरण से उन्हें नोटिस जारी हो चुका है. उन्हें चार मई तक नोटिस का जवाब खुद या अधिवक्ता के माध्यम से भेजना था, पर उन्होंने जवाब देने के लिए समय की मांग की थी. न्यायाधिकरण की ओर से उन्हें जवाब देने के लिए छह जून तक का समय दिया गया है. इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी. ऐसी स्थिति में पटेल एक बार फिर सदन के भीतर भाजपा की ओर ही बैठे दिख सकते हैं.

सीता और गीता फ्लॉप, पटेल को भी जनता ने दिखाया किनारे का रास्ता

## झारखंड में दलबदलू नेताओं की नहीं गली दाल, मिली करारी हार

**रांची।** लोकसभा चुनाव में दलबदलु नेताओं की नहीं चल पायी. जनता ने उन्हें किनारे का रास्ता दिखा दिया. चुनाव में उन्हें करारी हार का सामना करना पड़ा. चुनाव से ठीक पहले इन नेताओं ने टिकट के लिए पाला बदला था. इसमें से दो ने भाजाप का और एक ने कांग्रेस का दामन थामा. चुनाव जीतने का दंभ भी भरा. भाजपा और कांग्रेस के स्टार प्रचारकों ने भी उन्हें जिताने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ी.इसके बावजूद उन्हें करारी शिकस्त मिली.

**कमल नहीं खिला पाई सीता :** चुनाव से ठीक पहले जामा से झामुमो विधायक सीता सोरेन ने पार्टी से इस्तीफा देकर भाजपा का दामन थाम लिया. इसके बाद भाजपा ने सुनील सोरेन का टिकट काट कर दुमका से सीता सोरेन को टिकट दिया. दुमका में पीएम मोदी सहित भाजाप के स्टार प्रचारकों ने पूरी ताकत झोंक दी थी, लेकिन सीता सोरेन दुमका में कमल नहीं खिला पाई. उन्हें अपनी पुरानी पार्टी झामुमो के नलिन सोरेन ने करारी शिकस्त दी.

### हाथ मजबूत नहीं कर पाये जेपी पटेल, दावा उल्टा पड़ा

भाजपा विधायक जेपी पटेल चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस में शामिल हो गए. कांग्रेस ने उन्हें हजारीबाग से टिकट भी दिया. टिकट मिलने के बाद जेपी पटेल ने जीत का दावा किया. लेकिन उनका दावा उल्टा पड़ गया. वे हजारीबाग से कांग्रेस का हाथ मजबूत नहीं कर पाये. उन्हें भाजपा उम्मीदवार मनीष जायसवाल से करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा. जनता ने जेपी पटेल को सिरे से नकार दिया.

### गीता कोड़ा को भी जनता ने किनारे का रास्ता दिखाया

काफी तामझाम से कांग्रेस की सिटिंग सांसद रहीं गीता कोड़ा ने एन चुनाव के वक्ता भाजपा का दामन थामा. पीएम नरेंद्र मोदी सहित भाजपा नेताओं ने सिंहभूम में अपनी ताकत झोंक दी. लेकिन गीता कोड़ा सिंहभूम में कमल नहीं खिला पाईं. उन्हें झामुमो की जोबा मांझी ने बड़े अंतर से करारी शिकस्त दी.

## भाजपा ने चुनाव आयोग को शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने पर दी बधाई

**रांची।** भाजपा का प्रतिनिधिमंडल सुधीर श्रीवास्तव के नेतृत्व में बुधवार को चुनाव आयोग पहुंचा और शांतिपूर्ण, हिंसामुक्त चुनाव कराने के लिए झारखंड के सीइसी सहित सभी पदाधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं दी.सुधीर श्रीवास्तव ने बताया की साफ सुथरा, हिंसा मुक्त चुनाव होने से न सिर्फ राज्य के लोग खुश होते हैं, बल्कि देश का नाम भी ऊंचा होता है. इस गर्मी में जिस तरह चुनाव आयोग और चुनाव में लगे जितने भी पदाधिकारी और कर्मचारी थे. बूथ पर उपस्थित पीठासीन पदाधिकारी से लेकर जिला पुलिस, केंद्रीय सुरक्षा बल और बाहर राज्य से आये पुलिस बल के जावानों ने भी निष्पक्षतापूर्वक कार्य किया है, जो प्रशंसनीय है. इसके अलावा भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग से आग्रह किया कि आनेवाले विधानसभा चुनाव में किसी वोटर का नाम वोटर लिस्ट में छूटे नहीं और किसी का नाम डिलीट न हो, इस पर ध्यान रखा जाए.

## 12 विधायकों की थी सांसद बनने की चाहत, चार सफल हुए

**रांची।** झारखंड के दर्जन भर विधायक संसदीय चुनाव में किस्मत आजमाने उतरे थे. हजारीबाग से विधायक मनीष जायसवाल, धनबाद से ढुल्लू महतो, दुमका से नलिन सोरेन, सिंहभूम से जोबा मांझी ही चुनाव जीत सके. झामुमो से बगावत कर लोबिन हेंब्रम व चमरा लिंडा ने चुनाव लड़ा, हार गये. बहरागोड़ा के विधायक समीर मोहंती ने जमशेदपुर से चुनाव लड़ा, लेकिन हार गये. जामा विधायक रहीं सीता सोरेन चुनाव से पहले भाजपा में शामिल हुईं, हार गईं. वहीं टुंडी विधायक मथुरा महतो ने चुनाव लड़ा, लेकिन जीत न सके. मांडू के भाजपा विधायक रहे जयप्रकाश भाई पटेल कांग्रेस के टिकट पर हजारीबाग से लड़े, हार गये. पोड़ैयाहाट के विधायक प्रदीप यादव भी गोड्डा से हार गये. झामुमो विधायक नलिन सोरेन ने सीता सोरेन को दुमका से हरा कर दिल्ली का टिकट बुक किया. सिंहभूम से मंत्री जोबा मांझी ने गीता कोड़ा को हरा कर दिल्ली का रुख किया है.

## मेरी नीतीश कुमार से कोई बातचीत नहीं हुई: चंपाई

**रांची।** सीएम चंपाई सोरेन ने कहा है कि राजनीति के हर मोड़ पर लोग मिलते-जुलते रहते हैं. इसमें कोई दिक्कत नहीं है. उन्होंने यह भी कहा कि मेरी नीतीश कुमार से कोई बातचीत नहीं हुई है. अगर हमारे साथी दल में से किसी ने नीतीश कुमार से बात की होगी, तो इसकी मुझे जानकारी नहीं है. वे बुधवार को दिल्ली में मीडिया से बातचीत कर रहे थे. उन्होंने कहा कि राजनीति में सभी दलों के साथ मुलाकात होती रहती है. यहां कोई भी अछूता नहीं है. बताते चलें कि एनडीए के घटक दल टीडीपी और जदयू किंगमेकर की भूमिका में आ गये हैं. अब केंद्र में सरकार बनाने के लिए भाजपा, टीडीपी के चंद्रबाबू नायडू और जदयू के नीतीश कुमार पर निर्भर हो गई है.

- राजनीति के हर मोड़ पर लोग मिलते-जुलते तो रहते ही हैं

# जेबीकेएसएस ने खड़े किए आठ प्रत्याशी, गिरिडीह, कोडरमा रांची, हजारीबाग और सिंहभूम में रहे तीसरे स्थान पर

मुख्य संवाददाता। रांची

लोकसभा चुनाव में झारखंड की राजनीति में एक नए चेहरे ने अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज की है. साथ ही पार्टी राज्य की 4 लोकसभा सीटों में पहली बार जितनी लेकर आयी है, वह किसी भी राजनीतिक दल के लिए लंबी लकीर के समान है. जयराम गिरिडीह लोकसभा में तीसरे स्थन पर रहे, लेकिन 3 लाख 47 हजार 322 वोट लाकर यह साबित कर दिया कि झारखंड की राजनीति में उनकी मजबूत पकड़ है. जयराम की दमदार उपस्थिति का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि वे मथुरा महतो से मात्र 23 हजार वोटों से ही पीछे रहे. जयराम की पार्टी झारखंडी भाषा संघर्ष समिति (जेबीकेएसएस) ने आठ लोकसभा सीटों पर प्रत्याशी खड़े किए थे. इनमें गिरिडीह में तो बेहतर प्रदर्शन किया ही, इसके साथ रांची लोकसभा सीट में 132647 वोट, हजारीबाग लोकसभा में 157977 वोट लाकर दिग्गज राजनीति धुरंधर को भी चुनाव में हांफने पर मजबूर कर दिया. आने वाले विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी का जोरदार हस्तक्षेप होगा, यह तय माना जा रहा है. झारखंड की राजनीति में जयराम महतो के उदय से आजसू और झामुमो के लिए खतरे की घंटी बज गई है. अबतक स्थानीय वोटों पर इन्हीं दो पार्टियों का कब्जा रहता था, लेकिन अब जयराम महतो के रूप में एक तीसरा मजबूत विकल्प झारखंड में सामने आ गया है.

### आजसू और झामुमो के लिए खतरे की घंटी

**जेबीकेएसएस के प्रत्याशी और मिले वोट**

| लोकसभा | प्रत्याशी | मिले वोट | वोट प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| गिरिडीह | जयराम महतो | 3,47,322 | 27.46 |
| रांची | देवेंद्रनाथ महतो | 1,32,647 | 9.16 |
| हजारीबाग | संजय मेहता | 1,57,977 | 12.49 |
| धनबाद | इकलाक अंसारी | 79,653 | 5.58 |
| सिंहभूम | दामोदर सिंह हंसदा | 44,292 | 4.4 |
| कोडरमा | मनोज यादव | 28,310 | 2.09 |
| चतरा | दीपक गुप्ता | 12,566 | 1.16 |
| दुमका | बेनीलता टुडू | 19,360 | 1.63 |

**लापरवाही** 31 मई को अध्यक्ष जस्टिस अभिताभ गुप्ता का कार्यकाल हो गया समाप्त

# अध्यक्ष विहीन झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग

रवि भारती। रांची

झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग एक बार फिर अध्यक्ष विहीन हो गया है. आयोग के अध्यक्ष जस्टिस अमिताभ गुप्ता का कार्यकाल 31 मई को समाप्त हो गया. अब आयोग में सिर्फ मेंबर तकनीक और मेंबर लॉ महेंद्र प्रसाद ही बचे हैं. ऐसे में 2024-25 के लिए बिजली दर निर्धारण में देरी होगी. वहीं आयोग में नई नियुक्ति भी नहीं हो पा रही है. पिछले साल नवंबर में आयोग ने अफसरों की नियुक्ति का विज्ञापन निकाला था, लेकिन आठ महीने बीतने के बाद भी नियुक्ति नहीं हो सकी है.

### 58 लाख बिजली उपभोक्ताओं की कौन सुनेगा

एक तरफ झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग बिजली की नई दर जारी करने की तैयारी में जुटा है, तो दूसरी तरफ राज्य के 58 लाख उपभोक्ताओं की शिकायतों को कोई सुनने वाला नहीं है. उपभोक्ताओं की शिकायतों के निवारण के लिए हर लाइसेंसी को कंज्यूमर ग्रिवांस रिड्रेसल फोरम का गठन करना था. फोरम का गठन तो हुआ, लेकिन अध्यक्ष नहीं होने से कामकाज बाधित हो रहा है. फोरम में डिस्ट्रिक्ट जज स्तर के अधिकारी की नियुक्ति होनी है.

### पलामू के फोरम में भी अध्यक्ष की नहीं हुई नियुक्ति

पलामू के बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों को सुनने वाला कोई नहीं है. पलामू में कंज्यूमर ग्रिवांस रिड्रेसल फोरम में पिछले चार साल से अध्यक्ष की नियुक्ति नहीं हो पाई है. वहीं रांची में भी अध्यक्ष का पद खाली हो गया है. चाईबासा में 22 मई 2022 से अध्यक्ष का पद खाली पड़ा हुआ है. बोकारो में 19 नवंबर 2021 से अध्यक्ष का पद खाली है, जबकि मेदिनीनगर में सात नवंबर 2019 से अध्यक्ष का पद खाली है.

**क्या है नियम** अगर पावर सप्लाई करनेवाला लाइसेंसी फोरम में अध्यक्ष व सदस्यों की नियुक्ति नहीं करता है, तो विद्युत नियामक आयोग उस लाइसेंसी के खिलाफ कार्रवाई भी कर सकता है. खास बात यह है कि फोरम में उपभोक्ताओं की ओर से एक प्रतिनिधि का होना भी जरूरी है. लेकिन अब तक उपभोक्ताओं की ओर से एक भी फोरम में प्रतिनिधि नहीं है.

### नियुक्ति में भी अब तक फंसा है पेंच

पिछले साल नवंबर में राज्य विद्युत नियामक आयोग में सचिव, लेखा और वित्त अधिकारी और सहायक निदेशक (टैरिफ) के पद पर नियुक्ति का विज्ञापन जारी किया था. इन पदों पर नियुक्ति प्रत्यक्ष, अनुबंध और प्रतिनियुक्ति के आधार पर की जानी है. उम्मीदवारों के अनुभव के आधार पर आयोग चयन करेगा.

### लापुंग व बेड़ो में सुखदेव भगत को मिली बढ़त

**लापुंग।** मांडर विधानसभा क्षेत्र में लोहरदगा के कांग्रेस के प्रत्याशी सुखदेव भगत को 131383 वोट मिले हैं जबकि भाजपा के प्रत्याशी समीर उरांव को केवल 82466 वोट मिले हैं. जीत का अंतर 48917 बताया जा रहा है. जबकि मांडर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लापुग प्रखंड में लोकसभा में कांग्रेस के प्रत्याशी सुखदेव भगत को लापुंग प्रखंड से भाजपा के खिलाफ 4843 वोटों की बढ़त मिली है. चुनाव परिणाम एवं सूत्रों के अनुसार लापुंग प्रखंड के 65 बूथों में हुए चुनाव में कांग्रेस के प्रत्याशी सुखदेव भगत को 17195 वोट मिले जबकि भाजपा के प्रत्याशी समीर उरांव को महज 12352 वोट मिले.

क्लासिफाइड









# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

17वीं लोस भंग करने की अधिसूचना जारी

रांची, गुरुवार 06 जून 2024 ● ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 14 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 58 आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र



# पीएम मोदी ने राष्ट्रपति को सौंपा इस्तीफा

**लगातार न्यूज नेटवर्क। नयी दिल्ली**

**आखिरी कैबिनेट में बोले मोदी- कम नंबर लानेवाले भी उछल रहे हैं**

निवर्तमान पीएम नरेंद्र मोदी ने अपने दूसरे कार्यकाल की आखिरी कैबिनेट मीटिंग बुधवार को की. इसके बाद उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को इस्तीफा सौंप दिया. वह 8 जून को तीसरे कार्यकाल के लिए शपथ ले सकते हैं. इसके पहले 7 जून को संसदीय दल की बैठक होगी.

मोदी ने आखिरी कैबिनेट की बैठक में साथियों से कहा, हार-जीत राजनीति का हिस्सा है. नंबर गेम चलता रहता है. कितनी अच्छी बात है कि हम लोग जीत कर भी शांत हैं. वहीं कम नंबर लाने वाले लोग उछल रहे हैं. बैठक में चुनाव के नतीजों पर भी चर्चा हुई. इस मीटिंग में लोकसभा को भंग करने की सिफारिश की गई और पीएम समेत पूरी कैबिनेट ने इस्तीफा दे दिया. इसके बाद पीएम सीधे राष्ट्रपति भवन पहुंचे और द्रौपदी मुर्मू को इस्तीफा सौंपा. राष्ट्रपति भवन द्वारा जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया कि मोदी ने अपना इस्तीफा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंप दिया जिसे राष्ट्रपति ने स्वीकार कर लिया और उनसे नयी सरकार के कार्यभार संभालने तक पद पर बने रहने को कहा. इसी के साथ नयी लोकसभा के गठन के लिए 17वीं लोकसभा को भंग करने की अधिसूचना जारी कर दी गई है. पीएम के रूप में मोदी ने इससे पहले दूसरे कार्यकाल के मंत्रिमंडल और मंत्रिपरिषद की अंतिम बैठक की. कैबिनेट की बैठक में चुनाव की समीक्षा करने के साथ ही सरकार गठन की संभावित रूपरेखा पर विचार किया. मौजूदा 17वीं लोकसभा का कार्यकाल 16 जून को समाप्त हो रहा है. भाजपा ने 543 सदस्यीय लोकसभा में अपने दम पर 240 सीटें जीती हैं, जबकि उसके नेतृत्व वाले एनडीए (292) को स्पष्ट बहुमत मिला है.

**राष्ट्रपति ने दिया विदाई भोज:** राष्ट्रपति मुर्मू ने देरशाम पीएम मोदी और उनकी कैबिनेट को विदाई भोज दिया. इस भोज में मोदी समेत तमाम विशिष्ट लोग शामिल हुए.




| एनडीए | इंडिया | अन्य |
|---|---|---|
| 293 -50 | 234 +107 | 16 |

**सरकार बनाने की कवायद : सर्वसम्मति से एनडीए की बैठक में पास हुआ प्रस्ताव**

# मोदी ही होंगे पीएम

**लगातार न्यूज नेटवर्क। नयी दिल्ली**

लोकसभा चुनाव के बाद अब सरकार बनाने की कवायद शुरू हो गई है. इसी सिलसिले में बुधवार को एनडीए की पहली बैठक पीएम आवास में शाम 4 बजे हुई. इस बैठक में नरेंद्र मोदी को एनडीए का नेता चुना गया. इस तरह नरेंद्र दामोदरदास मोदी के लगातार तीसरी बार पीएम बनने का रास्ता साफ हो गया है. बैठक में 16 दलों के 21 नेता आए थे.

सूत्रों के मुताबिक, 7 जून को एनडीए के सांसदों की बैठक के बाद राष्ट्रपति के सामने सरकार बनाने का दावा पेश किया जाएगा. मोदी 8 जून को पद की शपथ ले सकते हैं. राजनाथ, अमित शाह और जेपी नड्डा को सभी सहयोगी दलों के साथ वन-टू-वन बात करने और नई सरकार के स्वरूप पर चर्चा करने की जिम्मेदारी दी गई है. एनडीए की बैठक में पीएम मोदी को पिछले 10 साल के कार्यकाल के लिए उन्हें बधाई दी गई और तीसरी बार प्रधानमंत्री पद के लिए लाए गए प्रस्ताव पर सर्वसम्मति से मुहर लगा दी गई. दरअसल, लोकसभा चुनाव के नतीजे 4 जून को घोषित हो चुके हैं. एनडीए गठबंधन गठबंधन के खाते में 293 सीटें आई हैं. वहीं, विपक्षी इंडिया अलायंस को 234 सीटों पर ही संतोष करना पड़ा. एनडीए की बैठक में भाजपा समेत 16 दलों के नेताओं ने शिरकत की. इस बैठक में एक प्रस्ताव पारित किया गया. जिसमें कहा गया कि भारत के 140 करोड़ देशवासियों ने पिछले 10 सालों में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से देश को हर क्षेत्र में विकसित होते देखा है.

प्रस्ताव में आगे कहा गया है कि बहुत लंबे अंतराल, लगभग 6 दशक के बाद भारत की जनता ने लगातार तीसरी बार पूर्ण बहुमत से सशक्त नेतृत्व को चुना है. प्रस्ताव में कहा गया, हम सभी को गर्व है कि 2024 का लोकसभा चुनाव एनडीए ने नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एकजुटता से लड़ा और जीता. हम सभी एनडीए के नेता नरेंद्र मोदी को सर्वसम्मति से अपना नेता चुनते हैं.

नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार भारत के गरीब-महिला-युवा-किसान और शोषित, वंचित व पीड़ित नागरिकों की सेवा करने के लिए प्रतिबद्ध है. भारत की विरासत को संरक्षित कर देश के सर्वांगीण विकास हेतु एनडीए सरकार भारत के जन-जन के जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए कार्य करता रहेगा.

**नई सरकार के लिए राजनाथ सिंह, अमित शाह, जेपी नड्डा करेंगे सभी सहयोगियों से वन टू वन बात, 8 जून को हो सकती शपथ**



**बैठक में 16 पार्टियों के 21 नेता शामिल हुए**

1. नरेंद्र मोदी, पीएम 2. जेपी नड्डा, भाजपा अध्यक्ष 3. राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री 4. अमित शाह, गृहमंत्री 5. चंद्रबाबू नायडू, टीडीपी 6. नीतीश कुमार, जदयू 7. एकनाथ शिंदे, शिवसेना 8. एचडी कुमारस्वामी, जेडीएस 9. चिराग पासवान, लोजपा आर 10. जीतन राम मांझी, हम 11. पवन कल्याण, जेएसपी 12. सुनील तटकरे, राकांपा 13. अनुप्रिया पटेल, अपना दल एस 14. जयंत चौधरी, रालोद 15. प्रफुल्ल पटेल, एनसीपी 16. प्रमोद बोरो, यूपीपीएएल 17. अतुल बोरा, अगप 18. इंद्रा हैंग सुब्बा, एसकेएम 19. सुदेश महतो, आजसू 20. राजीव रंजन सिंह, जदयू 21. संजय झा, जदयू.

## ...तीसरे कार्यकाल में पुरानी प्रतिबद्धता या हार का दवाब होगा

**सुरजीत सिंह**

**त्वरित टिप्पणी**

यह लगभग तय है कि केंद्र में एनडीए की सरकार बनेगी और निवर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे. अपने तीसरे कार्यकाल में मोदी पुरानी प्रतिबद्धताओं को जारी रखेंगे, पहले की तरह ही सख्त फैसले लेते रहेंगे या फिर बहुमत तक ना पहुंचने और इंडिया ब्लॉक को जनता का समर्थन मिलने का दवाब दिखेगा. भाजपा और एनडीए के दो सबसे बड़े घटक दल जेडीयू और टीडीपी की प्राथमिकताओं में बहुत बड़ा विरोधाभास है. मोदी इसे कैसे साधेंगे, यह देखना दिसचस्प होगा. भाजपा जाति आरक्षण का विरोध करती रही है, जबकि नीतीश कुमार इसके सबसे बड़े समर्थक हैं. उन्होंने बिहार में इसे कराया भी है. इसी तरह मुसलमानों को लेकर भाजपा और टीडीपी के रास्ते बिल्कुल विपरीत सोच वाला है.

इन सबसे ऊपर, इस चुनाव का सबसे बड़ा सच यह है कि भले ही भाजपा 240 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी है, उसे बहुमत नहीं मिला है. जनता जनार्दन ने कांग्रेस और इंडिया ब्लॉक के वादों पर भी भरोसा जताया है. कांग्रेस को 99 सीटें मिली हैं, जबकि इंडिया ब्लॉक को 234 सीटें. बंगाल में टीएमसी और उत्तर प्रदेश में सपा पर मतदाताओं के एक बड़े समूह ने भरोसा जताया है. जिस कारण भाजपा बहुमत से पीछे रह गई है. ऐसी स्थिति में नरेंद्र मोदी के सामने इंडिया ब्लॉक ने वादे किए हैं, उसे दूसरे रूप में ही सही, लागू करना बड़ी चुनौती होगी.

इंडिया ब्लॉक ने जो बड़े वायदे किये, उनमें गरीब महिलाओं को हर साल एक-एक लाख रुपया देने, अग्निवीर योजना को खत्म करने, मजदूरों की आय दोगुनी करने, 30 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देने, ग्रेजुएशन करने वाले हर युवक-युवती को निजी क्षेत्र की कंपनियों में सरकारी खर्चे पर एक साल तक एप्रेंटिस (प्रशिक्षु) की व्यवस्था करने, किसानों के लिए एमएसपी को कानून का दर्जा देने व सारे कर्ज माफ करने और जाति जनगणना व आर्थिक-सामाजिक सर्वेक्षण कराना शामिल है. यह तय है कि नौकरी के वादे की वजह से युवकों का रुझान कांग्रेस की तरफ बढ़ा है. किसानों व महिलाओं का समर्थन भी मिला है. ऐसे में यह सवाल उठ रहा है कि मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में इन वादों को किसी दूसरे तरीके से लागू करने का दवाब रहेगा या मोदी सरकार इसकी परवाह नहीं करेगी.

## जनादेश मोदी के खिलाफ: खरगे

- संविधान की प्रस्तावना में आस्था रखने वाले दलों का गठबंधन में स्वागत है
- 'इंडिया' की बैठक में शामिल हुए सीएम चंपाई और कल्पना समेत सभी बड़े नेता



दिल्ली में हुई इंडिया गठबंधन की बैठक. इसमें झामुमो की तरफ से शामिल हुए सीएम चंपाई सोरेन और कल्पना सोरेन.

**लगातार न्यूज नेटवर्क। नयी दिल्ली**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने इंडिया गठबंधन के नेताओं की बैठक के बाद बुधवार को कहा, इस गठबंधन में उन सभी दलों का स्वागत है, जो संविधान की प्रस्तावना में अटूट आस्था रखते हैं और इसके आर्थिक, सामाजिक तथा राजनीतिक न्याय के उद्देश्यों को लेकर प्रतिबद्ध हैं.

खरगे ने कहा, हम सही समय का इंतजार करेंग. हम एकजुट होकर पूरी ताकत के साथ चुनाव लड़े. मोदी जनमत को नकारने की कोशिश करेंगे. ये मोदी की राजनीतिक हार है. हम मोदी के खिलाफ लड़ते रहेंगे. यह जनादेश मोदी की नीतियों के खिलाफ है. हमारी बैठक में नेताओं से मौजूदा राजनीतिक हालात पर सुझाव आए और चर्चा हुई. हमारे गठबंधन को मिले भारी समर्थन के लिए जनता का आभार व्यक्त करते हैं. जनादेश ने बीजेपी और उसकी नफरत, भ्रष्टाचार की राजनीति को करारा जवाब दिया है. यह जनादेश भारत के संविधान की रक्षा और महंगाई, बेरोजगारी, क्रोनी पूंजीवाद के खिलाफ और लोकतंत्र को बचाने के लिए है. इंडिया गठबंधन मोदी के नेतृत्ववाली बीजेपी के फासीवादी शासन के खिलाफ लड़ाई जारी रखेगा.

राहुल गांधी ने कहा, इंडिया भारत की आवाज है. इस आवाज ने अपना निर्णय साफ-साफ सुना दिया है. देश की जनता ने लोकतंत्र और संविधान की रक्षा में अपना पूरा जोर लगा दिया है और इस संकल्प को हम पूरी शक्ति के साथ आगे बढ़ाएंगे.

**सभी नेता हुए शामिल :** बैठक में खरगे सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, शरद पवार (एनसीपी एस), तेजस्वी यादव (राजद), अखिलेश यादव (सपा), अभिषेक बनर्जी (टीएमसी), चंपाई सोरेन, कल्पना सोरेन (झामुमो), एमके स्टालिन (द्रमुक), सीताराम येचुरी (माकपा), संजय सिंह (आप), उमर अब्दुल्ला (नेशनल कांफ्रेंस), डी राजा (भाकपा), संजय राउत (शिवसेना यूबीटी) समेत गठबंधन के कई अन्य नेता भी शामिल हुए. बैठक के दौरान माहौल बेहद खुशनुमा रहा.

### जदयू समेत एनडीए के सहयोगियों ने सौंपी मांगों की लिस्ट

# नीतीश चाहते हैं बिहार में हों जल्दी विस चुनाव

**लगातार न्यूज नेटवर्क। नयी दिल्ली**

एनडीए के सहयोगियों ने केंद्र में सरकार गठन से पहले ही बीजेपी पर दवाब बनाना शुरू कर दिया है. किंगमेकर की भूमिका में आ चुके बिहार के सीएम नीतीश कुमार की पार्टी जदयू पीएम मोदी की बीजेपी से तगड़ा मोलभाव करनेवाला है. जदयू ने बिहार में जल्दी विस चुनाव कराने के साथ देश में जाति जनगणना, बिहार को विशेष दर्जा, कैबिनेट में कम से कम पांच मंत्री पद की मांग की है.

बताया जा रहा है कि नीतीश की रेलवे, ग्रामीण विकास और जल संसाधन जैसे अहम मंत्रालयों पर नजर है. वे एनडीए की बैठक में हिस्सा लेने बुधवार को दिल्ली पहुंचे थे. जदयू के एक नेता ने नाम न छापने की शर्त पर कहा, नीतीश बिहार की जाति गणना का मॉड्यूल पूरे देश में लागू कराना चाहते हैं, ताकि गरीब और पिछड़े तबके के लोगों को मुख्य धारा में लाया जा सके. बता दें कि पिछले साल बिहार में जाति गणना की रिपोर्ट के आधार पर आरक्षण का दायरा 75% तक बढ़ा दिया गया. साथ ही नीतीश सरकार गरीब परिवारों को 2 लाख की आर्थिक मदद करने की योजना भी लेकर आई है. इसके अलावा सीएम नीतीश कुमार एनडीए के पक्ष में अनुकूल माहौल का लाभ उठाने के लिए राज्य में जल्दी विधानसभा चुनाव कराने के लिए भी उत्सुक हैं. मौजूदा विधानसभा का कार्यकाल नवंबर 2025 को समाप्त होगा. देखना है कि उनकी कितनी बात मानी जाती है.

### बाकी सहयोगियों की मांग भी कम नहीं

एनडीए के एक अन्य घटक शिवसेना के एकनाथ शिंदे भी एक कैबिनेट और दो राज्यमंत्री चाहते हैं. लोजपा आर के चिराग पासवान एक कैबिनेट और एक राज्य मंत्री की मांग कर सकते हैं. हम सुप्रीमो जीतन राम मांझी भी मोदी सरकार में कैबिनेट मंत्री बनना चाहते हैं. दूसरी तरफ टीडीपी ने सबसे बड़ी डिमांड लोकसभा स्पीकर पद को लेकर रहने वाली है. कहा जा रहा है कि नायडू 5-6 मंत्रालयों की मांग कर सकते हैं. इसके साथ चंद्रबाबू नायडू आंध्र प्रदेश के लिए स्पेशल स्टेटस भी मांग सकते हैं. यह उनकी काफी पुरानी मांग रही है. बता दें कि स्पेशल स्टेटस का दर्जा ऐसे राज्यों को दिया जाता है, जो ऐतिहासिक रूप से देश के बाकी हिस्सों की तुलना में पिछड़े हुए हैं. इसका फैसला राष्ट्रीय विकास परिषद (एनडीसी) लेता रहा है. तेलंगाना के अलग होने के बाद से ही चंद्रबाबू नायडू आंध्र प्रदेश के लिए स्पेशल स्टेटस यानी विशेष राज्य का दर्जा मांगते रहे हैं. इसके पीछे उनका तर्क है कि हैदराबाद के तेलंगाना के पास जाने के बाद आंध्र प्रदेश की अर्थव्यवस्था को काफी नुकसान हुआ है. वहीं, जयंत ने कहा है कि हमें इलेक्शन के पहले एक मंत्री पद देने का वादा किया गया था। इसी तरह अनुप्रिया पटेल भी एक मंत्री पद चाहती हैं.

**टीडीपी की संभावित मांग**

- आंध्र को विशेष राज्य का दर्जा
- लोकसभा अध्यक्ष का पद
- पांच कैबिनेट मंत्री पद (कम से कम तीन महत्वपूर्ण मंत्रालय)

**जदयू की संभावित मांग**

- बिहार की तर्ज पर पूरे देश में हो जाति जनगणना
- बिहार को विशेष राज्य का दर्जा
- चार कैबिनेट एक राज्यमंत्री का पद (रेलवे, ग्रामीण विकास व जल संसाधन जैसे मंत्रालय)
- बिहार में जल्द कराए जाएं विधानसभा चुनाव

**लोजपा आर की संभावित मांग**

- कम से कम एक कैबिनेट और एक राज्यमंत्री का पद

**शिवसेना की संभावित मांग**

- कम से कम एक कैबिनेट मंत्री और दो राज्यमंत्री का पद

**जीतन राम मांझी**

- कैबिनेट मंत्री का पद

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 67,900 |
| चांदी (किलो) | 96,000 |

### केजरीवाल को दोहरा झटका

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की कोर्ट ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में स्वास्थ्य आधार पर जमानत देने का आग्रह करने वाली अरविंद केजरीवाल की याचिका बुधवार को खारिज कर दी. विशेष जज कावेरी बावेजा ने तिहाड़ के अधिकारियों को न्यायिक हिरासत में केजरीवाल की चिकित्सकीय जरूरतों का ध्यान रखने का निर्देश दिया. जज ने केजरीवाल की न्यायिक हिरासत भी 19 जून तक के लिए बढ़ा दी. कोर्ट अदालत मामले में वैधानिक जमानत का आग्रह करने वाली केजरीवाल की याचिका पर सात जून को सुनवाई कर सकती है.

**संबोधन** पॉलिटिकल प्रेशर को लेकर चीफ जस्टिस वाईवी चंद्रचूड़ का बड़ा बयान, बोले

# कभी नहीं करना पड़ा राजनीजिक दबाव का सामना

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि चुनाव हमारे संवैधानिक लोकतंत्र का मूल आधार है, वहीं जज व्यवस्था की रक्षा करनेवाले संवैधानिक मूल्यों को सतत बनाए रखने की भावना को प्रदर्शित करते हैं. सीजेआई ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में, समाज में निर्णायकों की मानवीय भूमिका के विषय पर अपनी बात रख रहे थे.

उन्होंने इस दौरान न्यायिक प्रणाली में अधिक पारदर्शिता लाने में प्रौद्योगिकी की भूमिका पर प्रकाश डाला. सीजेआई चंद्रचूड़ ने साफ किया है कि उन्हें कभी भी पॉलिटिकल प्रेशर का सामना नहीं करना पड़ा है. उन्होंने भारत के आम चुनावों को लेकर पूछे गए एक सवाल के जवाब में कहा, चुनाव संवैधानिक लोकतंत्र का मूल आधार है. भारत में न्यायाधीश निर्वाचित नहीं होते और इसका एक कारण यह भी है कि न्यायाधीश हालातों और संवैधानिक मूल्यों को सतत बनाए रखने की भावना को प्रदर्शित करते हैं.

सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा, लोकतंत्र में न्यायपालिका की महत्वपूर्ण भूमिका है, जिसमें हम परंपरा की भावना को प्रदर्शित करते हैं और साथ ही इस भावना को भी प्रदर्शित करते हैं कि एक अच्छे समाज का भविष्य कैसा होना चाहिए. निर्णय सुनाते समय उन्हें जिन राजनीतिक और सामाजिक दबाव का सामना करना पड़ा, उसके बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, न्यायाधीश के रूप में मेरे 24 वर्षों के कार्यकाल में मुझे कभी भी राजनीतिक दबाव का सामना नहीं करना पड़ा.

### फैसले का नहीं करूंगा बचाव, क्योंकि...

सीजेआई ने कहा, हमारा जीवन सरकार की राजनीतिक शाखा से बिल्कुल अलग है. लेकिन स्पष्ट रूप से न्यायाधीशों को अपने निर्णयों के व्यापक राजनीति पर पड़नेवाले प्रभाव से परिचित होना चाहिए. यह राजनीतिक दबाव नहीं है, बल्कि न्यायालय द्वारा किसी निर्णय के संभावित प्रभाव की समझ है. मौजूद विद्यार्थियों ने सीजेआई चंद्रचूड़ से पिछले वर्ष विशेष विवाह अधिनियम पर सुनाए फैसले के बारे में सवाल पूछा, जिसमें भारत में समलैंगिक विवाह को वैध बनाने के खिलाफ फैसला सुनाया गया था. उन्होंने कहा, मैं यहां फैसले का बचाव नहीं करूंगा, क्योंकि एक जज के तौर पर फैसला सुनाए जाने के बाद यह न केवल राष्ट्र की बल्कि वैश्विक मानवता की पूंजी बन जाता है. स्पेशल मैरिज एक्ट संसद द्वारा बनाया गया एक कानून था, जो विषम लैंगिक संबंध में विवाह की परिकल्पना करता है.



**एआई पर सीजेआई की चेतावनी**

टेक्नोलॉजी और एआई पर बात करते हुए चीफ जस्टिस ने कहा कि यह अहम है कि हम न्याय के मानवीय तंत्र को सुनिश्चित करने के लिए टेक्नोलॉजी के उपयोग के पक्ष-विपक्ष को समझें व महत्व दें. एआई भविष्य के लिए असीम संभावनाओं से भरा हुआ है. हमें यह भी पक्का करना चाहिए कि हम एआई को कंट्रोल करने के लिए सुरक्षा उपाय लागू करें और संचार की प्रक्रिया को जज से रोबोट में शिफ्ट न करें. मेरा मानना है कि लोकतंत्र में समाज को और अन्य तरीकों से बहुत कुछ करना पड़ता है. समाज में उठने वाले हर मुद्दे या विवाद को सुलझाने के लिए आप कोर्ट की तरफ नहीं देख सकते.

## पीएम मोदी के फिर आने से शेयर बाजार ने लगाई छलांग

**एजेंसी। मुंबई**



स्थानीय शेयर बाजारों ने बुधवार को जोरदार वापसी की और बीएसई सेंसेक्स 2,300 अंक से अधिक की छलांग लगा गया. एनएसई निफ्टी भी 735 अंक के लाभ में रहा. 30 शेयरों पर आधारित बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 2,303.19 अंक, यानी 3.20 प्रतिशत की बढ़त के साथ 74,382.24 अंक पर बंद हुआ. कारोबार के दौरान एक समय यह 2,455.77 अंक तक चढ़ गया था.

बैंक, वाहन तथा पेट्रोलियम कंपनियों शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी रही. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 735.85 अंक, यानी 3.36 प्रतिशत उछलकर 22,620.35 अंक पर बंद हुआ. कारोबार के दौरान, एक समय यह 785.9 अंक तक चढ़ गया था. एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज़ में भारी लिवाली से बाजार में तेजी आई. एनडीए ने बहुमत के आंकड़े को पार कर लिया. जियोजीत के शोध प्रमुख ने कहा, राजनीतिक स्तर पर स्थिरता सुनिश्चित होने के साथ बाजार में चौतरफा लिवाली से तेजी लौटी... हालांकि, सभी की नजर सरकार के गठन और इस सप्ताह पेश होने वाली मौद्रिक नीति पर होगी. सेंसेक्स में शामिल सभी 30 शेयर लाभ में रहे. इंडसइंड बैंक सात प्रतिशत से अधिक लाभ में रहा.

## ब्रीफ खबरें

### रेलकर्मी के निधन पर शोकसभा

**गोमो ।** गोमो रेलवे के आईओडब्लू-(2) कार्यालय में कार्यरत कर्मचारी हरिद्वार प्रसाद यादव का मंगलवार को अचानक तबियत बिगड़ने से उनकी मौत हो गयी.जानकारी मिलते ही ईसीआरकेयू गोमो शाखा के सभी पदाधिकारी मौके पर पहुंचे तथा वेलफेयर इंस्पेक्टर धनबाद को सूचित कर कागजी प्रक्रिया पूरी कर तत्काल आर्थिक मदद के रूप में उनकी पत्नी को दस हजार रुपया दिया गया. उपरांत आईओडब्लू 2 कार्यालय में पांच मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई. इस मौके पर रूपेश कुमार, डीसी यादव संतोष कुमार निरंजन कुमार सुधीर कुमार सहित कार्यालय के दर्जनों कर्मचारी शामिल थे.

### विद्यार्थियों ने मनाया विश्व पर्यावरण दिवस

**धनबाद ।** बुधवार को श्री श्री सूर्यदेव सिंह स्मृति गुरुकुलम के विद्यार्थियों ने ग्रीष्मावकाश के दौरान अपने अपने घरों और कुछ विद्यार्थी जो जो घर से दूर अन्य राज्य में है सभी ने वृक्षारोपण किया और लोगों को जागरूक किया ताकि लोग इस पर्यावरण दिवस पर पेड़ पौधे लगाकर इस वातावरण को हरा-भरा और सुंदर बनाएं.साथ दिन पर दिन बढ़ते तापमान जलवायु परिवर्तन का एकमात्र समाधान अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए लोगों को जागरूक किया ।विश्व पर्यावरण दिवस पर कक्षा सातवीं से लेकर कक्षा दसवीं तक के विद्यार्थी ने भाग लिया.

### रिसोर्स में लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

**झरिया।** विश्व पर्यावरण दिवस पर झरिया रिसोर्स सेंटर के प्रांगण में बीआरसी के अधिकारी , कर्मियों एवं बच्चों ने बुधवार को आम का पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया. बच्चों ने प्रांगण में कई पौधे लगाए. बीईईओ लीला कुमारी उपाध्याय ने कहा कि पर्यावरण दूषित होने से बच्चों के भविष्य खतरे में है. सभी चारदीवारी वाले विद्यालय में फलदार एवम् छायादार वृक्ष लगाए जायेंगे. सभी विद्यालय में बाल सांसद के पर्यावरण मंत्री को प्रशिक्षित किया जाएगा. इसके लिए जल्द ही गैर सरकारी संस्था के साथ पर्यावरण जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया जायेगा. लीला उपाध्याय ने कहा कि जलवायु परिवर्तन को रोकने हेतु वृहत पैमाने पर पौधा लगाने की आवश्यकता है।

### सीपी चौधरी की जीत पर जश्न

**तेतुलमारी।** वेस्ट मोदीडीह में बुधवार को धनबाद सांसद ढुल्लू महतो व गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी की जीत के खुशी में भाजपा व आजसू समर्थकों ने जश्न मनाया .जीत से उत्साहित कार्यकर्ताओं ने ढुल्लू महतो व चंद्र प्रकाश चौधरी के पक्ष में जमकर नारेबाजी की. इस दौरान लोगों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी. ढुल्लू महतो व चंद्र प्रकाश चौधरी की जीत से भाजपा आजसू सहित क्षेत्र की जनता में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है. लोग जगह-जगह खुशियां मना रहे हैं. यहां विपिन राय, चंदन महतो, बाल्मीकि यादव, जितेंद्र चौहान ,कुलदीप गोस्वामी, रामविहार चौहान, रीता देवी,संदीप कुमार ,संतोष गिरी, लालजीत शाह, अब्दुल साजिद ,प्यारेलाल पासवान एवं अन्य के कार्यकर्ता मौजूद रहे.

# विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण कर न्यायिक पदाधिकारियों ने दिया जागरूकता का संदेश

**सभी जीव और निर्जीव तत्व पर्यावरण का हिस्सा हैं, प्रकृति के बिना मानव जीवन खत्म हो जाएगा**




## पर्यावरण की रक्षा हमारा मौलिक दायित्व : न्यायाधीश

**खास बातें**

- लीगल एड डिफेंस काउंसिल की टीम ने पौधरोपण किया

संवाददाता । धनबाद

**विश्व पर्यावरण दिवस पर लोगों के बीच जागरूकता फैलाने के उद्देश्य सिविल कोर्ट धनबाद में न्यायिक पदाधिकारी, लीगल एड डिफेंस काउंसिल की टीम ने पौधारोपण किया. इस मौके पर जिले के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा ने कहा कि हम अपने अधिकारों को याद रखते हैं लेकिन अपने कर्तव्य को भूल जाते हैं, पर्यावरण का संरक्षण भी हमारा मौलिक दायित्व है. जिला एवं सत्र न्यायाधीश रजनीकांत पाठक ने कहा कि हमारे चारों ओर के सभी जीव और निर्जीव तत्व पर्यावरण का हिस्सा है, प्रकृति के बिना मानव जीवन खत्म हो जाएगा, इस बात से भली भांति परिचित होते हुए भी लोग प्रकृति और पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहे हैं. पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभाव के कारण दुनिया विनाश की ओर जा रही है.**



विश्व पर्यावरण दिवस

प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय तौफीकुल हसन ने कहा कि अत्यधिक बढ़ते तापमान का एक कारण ग्लोबल वार्मिंग है, जो मानव जीवन को बहुत नुकसान पहुंचा सकता है. ऐसे में पर्यावरण के महत्व के बारे में लोगों को जागरूक करके प्रकृति को हो रहे नुकसान को रोका जा सकता है. जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुजीत कुमार सिंह ने कहा कि यह दिन न सिर्फ लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का काम करता है, बल्कि हमें प्रेरित करता है कि हम अपने रोजमर्रा के जीवन में पर्यावरण के प्रति संवेदनशील और जिम्मेदार कदम उठाएं. जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्गेश चंद्र अवस्थी ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को पर्यावरण संरक्षण का महत्व बताना है. अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार राकेश रोशन ने कहा कि झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के निर्देश पर सिविल कोर्ट धनबाद में पौधारोपण का कार्यक्रम वन विभाग के सहयोग से किया गया है वही नगर निगम के सहयोग से उपस्थित अधिवक्ताओं व अन्य लोगों को कूड़ा कचरा प्रबंधन के विषय में जानकारी दी गई. इस मौके पर रजिस्ट्रार सिविल कोर्ट



आई जेड खान, लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के चीफ कुमार विमलेंदु, डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट, सहायक कांउसिल कन्हैया लाल ठाकुर, नीरज गोयल, मुस्कान चोपड़ा, स्वाति कुमारी, सुमन पाठक, शैलेन्द्र झा, पैरा लीगल वालंटियर, सिविल कोर्ट कर्मी, नगर निगम के पदाधिकारी वन विभाग के पदाधिकारी उपस्थित थे.

### रेल प्रबंधक ने बांटे जूट के थैले

**धनबाद ।** धनबाद मंडल रेलवे कार्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर रेल प्रबंधक कमल किशोर सिन्हा द्वारा हरी झंडी दिखाकर डीआरएम कार्यालय से रेलवे स्टेडियम तक प्रभात फेरी की निकाली गई. इसके बाद रेलवे स्टेडियम में मंडल रेल प्रबंधक ने पौधारोपण किया और फिर रेलवे प्लेटफॉर्म पर रेलवे यात्रियों के बीच जूट के बैग बांटे. इसके उपरांत उन्होंने धनबाद स्टेशन के गेट नं. 1 के पास सेल्फी पॉइंट का उद्घाटन किया. भारत स्काउट्स एंड गाइड्स द्वारा नुक्कड़ माध्यम से लोगों में जागरूकता के लिए पर्यावरण संरक्षण को लेकर नाटक का भी मंचन किया गया. मंडल रेल प्रबंधक ने वीआईपी लाउंज में रेल यात्रियों, रेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह किसी एक व्यक्ति का दिन नहीं है, पर्यावरण को बचाने के लिए हम सभी को अपने दैनिक जीवन में बदलाव लाने के साथ-साथ सामूहिक रूप से हर संभव प्रयास करना चाहिए ताकि हमारे द्वारा उठाए गए कदमों से जो परिणाम प्राप्त हो, वह कोई स्थायी परिणाम दे सके. डीआरएम केके सिन्हा ने इस दौरान पर्यावरण को बचाने के लिए सामूहिक रूप से हर संभव प्रयास करने पर जोड़ दिया.मौके पर एडीआरएम विनीत कुमार ,सीनियर डीसीएम अमरेश कुमार सहित अन्य मौजूद थे.





धनबाद विधायक राज सिन्हा ने किया पौधरोपण



चिरकुंडा में किया पौधरोपण



कुल्टी में विश्व पर्यावरण दिवस पर किया पौधरोपण

## एटक बरोरा क्षेत्रीय कमिटी ने किया ढुल्लू को सम्मानित



संवाददाता । बाघमारा

यूनाइटेड कॉल वर्कर्स यूनियन बरोरा क्षेत्रीय कमेटी ने धनबाद के नवनिर्वाचित सांसद ढुल्लू महतो को फुल माला पहनकर व बुके देकर सम्मानित किया. साथ ही यूनियन प्रतिनिधियों ने अपने नवनिर्वाचित सांसद को बधाई दी . यूनियन प्रतिनिधियों ने कहा कि बाघमारा के लाल ने इस बार धनबाद में परचम लहराने का काम किया है. धनबाद लोकसभा की एक-एक समस्या का निदान निश्चित रूप से होगा क्योंकि इस बार धनबाद की कमान जनता ने धरतीपुत्र को दिया है.मौके पर क्षेत्रीय अध्यक्ष एनडी पांडेय संतोष गोराई सुमन पांडेय जगदीश रवानी महादेव नापित नवल किशोर महतो राजीव प्रसाद महतो एच एन गांधी सहित अन्य मौजूद थे.वहीं यूनियन प्रतिनिधियों ने विधायक प्रतिनिधि एटक के वरीय पदाधिकारी शत्रुघ्न महतो को गुलदस्ता देकर सम्मानित किया.

### भाजपा नेता बलराम की अगुवाई में हुआ कार्यक्रम

ढुल्लू महतो की जीत की खुशी में सुभाष चौक गोविंदपुर में भाजपाइयों ने बुधवार को आतिशबाजी की एवं मिठाइयां बांटी1 ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष नंदलाल अग्रवाल ने कहा कि नवनिर्वाचित सांसद धनबाद की समस्याओं का समाधान कराएंगे. उनकी जीत धनबाद की जनता की जीत है. भाजपा नेता बलराम साव की अगुवाई में आयोजित कार्यक्रम में महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष जया कुमार, सुमिता दास मीडिया प्रभारी रति रंजन गिरि, दिनेश मंडल, राजेश दास, बमबम साव, अमरदीप सिंह, कीरिटी भूषण रूज, तालेश्वर साव, संतराम चौधरी, सूरज पांडेय, गोविंद राय, अमृत दास, विश्वनाथ गिरि, तपन मंडल, किशन रवानी, आशीष चन्दा आदि मौजूद थे।

### गोविंदपुर में ढुल्लू की जीत पर जश्न

**गोविंदपुर ।** ढुल्लू महतो की जीत की खुशी में सुभाष चौक गोविंदपुर में भाजपाइयों ने बुधवार को आतिशबाजी की एवं मिठाइयां बांटी1 ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष नंदलाल अग्रवाल ने कहा कि नवनिर्वाचित सांसद धनबाद की समस्याओं का समाधान कराएंगे. उनकी जीत धनबाद की जनता की जीत है. भाजपा नेता बलराम साव की अगुवाई में आयोजित कार्यक्रम में महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष जया कुमार, सुमिता दास मीडिया प्रभारी रति रंजन गिरि, दिनेश मंडल, राजेश दास, बमबम साव, अमरदीप सिंह, कीरिटी भूषण रूज, तालेश्वर साव, संतराम चौधरी, सूरज पांडेय, गोविंद राय, अमृत दास, विश्वनाथ गिरि, तपन मंडल, जग्गू साव, अजय चौधरी, सुभाष घाटी, कानन सेन, दयामय दत्त, गौतम विष्टू, उत्तम सेन, दयामय दत्ता, किशन रवानी, आशीष चन्दा आदि मौजूद थे। भाजपा नेता बलदेव महतो, किशन अग्रवाल, विक्रांत उपाध्याय, किशन महाराज, राजकुमार गिरि आदि ने भी जीत पर प्रसन्नता जताई है.

## डिगवाडीह में बच्चों के लिए समर कैंप

**7 से 16 वर्ष की आयु के 500 बच्चे कैंप में लेंगे भाग**



**खास बातें**

- कैंप का उद्घाटन पंकज दास, हेड झरिया डिवीजन, टाटा स्टील ने किया

संवाददाता ।झरिया

बुधवार को टाटा स्टील फाउंडेशन, झरिया डिवीजन, स्कूली बच्चों के लिए आज से 14 जून तक दस दिनों की अवधि के लिए टाटा फीडर सेंटर, डिगवाडीह में समर कैंप का आयोजन कर रहा है. इस कैंप का उद्घाटन पंकज दास, हेड (एचआरबीपी), झरिया डिवीजन, टाटा स्टील ने किया. इसका उद्देश्य कंपनी के लीजहोल्ड क्षेत्र में स्कूल जाने वाले छोटे बच्चों के बीच खेल-संबंधी गतिविधियों को बढ़ावा देना है.जामाडोबा क्षेत्र के15 स्कूलों के 7 से 16 वर्ष की आयु के कुल 500 बच्चे इस कैंप में भाग लेंगे. बच्चों को अनुभवी प्रशिक्षकों के तहत तीरंदाजी, फुटबॉल और एथलेटिक्स के विषयों में प्रतिदिन सुबह 6 से 8 बजे के बीच प्रशिक्षण दिया जाएगा. भाग लेने वाले सभी बच्चों को पेय पदार्थ उपलब्ध कराए जाएंगे. इस समर कैंप के उद्घाटन सत्र में टाटा स्टील फाउंडेशन के सीनियर सुपरवाइजर मदन सिन्हा, गणेश शर्मा, असिस्टेंट मैनेजर, टाटा स्टील फाउंडेशन; सनोज महतो, सीनियर असिस्टेंट, टाटा स्टील फाउंडेशन, सेंट्रल कोऑर्डिनेशन कमीटी के सदस्य कालीचरण महतो, भागीरथ महतो, और जयचंद महतो सहित ग्रामीण समुदाय के अन्य सदस्य भी शामिल हुए.

## पति की लंबी उम्र के लिए सुहागिनों ने की प्रार्थना



संवाददाता ।महुदा

महुदा क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में बुधवार को महिलाओं ने वट सावित्री की पूजा अर्चना की. सुहागिन महिलाओं ने उपवास रखकर वट वृक्ष की पूजा-अर्चना की. साथ ही अपने पति की लम्बी उम्र की कामना की. महुदा मोड़ स्थित शिव शक्ति धाम में वट वृक्ष में महिलाओं की भीड़ रही. इस मौके पर ब्राह्मनों द्वारा मंत्रोचारण के साथ पूजा सम्पन्न कराया गया. पूजा संपन्न होने के पश्चात महिलाओं ने अपने अपने घरों में प्रसाद वितरण कर उपवास तोड़ा. सावित्री वट वृक्ष पूजा क्षेत्र के महुदा बस्ती, भुरूंगिया, तेलुलिया, सिंगड़ा आदी गांवों में भी किया गया. पौराणिक कथा के अनुसार सुहागन महिलाएं सावित्री को अपना आदर्श मानती हैं. जिन्होंने यमराज से अपने पति को जीत कर लायी थी. इसलिए महिलाएं ज्येष्ट माह के कृष्ण पक्ष चतुर्दशी को उपवास रखकर वट सावित्री की पूजा अर्चना करती हैं. बहुत गांवों में ब्राह्मनों द्वारा महिलाओं को धार्मिक पुराण से सावित्री की कथा सुनाई जाती है, इसके बाद महिलाएं संध्या में फलाहार करती हैं.

### कलशयात्रा के साथ तीन दिवसीय श्री शनि जन्मोत्सव शुरू

**मैथन :** चिरकुंडा क्षेत्र के सोनारडंगाल स्थित श्रीश्री शनिदेव मंदिर में 15 वां तीन दिवसीय श्री शनिजन्मोत्सव मंगलवार को कलश शोभा यात्रा के साथ शुरु हुआ. 251 महिलाएं कलश यात्रा में शामिल हुईं. वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ बराकर नदी से कलश में जल भरकर मंदिर परिसर में स्थापित किया गया. इस दौरान पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया. जय श्री शनिदेव, हरहर महादेव, जय श्री राम की जयघोष की गई. शाम को दीप यज्ञ हुआ. मुख्य यजमान अमित गोयल एवं उनकी पत्नी कविता गोयल शामिल हुए. मानव सेवा परिवार एवं नारायणी परिवार की ओर से कलश यात्रा में शामिल भक्तों को शरबत पिलाई गई. बुधवार को शनिदेव का तेलाभिषेक, कपड़ाभिषेक, विशेष हवन और रात में श्रीश्याम भजन होगा. मौके पर पुजारी पंडित श्याम लाल शर्मा ज्योतिषि, निवर्तमान पार्षद सुशील कुमार चंद्रवंशी, गोपाल सिंह,शशि कुमार, बसंती शर्मा, , संतोष मिश्रा, नंदलाल राउत, तरुण साव आदि थे.



## कलश यात्रा के साथ मां काली की पूजा अर्चना

**धूमधाम से निकाली कलश यात्रा**



संवाददाता ।चिरकुंडा

कुमारधुबी थाना समीप स्थित श्रीश्री मां काली एवं मनसा मंदिर से 51 कलश के साथ कलश यात्रा धूमधाम से गाजे-बाजे के साथ बुधवार सुबह निकाली गई. यात्रा कुमारधुबी से होते हुए गाड़ी खाना स्थित तालाब पहुंची, जहां से पूजा विधि विधान कर कलशों में जल भरा गया. माता का भजन करते हुए पुनः सभी मंदिर प्रांगण में पहुचें. आयोजनकर्ता गौतम लाहा ने बताया कि उनकी पत्नी शिखा लाहा वर्षों से मां काली एवं मनसा का पूजा अर्चना करती आ रही है. हर माह के अमावस्या को यहां मंदिर में दूर-दूर से लोग अपनी समस्या लेकर आते हैं. जिसे मां दूर करती है.

राज्यभर की खबरें के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | धनबाद, गुरुवार 06 जून 2024 ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 14 संवत 2081 | पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ~~8~~ | वर्ष : 2, अंक : 58 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र



## ब्रीफ खबरें

### सीआइएसएफ पर छेड़खानी का आरोप

धनबाद । कुस्तौर तीन नंबर की रहने वाली महिलाओं ने स्थानीय सीआईएसएफ पोस्ट के जवानों के खिलाफ छेड़खानी व गालीगलौज करने का आरोप लगाया है. महिलाओं का कहना है कि करीब दो महीनों से सीआईएसएफ के जवान पेट्रोलिंग के नाम पर जंगलों में वाहन खड़ी कर देते हैं और शौच के लिए जाने वाली महिलाओं की मोबाइल से तस्वीर उतारते हैं. विरोध करने पर महिलाओं के साथ गालीगलौज करते हैं. इस मामले को लेकर महिलाओं में सीआईएसएफ के जवानों के खिलाफ काफी आक्रोश देखा जा रहा है.

### निगम ने की पर्यावरण बचाने की अपील

धनबाद । धनबाद नगर निगम ने विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर रैमकी के संयुक्त प्रयास से एक जागरुकता रैली निकाली. जिसमें निगम के कर्मचारियों के अलावा, रैमकी कंपनी के कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में स्वयं सहायता समूह महिलाओं ने हिस्सा लिया. जागरूकता रैली प्रधान कार्यालय, नगर निगम से पुलिस लाइन होते हुए गोल्फ ग्राउंड तक पहुंची. इस दौरान नगर आयुक्त रविराज शर्मा ने गोल्फ ग्राउंड में पौधारोपण किया और पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर जोर दिया.कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सबकी जिम्मेदारी है. प्रकृति के साथ तालमेल बैठाकर ही एक स्वस्थ और समृद्ध भविष्य का निर्माण कर सकते हैं. ऐसे में हमारा कर्तव्य है कि पर्यावरण को संरक्षित करें, प्रदूषित न करें और सशक्त प्रयास से ही हम धनबाद को प्रदूषण मुक्त बना पाएंगे.

### टीएस झरिया डिवीजन ने पर्यावरण दिवस मनाया

झरिया। टाटा स्टील झरिया डिवीजन ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कई कार्यक्रम आयोजित किए. सभी गतिविधियाँ पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के चल रहे प्रमुख कार्यक्रम 'मिशन लाइफ' के साथ जुड़ी हुई थीं.गतिविधियाँ झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और टाटा स्टील फाउंडेशन के सहयोग से की गईं.इस समारोह की शुरुआत झरिया डिवीजन के सभी अधिकारियों द्वारा सस्टेनेबिलिटी की शपथ लेने के साथ हुई. टाटा स्टील के झरिया डिवीजन के जनरल मैनेजर संजय राजोरिया ने पर्यावरण के लिए एक सस्टेनेबल ' लाइफस्टाइल फॉर द एनवायरनमेंट' (लाइफ) को बढ़ावा देने के लिए जनरल मैनेजर कार्यालय से टीएसएफ कार्यालय तक एक रैली (प्रभात फेरी) को हरी झंडी दिखाई.जनरल मैनेजर झरिया ने सभी को टाटा स्टील की सस्टेनेबिलिटी योजनाओं, लैंड रेस्टोरेशन के महत्व के बारे में बताया और सभी को प्रकृति की देखभाल करने की सलाह दी। रैली में लगभग 60 बच्चों और 35 कर्मचारियों ने पूरे मन से भाग लिया.

**इरादा : नये सांसद ढुल्लू महतो ने धनबाद के विकास को बताया सबसे पहली प्राथमिकता**

# धनबाद में बनवाएंगे एयरपोर्ट, एम्स और फ्लाईओवर : ढुल्लू महतो

**खास बातें**

- किए गए वादे को पूरा करने का दिलाया विश्वास
- धनबाद लोकसभा के मतदाताओं का आभार जताया



संवाददाता। धनबाद

नवनिर्वाचित सांसद ढुलू महतो ने धनबाद लोकसभा में एयरपोर्ट, एम्स और फ्लाईओवर को धरातल पर उतारने की बात कही है. झरिया और बोकारो के विस्थापन की समस्या को दूर करने का आश्वासन दिया. सांसद बनने के बाद ढुलू महतो ने उक्त बातें अपनी पहली प्रेस वार्ता के दौरान कही. सांसद ढुल्लू महतो ने चुनाव जीतने के साथ ही देवघर जा कर बाबा भोलेनाथ से आशीर्वाद लिया. बुधवार को धनबाद के बलियापुर रोड स्थित भाजपा जिला कार्यालय में प्रेस वार्ता कर सबसे पहले पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, पीएम मोदी, अमित शाह पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, प्रदेश प्रभारी लक्ष्मी कांत बाजपेई समेत जिले के तमाम नेताओं, कार्यकर्ताओं और धनबाद लोकसभा की मतदाताओं का आभार जताया. इसके साथ ही अपनी विकास योजनाओं का प्राथमिकता सूची बताते हुए कहा कि उनकी पहली कोशिश पूर्व सांसद पीएन सिंह के अधूरे कार्यों को आगे बढ़ाना का है. एयरपोर्ट, एम्स, फ्लाईओवर समेत तमाम विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने का वायदा किया. कई क्षेत्रों में भीषण पेयजल संकट और झरिया बोकारो की विस्थापन की समस्या को दूर करना है. इसके लिए उन्होंने अपनी प्रतिबद्धता दुहराते हुए कहा कि मोदी जी की दी गई गारंटी पर खरा उतरने के लिए जनता से किए गए वादे को पूरा करने का विश्वास दिलाया.

### अनुपमा ने सांसद ढुल्लू को दी बधाई

झरिया। राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के प्रदेश कार्यालय जेलगोड़ा में धनबाद के कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने प्रेसवार्ता कर नए सांसद ढुलू महतो को बधाई दी. साथ ही उन्होंने उनके पक्ष या विरोध में मतदान करने वाले लोगों को धन्यवाद किया है. उन्होंने कहा है कि अब वह पूरी तरह धनबाद में पांच सालों तक लगातार जनता की सेवा करेगी. कहा कि काफी कम समय मिला,इसीलिए जनता के दिलो में जितना जगह बनाना चाहिए बना नहीं पाई. अनुपमा सिंह के पति सह बेरमो के विधायक अनूप सिंह ने कहा है कि अब अनुपमा सिंह जेलगोड़ा की ही मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराएंगी, यही उनका निवास स्थान रहेगा. उन्होंने कहा है कि ढुलू महतो अपनी राजनीति में सफल रहे परन्तु भाजपा पूरी तरह विफल रही है. बर्ता में शामिल है जिलाध्यक्ष संतोष सिंह, प्रदेश सचिव सह प्रबक्ता शमशेर आलम,सन्तोष महतो,रशीद रजा, कुमार गौरव आदि मौजूद थे.

### आज से खुलेगा बाजार समिति

धनबाद। बाजार समिति चेंबर ऑफ कॉमर्स की बैठक चेंबर अध्यक्ष जितेंद्र अग्रवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई. बैठक में निर्णय लिया गया कि बाजार समिति परिसर में लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया शांतिपूर्वक संपन्न होने के साथ लगातार दो सप्ताह से बंद मंडी गुरुवार से सामान्य रूप से खुली रहेगी. चेंबर के सचिव गौरव गर्ग ने लोकतंत्र के महापर्व में सहयोग करने हेतु सभी व्यवसाईयों का आभार प्रकट किया. बैठक में मुख्य रूप से चेंबर अध्यक्ष जितेंद्र अग्रवाल , सचिव गौरव गर्ग, कोषाध्यक्ष दीपक कटेसरिया, उपाध्यक्ष सुरेंद्र जिंदल, अजय बंसल, संजय अग्रवाल, बिट्टू लाडीया, प्रदीप सतनालीका, अनिल मित्तल, सुशील गर्ग, मनोज जैन इत्यादि व्यवसाई उपस्थित थे.

# महुदा के हिन्द होटल में छापेमारी, शराब बरामद

**गुप्त सूचना पर एसओजी ने की छापेमारी, अंग्रेजी शराब बरामद**

संवाददाता। महुदा






- मैनेजर ब्रहमदेव प्रसाद व सहायक मैनेजर नारायण मुखर्जी गिरफ्तार भेजे गए जेल

धनबाद जिला एसओजी की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर मंगलवार को देर शाम महुदा क्षेत्र के चर्चित हिन्द होटल में छापामारी कर 25 बोतल केन बीयर तथा 20 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद किया. टीम ने अवैध शराब के साथ होटल के मैनेजर ब्रहमदेव प्रसाद तथा सहायक मैनेजर नारायण मुखर्जी को गिरफ्तार कर महुदा थाना के हवाले कर दिया. छापेमारी के बाद महुदा थाने में कांड सं० 39/2024 में धारा 272, 273, 34,एवं 470 के तहत मामला दर्ज कर उक्त दोनों आरोपी को बुधवार को जेल भेज दिया गया.

पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध शराब के कारोबारियों में हड़कंप मच गया है.बताते चलें कि इस इलाके में कई होटल ऐसे हैं, जहां लाइसेंस नहीं होने के बाद भी शराब की बिक्री खुलेआम होती है. यहां तक कि लोगों को बिठाकर शराब का सेवन कराया जाता है. छापामारी के इस टीम में जिला उत्पाद निरीक्षक जय हेम्बम, महुदा थाना प्रभारी धिरज कुमार सहित अन्य पदाधिकारी शामिल थे.

### होटल संचालक गिरफ्तार

झरिया । झरिया पुलिस ने मंगलवार की देर रात बस्ताकोला स्थित अंकित होटल में छापामारी कर भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब जब्त किया है .छापामारी टीम को देखते ही संचालक अंकित सिंह भागने लगे तभी पुलिस ने धर दबोचा . पुलिस ने अंकित को पकड़ कर थाना ले आया . झरिया पुलिस होटल संचालक अंकित कुमार सिंह के खिलाफ झरिया थाना कांड संख्या 125/24 तहत मामला दर्ज कर बुधवार को अंकित को जेल भेज दिया है .

### दुष्कर्म का आरोपी दोषी करार

**धनबाद।** नाबालिग को शादी की नीयत से अपहरण कर दुराचार करने के आरोपी सरायढेला थाना क्षेत्र के कोलाकुसमा उसका निवासी करण धीवर को अदालत ने बुधवार को दोषी करार दिया है. पोस्को के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने सजा की बिंदु पर सुनवाई की अगली तारीख 6 जून निर्धारित की है. आरोपी फिलहाल न्याय हिरासत में जेल में बंद है. आरोपी के खिलाफ पिडिता के पिता द्वारा बलियापुर थाना में 19 अक्टूबर 2023 को प्राथमिकी दर्ज कराते हुए आरोप लगाया था कि उसकी 13 वर्ष से नाबालिग पुत्री 17 अक्टूबर 2023 को दिन के 12:00 बजे घर से बलियापुर जाने की बात कह कर निकली. उसे पता चला कि उसकी नाबालिग पुत्री गांव के ही सुंदरा मुखर्जी के साथ गई थी. सुंदरा मुखर्जी से पूछताछ करने पर उसके द्वारा कोई जवाब नहीं दिया गया. शाम को करण धीवर उसकी नाबालिग लड़की के साथ शादी कर फोटो व्हाट्सएप पर पोस्ट किया. जिससे उन्हें पता चला कि उसकी नाबालिग पुत्री के साथ कारण धीवर शादी कर शारीरिक संबंध बनाया है.पुलिस आरोपी के खिलाफ 28 नवंबर 2023 को अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया .

# बिजली तार की चपेट में आकर पुजारी की मौत



**खास बातें**

- बिजली विभाग ने अंतिम संस्कार के लिए दिये 10 हजार रुपये
- 5 लाख रुपये मुआवजा देने का दिया आश्वासन

संवाददाता। मैथन

एमपीएल ओपी क्षेत्र के भालाइट गांव स्थित काली मंदिर के पुजारी दक्षिणेश्वर चक्रवर्ती (51) की मौत बुधवार की सुबह शौच जाने के क्रम में खेत में गिरे 11 हजार विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आ जाने से हो गई. घटना की जानकारी मिलते ही पुजारी के घर में कोहराम मच गया, सभी का रो-रो कर बुरा हाल है और गांव में मातम छा गया1 घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे पलारपुर पंचायत के पूर्व मुखिया विश्वरूप मंडल ने मामले की जानकारी बिजली विभाग को दी. बिजली विभाग द्वारा शव के अंतिम संस्कार के लिए तत्काल 10 हजार रुपये का भुगतान किया गया तथा कागजी प्रक्रिया पूरा करने के बाद मुआवजे के रूप में 5 लाख रूपये देने का आश्वासन दिया. एमपीएल ओपी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया है. इस संबंध जानकारी देते हुए ग्रामीणों ने बताया कि दक्षिणेश्वर चक्रवर्ती रोजाना के तरह सुबह शौच करने के लिए खेत की ओर जा रहे थे. खेत में हाई टेंशन तार पहले से ही टूट कर गिरा पड़ा था. दक्षिणेश्वर चक्रवर्ती का पैर अनजाने में खेत में गिरे हाई टेंशन तार पर जा पड़ा. इस कारण घटनास्थल पर ही उनकी मृत्यु हो गई.

# अपहरण में साथ देने वाली महिला को उम्रकैद

- नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म में दिया था साथ



संवाददाता, धनबाद

नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ दुराचार करने के मामले में अदालत ने बुधवार को अपना फैसला सुनाया. मामले में साथ देने की आरोपी महिला गुड़िया देवी को धनबाद पोक्सो के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने उम्रकैद की सजा सुनाई. साथ ही 15 हजार रुपए जुर्माना भी लगाया है. आरोपी गुड़िया देवी इस मामले में बीते पांच वर्षों से फरार है. उसकी अनुपस्थिति में ही अदालत ने फैसला सुनाया. इसके पूर्व इस मामले के नामजद आरोपी नन्हे पांडे को अदालत उम्रकैद की सजा सुना चुकी है. पीड़िता की मां की शिकायत पर सिंदरी थाने में 17 मई 2018 को प्राथमिकी दर्ज की गई थी. प्राथमिकी के मुताबिक पीड़िता को अर्जुन पांडे और उनकी पत्नी गुड़िया देवी घूमने की बात कहकर अपने साथ ले गए थे. आठ दिनों के बाद पीड़िता को आसनसोल रेलवे स्टेशन से बरामद किया गया था. आरोप था कि नन्हे पांडे ने गुड़िया देवी के उकसाने पर उसके साथ आठ दिनों तक दुष्कर्म किया था. इस मामले में 9 गवाहों का परीक्षण कराया गया था.

# पंक्चर बनाने वाले के पुत्र ने नीट परीक्षा में मारी बाजी

**माता-पिता को दिया श्रेय, कहा - डॉक्टर बनकर देश व समाज की सेवा है मकसद**

संवाददाता । साहिबगंज



साहेबगंज जिला अंतर्गत बोरियो प्रखंड के मंसूर टोला के रने वाले जमशेद अली के पुत्र मो. इस्तियाक ने ऑल इंडिया मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट में 720 में से 654 अंक प्राप्त करके जिला, प्रखंड व समाज का नाम रौशन किया है. इस्तियाक के पिता जमशेद अली ने बताया कि इस्तियाक बचपन से ही पढ़ाई में काफी तेज रहा है. मैट्रिक में टॉपर और इंटर में झारखंड सरकार के आकांक्षा-40 का मेधावी छात्र था. बता दे कि इस्तियाक के पिता जमशेद अली का बोरियो बाजार में टायर पंचर का एक छोटा सी दुकान है. इसी से घर परिवार चलाते हैं और माता गृहिणी है. इस्तियाक के माता-पिता अपने बेटे की सफलता पर गौरवान्वित हो रहे हैं. नीट परीक्षा में बेहतर स्थान प्राप्त कर अपने माता-पिता ही नहीं समाज का भी नाम रौशन किया है. इस्तियाक ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता, पिता, के साथ साथ उनके बहनोई मुख्तार आलम जो सहायक शिक्षक हैं, को भी दिया. उन्होंने कहा कि उनके बहनोई ने शुरू से पढ़ाई में उसका मार्गदर्शन किया है. इस्तियाक डॉक्टर बनकर देश व समाज का सेवा करना चाहता है. नीट का परिणाम घोषित होने के साथ ही इस्तियाक के परिजनों समेत रिश्तेदारों में भी खुशी की लहर दौड़ पड़ी है.लोग बधाइयां देने के लिए उसके घर पहुंच रहे हैं.

### नीट परीक्षा में गोल के छात्र रहे अव्वल

**धनबाद ।** नीट द्वारा जारी किए गये रिजल्ट में गोल के छात्रों ने इस बार भी नीट 2024 में ऐतिहासिक सफलता हासिल कर संस्थान को गौरवान्वित किया. साथ ही साबित कर दिखाया कि यदि हौसले बुलंद होने के साथ ही उचित मार्गदर्शन हो तो विषम परिस्थितियों में भी बड़ी जीत हासिल कर केवल सफलता ही नहीं बल्कि टॉपर एवं रैंकर भी बना जा सकता है. लगभग 49 छात्र जो संभावित सरकारी कॉलेजों के कट ऑफ क्रॉस कर नामांकन लेंगे, अपनी उपस्थिति मात्र से तैयारी करने वाले छात्रों को जोश उत्साह व भरोसा दिला गये.

**इन छात्रों ने हासिल की सफलता :** गोल संस्थान के आलोक दे (697), मोहित (691 जनरल), अक्सा नूरी (688), सकरा (685), रॉबीन चन्द्रा (672 इडब्ल्यूएस), साकक्षी (656 इडब्ल्यूएस), निकिता (655 ओबीसी), दिपक (654 ओबीसी), धार्नी (650), दिपलता (619 एससी), सबिहा (619 ओबीसी). लक्ष्मी प्रिया (661 इडब्ल्यूएस), स्वप्नील (620 ओबीसी), आस्था (628 जेन0), अनन्या (341 एसटी), दिगविजय (635 ओबीसी), सोमा (665 ओबीसी), विनीत (467 एसटी), रितिक (853 ओबीसी), शिवम (587 एससी), जानवी (809 इडब्ल्यूएस), सुदेष्ना (670 जनरल), अनीता (635 इडब्ल्यूएस), कुमकुम (666 इडब्ल्यूएस), साकक्षी (647 ओबीसी), रॉली (615 इडब्ल्यूएस), कुलसुम (619 ओबीसी), दिप्यांशु (605 जनरल), दिपक (423 एसटी), सपना (648), जीवन्ति (530 एससी). बिकास (625 जनरल), हरि मोहन (655 जनरल), विक्रांत (643 ओबीसी), रोहित (493 एससी), धनंजय (649), सपना (648) कृतिका (621) आदि ने नीट परीक्षा में सफलता हासिल की है.

**निराशा** बोकारो में अनुपमा को बेहतर बढ़त की थी उम्मीद , 64 हजार से अधिक की ढुल्लू को मिली लीड

# अपने गढ़ बोकारो में ही ढह गई अनुपमा की उम्मीदें

संवाददाता । धनबाद





करोड़ों रुपये लुटाने और डेढ़ महीने कड़ी धूप में दौड़ने के बाद चुनाव परिणाम सामने है, जिसे जीत मिली उसे तो सकून मिल चुका है, लेकिन हारने वाले अब जोड़-घटाव करेंगे. धनबाद लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह भी हारी हैं. हालांकि उनकी मेहनत ने लगातार तीन हार झेल चुकी पार्टी में जीत को उम्मीद तो जगा ही दी थी, लेकिन भाजपा के शांत वोटरों के आगे उनकी न चली. धनबाद में सारे उथल-पुथल और कयासों के बाद भी भाजपा के वोट बैंक एकमुश्त रहे और पार्टी को समर्पित रहे. तभी तो तीन लाख तीस हजार मतों की जीत मिली. हर विधानसभा में भाजपा ने हमेशा की तरह बढ़त कायम रखी. कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह को लेकर राजनीतिक गलियारे में ये चर्चा आम थी कि बोकारो में ढुल्लू महतो के लिए लीड लेना मुश्किल होगा. क्योंकि बोकारो अनुपमा सिंह का गढ़ माना जा रहा था, लेकिन अपने गढ़ में भी अनुपमा सिंह लीड नहीं ले पाई. यहां ढुल्लू प्रत्याशी की तुलना में उन्हें लगभग 65 हजार वोट कम मिले. यहां बता दें कि वर्ष 2019 के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को 181699 मत मिले थे, जबकि इस बार 167044 मत मिले. ये जरूर है कि बोकारो में पिछली बार की तुलना में कम मत

**खास बातें**

- ढुल्लू के विरोध का भाजपा के वोट बैंक पर नहीं पड़ा असर
- धनबाद विधानसभा में सबसे ज्यादा विरोध तो सबसे अधिक डेढ़ लाख मत भी यहीं से

| विस क्षेत्र - | भाजपा | कांग्रेस | लीड |
|---|---|---|---|
| धनबाद - | 151378 - | 89412 - | 61966 |
| झरिया - | 96082- | 58867 - | 37215 |
| सिंदरी - | 128478 - | 83450 - | 45028 |
| निरसा - | 139318 - | 70979 - | 68339 |
| बोकारो- | 167044 - | 102141- | 64903 |
| चंदनकियारी- | 100177- | 43717- | 56460 |

### जहां विरोध ज्यादा, वहीं सबसे अधिक वोट

कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह छह विधानसभा क्षेत्रों में सिर्फ बोकारो में ही लाख के आंकड़े को छू पाई है. जबकि ढुलू सिर्फ एक में ही ऐसा नहीं कर पाए, वो है झरिया. शेष सभी विधानसभा क्षेत्रों में ढुल्लू एक लाख के पार रहे. वहीं ढुल्लू महतो के खिलाफ विरोध के स्वर जहां सबसे अधिक मुखर थे, वहीं से ढुल्लू महतो सबसे अधिक मत मिले हैं, जी हां धनबाद विस क्षेत्र में ढुल्लू महतो ने डेढ़ लाख का आंकड़ा पार कर दिया. छह विधानसभा में ढुल्लू की बढ़त का औसत 52 हजार रहा है. इनमें सबसे कम अंतर झरिया में देखने को मिली, यहां ढुल्लू को 37215 की बढ़त मिली. निरसा में ढुल्लू ने सबसे अधिक अंतर प्रप्त किया है, यहां अनुपमा से 68339 वोट अधिक मिले.

# लोहा लदा पिकअप वैन जब्त

**सीआईएसएफ के हटते ही लोहा चोरों की खुली किस्मत**

संवाददाता । झरिया



सीआईएसएफ एवं पुलिस कि निष्क्रियता के चलते पिछले छह माह से भूलन बरारी रोपवे के बंद स्टोर एवं वर्कशॉप में पड़ी लाखों कि लौह सामग्री कि चोरी निरंतर जारी है. इसी क्रम में बुधवार को वर्कशॉप से बड़ी मात्रा में मशीन का हब व अन्य लौह सामग्री कि चोरी कर एक पिकअप वैन में लादकर ले जाने के दौरान जोड़ापोखर थाना प्रभारी राजेश कुमार सिन्हा ने पिकअप वैन को जब्त कर चालक को गिरफ्तार किया है. लोहा लदा जब्त वैन वाहन झरिया बानियाहीर के एक बड़ा गोदाम का बताया जा रहा है.

मालूम हो कि भूलन बरारी के बंद रोपवे गोदाम एवं वर्कशॉप में लाखों कि लौह सामग्री कि सुरक्षा के लिए चौबीस घंटा सीआईएसएफ के जवानों कि मुस्तैदी होती थी. सीआईएसएफ ने बिना किसी सूचना के तथा प्रबंधन को सुपुर्द किए सुरक्षा ड्यूटी बंद कर दिया. सीआईएसएफ की सुरक्षा हटने की जानकारी मिलते ही लोहा चोरों की किस्मत खुल गई. पाथरडीह ,बानियाहीर, फुलारीबाग के अवैध लोहा गोदामों पहुंचाने वाले चोर रोपवे गोदाम से लोहा चोरी करने कि सक्रियता बढ़ गई. चोरों द्वारा रोजाना लोहा चोरी कर टपाने का सिलसिला शुरू हो गया. चोरों के तीन गुटों में ज्यादा से ज्यादा लौह सामग्री कि चोरी करने को लेकर होड़ मची हुई है.

▼ ब्रीफ खबरें

### चोरी की बाइक के साथ युवक गिरफ्तार, गया जेल

**गिरिडीह।** अहिल्यापुर थाना की पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है. थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह ने बताया कि गिरफ्तार युवक की पहचान अहिल्यापुर थाना क्षेत्र के जोगनियाटांड निवासी नरेश मिश्रा के पुत्र राहुल मिश्रा के रूप में हुई है. उन्होंने बताया कि गिरफ्तार युवक को अग्रिम कार्रवाई के लिए न्यायालय भेज दिया गया है. गिरफ्तार राहुल मिश्रा के बारे में पूरी जानकारी इकट्ठा की जा रही है.

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**साहिबगंज।** पश्चिमी फाटक पार करने के दौरान नगर थाना अंतर्गत रसूलपुर दहला निवासी रविन्द्र पासवान उर्फ झुलूम उम्र लगभग 38 वर्ष के ट्रेन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत घटनास्थल पर ही हो गई. बताया जा रहा है कि रविंद्र पासवान एलसी रोड बादशाह चौक के पास एक मिष्ठान दुकान में मजदूर के तौर पर काम किया करता था. अहले सुबह भी काम करने को लेकर सुबह घर से निकला था.

### दो बाइकों की टक्कर में तीन युवक घायल

**गावां (गिरिडीह)।** गावां सतगावां मुख्यमार्ग पर मंझने के पास विपरीत दिशा से आ रहे दो बाइकों की टक्कर में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. जानकारी के अनुसार सतगावां प्रखंड के बासोडीह निवासी बीरेंद्र कुमार यादव समान की डिलीवरी कर बासोडीह अपना घर जा रहे थे. मंझने के पास दूसरे बाइक पर सवार गावां थाना क्षेत्र के डडकोल निवासी नीरज यादव व सुनील यादव की बाइक सीधी टक्कर हो गई. घटना में दोनों बाइकों पर सवार तीन युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से जख्मी हो गए. घटना में बीरेंद्र एवं नीरज को माथे में गंभीर चोट लगी है. वहीं सुनील कुमार का पैर टूट गया. स्थानीय ग्रामीणों के पहल पर तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गावां लाया गया. जहां प्राथमिक उपचार के बाद गिरिडीह रेफर कर दिया गया.

### बैंक कर्मियों के साथ बीएलबीसी की हुई बैठक

**गावां (गिरिडीह)।** गावां प्रखंड के सभागार में बुधवार को एलडीएम सूर्या नारायण महंती की अध्यक्षता में व बीएओ प्रदीप राम की मौजूदगी में बीएलबीसी की बैठक की गयी . बैठक में क्षेत्र के सभी बैंक के शाखा प्रबंधक शामिल हुए. जहां एलडीएम ने जरूरतमंदों को केसीसी व मुद्रा लोन देने, महिला समूह को भी लक्ष्य के अनुरूप ऋण देने, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, मुद्रा लोन एवं केसीसी ऋण पर विस्तार से चर्चा की. वहीं एलडीएम ने बैंक प्रतिनिधियों को ऋण वसूली का भी विशेष टिप्स दिया. बैठक में बीपीआरओ संजय कुमार, पप्पू राय, पंकज कुमार, प्रभात श्रीवास्तव, मिलन बरनवाल समेत कई कर्मी मौजूद थे.

### ढुल्लू की जीत में जिलाध्यक्ष ने की कड़ी मेहनत

**बोकारो।** धनबाद लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो ने 3,31,583 मतों के अंतर से जीत हासिल की. विजयी धनबाद लोकसभा प्रत्याशी ढुल्लू महतो को सबसे बड़ी बढ़त बोकारो विधानसभा से मिला. ये बढ़त भाजपा जिलाध्यक्ष जयदेव राय की अथक मेहनत और प्रयास का नतीजा रहा. ज्ञात हो कि भाजपा संगठन ने चुनाव के ठीक पहले संगठन को मजबूत करने की दृष्टिकोण से बोकारो जिलाध्यक्ष को बदल कर जयदेव राय को बना दिया और उनके नेतृत्व में लोकसभा चुनाव लड़ा गया. जयदेव राय अपने पहले दायित्व में खरा उतरे.

### हैट्रिक जीत पर कार्यकर्ताओं में खुशी

**साहिबगंज।** उधवा प्रखंड में राजमहल लोकसभा (अ.ज.जा) इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी सांसद विजय हांसदा की हैट्रिक जीत के बाद कार्यकर्ताओं ने सादगीपूर्ण उत्साह मनाया. इस दौरान बुधवार को प्रखंड क्षेत्र में कार्यकर्ताओं ने बताया कि हमारे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व सुबे के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम जेल में हैं. वहीं हैट्रिक लगाने वाले सांसद विजय हांसदा की धर्मपत्नी बीमारी के कारण अस्पताल में भर्ती हैं. यही वजह से झारखंड में इंडिया गठबंधन के पांच सीट पर जीत के बाद भी सड़क पर उतरकर उस तरह की खुशी देखने को नहीं मिला.

# नीट में डीपीएस के छात्रों का शानदार प्रदर्शन



**संवाददाता। बोकारो**

मेडिकल शिक्षण संस्थानों में दाखिले को लेकर बीते 5 मई को एनटीए (राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी) द्वारा आयोजित नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट यानी नीट (यूजी) 2024 में डीपीएस बोकारो के विद्यार्थियों ने इस बार भी उम्दा प्रदर्शन किया. समाचार भेजे जाने तक प्राप्त जानकारी के अनुसार, विद्यालय के लगभग तीन दर्जन विद्यार्थियों ने शानदार कामयाबी पाई है. इनमें विद्यालय के छात्र सत्यम कुमार ने सर्वाधिक 695 अंक प्राप्त कर स्कूल में टॉपर होने का गौरव पाया है. सफल रहे विद्यार्थियों में अनिकेत कुमार, सक्षम श्रीत गुप्ता, राहुल कुमार सिंह, सान्या कुमारी, रुचि प्रिया, आयुष कुमार, शशांक मेदिरेड्डी, साहिल शेखर, रोबाब फैजी, मनीषा कुमारी, तमन्ना रे, मुन्ना राज व अनुराग आशीष सहित अन्य विद्यार्थियों के नाम शामिल हैं. विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए एस गंगवार ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है.

**695 अंक प्राप्त कर स्कूल में सत्यम रहे टॉपर**

### नीट की परीक्षा में सफलता पर लोगों ने दी बधाई

**गावां (गिरिडीह)।** गावां प्रखंड स्थित पिहरा पश्चिमी पंचायत के जगदीशपुर निवासी राजेश रंजन पिता नरेश प्रसाद को नीट प्रतियोगिता में सफलता मिली है . उन्होंने 91.11% अंक लाकर सफलता हासिल की है . उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता व गुरुजनों को दिया है . राजेश रंजन की प्रारंभिक शिक्षा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पिहरा में हुआ . राजेश की सफलता पर पूर्व प्राधानाचार्य रामस्वरूप प्रसाद यादव, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य बिनोद पांडेय, रामबचन प्रसाद यादव, राजेन्द्र विश्वकर्मा, रणधीर कुमार, मुखिया अमित कुमार गुप्ता आदि ने शुभकामनाएं दी है .

### श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल ने नीट में लहराया परचम

**बोकारो।** श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने नीट 2023-2024 की परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्षन किया . स्कूल के 14 विद्यार्थियों ने इसमें अच्छे परसेंटाइल प्राप्त किए . स्कूल के अनुष्का सोनी ने 98 .87, मयंक कुमार ने 98 .70, पीयूश कुमार ने 96 .66, आकांशा कुमारी ने 94 .29, अमन कुमार ने 93 .01, सोयम कुमार महतो ने 92 .78, शहिल कुमार ने 89 .29 , संजना कुमारी ने 88 .21, आकाश कुमार दास ने 84 .61, अंजनी ने 81 .76, हिमांशु कुमार ने 81 .17, शोभा कुमारी ने 80 .11, यन्तिका कुमारी ने 78 .79 तथा अंबे चौधरी ने 63 .68 परसेंटाइल प्राप्त किया .

### आकाश एजुकेशनल के छात्रों ने नीट में मारी बाजी

**बोकारो।** परीक्षण तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने बोकारो में अपने स्टूडेंट्स की उल्लेखनीय उपलब्धि की घोषणा करते हुए गर्व महसूस किया, जिन्होंने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) 2024 में प्रभावशाली स्कोर और ऑल इंडिया रैंक हासिल की है . प्रभावशाली अंक हासिल करने वाले छात्रों में हिमांशु अग्रवाल ने 715 अंक और एआईआर 161, अंश राज सिंह ने 710 अंक और एआईआर 362, सौम्यदीप महंती ने 705 अंक और एआईआर 1378 . वहीं बोकारो के कुल 43 छात्रों ने 600 व उससे अधिक अंक हासिल किए हैं . नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने हाल ही में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) 2024 के परिणाम घोषित किए हैं .

# 565 बोलत अंग्रेजी शराब बरामद



**संवाददाता। जमुआ (गिरिडीह)**

जमुआ पुलिस ने बीती रात अवैध शराब छापेमारी अभियान में बड़ी सफलता हासिल की. पुलिस अधीक्षक गिरिडीह के द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नीरज कुमार सिंह के नेतृत्व में हुई छापेमारी अभियान में 565 बोलत (बड़ा-छोटा) शराब बरामद किया गया. पुलिस ने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि एक ब्लू रंग का टोयोटा कार नं. बीआर01बीएफ-2358 में अवैध अंग्रेजी शराब लोड़ कर जमुआ कि ओर से कोडरमा के तरफ तेजी से जा रही है. प्राप्त सूचना के आलोक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी खोरीमहुआ के नेतृत्व में एक छापामारी दल/टीम का गठन कर उक्त वाहन को पकडने के निर्देश प्राप्त हुआ. टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त वाहन को खोरीमहुआ चौक पर रोकने का प्रयास किया, लेकिन वाहन चालक द्वारा वाहन को तेजी से भगाते हुए धनवार के तरफ ले जाने लगा. तत्पश्चात गठित टीम के द्वारा वाहन का पीछा किया जाने लगा. वाहन चालक ने ग्राम विशुनपुर में वाहन को रोककर अंधेरा का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा. इसके बाद गठित टीम के द्वारा वाहन का तलाशी में अवैध विदेशी शराब बरामद किया गया.

### कल्पना सोरेन की जीत पर कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न



**गांडेय (गिरिडीह)।** गांडेय विधानसभा उपचुनाव में पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन की जीत हुई है. जीत की खुशी में झामुमो कार्यकर्ताओं ने बुधवार को चुनाव कार्यालय में जमकर जश्न मनाया. इस दौरान कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को गुलाल लगाया और मिठाइयां बांटी. मौके पर झामुमो के वरिष्ठ नेता हीरालाल मुर्मू ने कहा कि कल्पना सोरेन की जीत पहले से ही तय थी. उन्हें इस विधानसभा क्षेत्र के सभी वर्गों का समर्थन मिला है. कल्पना सोरेन की जीत ने एनडीए गठबंधन को झकझोर कर रख दिया है. पार्टी के जिला महासचिव महालाल सोरेन ने कहा कि कल्पना सोरेन की भारी मतों से जीत इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं के मेहनत का परिणाम है. मौके पर प्रखंड अध्यक्ष चांदमल मरांडी, भैरव वर्मा, फरदीन इम्तियाज, दशरथ किस्कु, अकबर अंसारी, मो हफीज, जितेंद्र मंडल, ध्रुवदेव पंडित, इंद्रदेव पाठक, राजेश सिंह, भागवत सिंह, मो नशीम, रवि वर्मा, अरुण पाठक, रितेश पाठक, प्रमोद राम सहित दर्जनों झामुमो कार्यकर्ता मौजूद थे.

### चंद्र प्रकाश की जीत पर निकला विजय जुलूस

**पीरटांड (गिरिडीह)।** गिरिडीह लोकसभा सीट जितने के बाद भाजपा और आजसू समर्थकों ने पीरटांड प्रखंड में बुधवार को विजय जुलुस निकालकर खुशी जाहिर किया. इस क्रम में सर्वप्रथम पीरटांड प्रखंड के चिरकी, मधुबन और आस पास के कई गांव के कार्यकर्ताओं ने चिरकी बाजार में जमा हुए. सभी भाजपाइयों ने एक दुसरे को मिठाई खिलाकर और रंग-अबीर लगाकर खुशी जाहिर की. पुनः सभी भाजपाइयों ने चिरकी बाजार से मधुबन तक विजय जुलूस निकाला. आतिशबाजी की गई, भाजपाइयों ने रंग अबीर उड़ाया. कार्यकर्ताओं ने कहा कि चुनाव में देश में बीजेपी को बहुमत मिलने के खुशी में विजय जुलूस निकाल कर कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर किया है. विजय जुलूस में अजय सिंह, बबलू साव, श्याम प्रसाद, मिराज आलम, धीरज कुमार, सुमित कुमार, शमशाद आलम, अरविंद बर्णवाल, अभय सिंह, कौलेश्वर दास, संतोष राणा, अरविंद चंद्र राय, फलेंद्र सिंह, बालेश्वर यादव, पंचम प्रसाद सिंह, मोती पंडित, अंबुज मदक, अमर तुरी, अंजू टुडू, भवानी सिंह, रिंकी देवी, अनिकेत तिवारी सहित कई लोग शामिल थे.

### प्रकृति व पर्यावरण संरक्षण हमारी जिम्मेवारी : डीसी

**गिरिडीह।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने समाहरणालय परिसर में पौद्यरोपण किया. इस दौरान उपायुक्त ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि इस अवसर पर हम सभी अपने वातावरण को स्वच्छ रखने और प्रकृति के संरक्षण की दिशा में कार्य करें. पर्यावरण की रक्षा हम सबों का दायित्व है तथा प्रत्येक व्यक्ति को पर्यावरण संतुलन के उद्देश्यार्थ पौद्यरोपण कर इसके संरक्षण एवं संवर्धन हेतु प्रयत्नशील रहना होगा. उन्होंने कहा कि आने वाले भविष्य में पर्यावरण को सुरक्षित व प्रदूषण मुक्त रखने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों का निर्वहन करना है तथा पर्यावरण को बचाए रखने के लिए खाली स्थानों पर अधिक से अधिक संख्या में पेड़ लगाने का कार्य संपादित हो. उन्होंने समाहरणालय परिसर में नियमित साफ-सफाई को लेकर संबंधितों को निर्देश दिया. इस दौरान मौके पर उप विकास आयुक्त, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला नजारत उप समाहर्ता समेत अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे.

### जिला स्तरीय विश्व पर्यावरण दिवस आयोजित

**साहिबगंज।** हमारा भूमि हमारा भविष्य थीम को लेकर सिद्धू कान्हू इनडोर स्टेडियम साहेबगंज में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखिल कुमार, उपायुक्त हेमंत सती, वन प्रमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार तिवारी संयुक्त रूप से दीप जलाकर पर्यावरण दिवस कार्यक्रम की शुरुआत की. वहीं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखिल कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि इस दिवस को मनाने की घोषणा संयुक्त राष्ट्र ने पर्यावरण के प्रति वैश्विक स्तर पर राजनीतिक और सामाजिक जागृति लाने हेतु वर्ष 1972 में की थी. इसे 05 जून से 16 जून तक संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा आयोजित विश्व पर्यावरण सम्मेलन में चर्चा के बाद शुरू किया गया था. 05 जून 1974 को पहला विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया. जिसके पश्चात से हर वर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के रूप में मनाया जाता है. उन्होंने सभी को अनुरोध किया कि हम सब एक-एक वृक्ष अवश्य लगाए और पर्यावरण की रक्षा करें. उपायुक्त ने अपने पर्यावरण संदेश में कहा हर वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस मनाने के पीछे एक थीम होता है. इस बार का थीम हमारा भूमि हमारा भविष्य है. साहेबगंज के लिए पौधरोपण करना बहुत जरूरी है, क्योंकि हमारा वातावरण साफ-सुथरा रखने में पेड़ों का विशेष महत्व है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि वे कम से कम अपने जन्मदिन पे एक पौधा जरुर लगाएं और पौधा लगाने के बाद उसकी देखरेख भी करें।

### अभाखमसं के अध्यक्ष ने किया निरीक्षण

**कथारा।** अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ के अध्यक्ष सह कोल इंडिया वेलफेयर बोर्ड के सदस्य टिकेश्वर सिंह ने अपनी टीम के साथ सीसीएल कथारा क्षेत्र के विभिन्न परियोजनाओं एवं कॉलोनियों का निरीक्षण किया. उनके साथ सीसीएल वेलफेयर बोर्ड के सदस्य रामेश्वर कुमार मंडल, विशाल कुमार, मुकेश कुमार, जीसीसी सदस्य सह सीसीएल सीकेएस अध्यक्ष मनोज रजक, सीसीएल सीकेएस केंद्रीय उपाध्यक्ष दिलीप कुमार, कथारा क्षेत्रीय अध्यक्ष टिकैत महतो मौजूद थे. कथारा वाटर फिल्टर प्लांट, कथारा वाशरी कैंटीन, कथारा चार नंबर एवं गायत्री कॉलोनी आदि स्थान का निरीक्षण करने के बाद टिकेश्वर सिंह ने असैनिक विभाग के कार्य प्रणाली एवं पद्धति पर नाराजगी व्यक्त की. कहा कि कोल इंडिया की सहायक कंपनियों में कार्यरत मजदूर को शुद्ध पेयजल मुहैया नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण है. कहा कि बीएंडके एवं कथारा क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान सभी वाटर फिल्टर ट्रीटमेंट प्लांट काफी ज्यादा एवं पुराने हो चुके हैं. मजदूरों को पानी में एलएम डालकर पानी सप्लाई की जा रही है. वहीं कॉलोनीयों में ड्रेन, गार्बेज, शौचालय, सड़क व आवासों की स्थिति काफी खराब एवं दयनीय दिखी. कहा कि ऐसी स्थिति देखकर प्रतीत होता है कि असैनिक विभाग पूरी तरह से अपने कार्यों की गुणवत्ता पर अमल नहीं करता है. कहा कि पानी सहित अन्य खामियों की रिपोर्ट तैयार कर कोल इंडिया व सीसीएल प्रबंधन को सौंपा जाएगा. वहीं सभी फिल्टर प्लांट को अपग्रेड एवं नई तकनीकी के साथ बनाने के लिए कोल इंडिया के डीपी को विभागीय पत्राचार करूंगा.

## बोकारो में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस

# ढ़ोरी में सीसीएल कर्मियों ने पर्यावरण सुरक्षा की ली शपथ



**संवाददाता। कथारा**

सीसीएल ढोरी क्षेत्र में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया. इस अवसर पर ढोरी महाप्रबंधक मनोज कुमार अग्रवाल ने जीएम कार्यालय प्रांगण में झंडोत्तोलन किया. उसके बाद महाप्रबंधक ने उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पर्यावरण सुरक्षा की शपथ दिलाई. साथ ही पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधा लगाने का संकल्प लिया गया और प्लास्टिक के उपयोग करने पर रोक लगाने की बात कही गई एवं पर्यवारण सरंक्षण के लिए स्कूली बच्चों द्वारा नुक्कड़ नाटक की गई. ढोरी जीएम मनोज कुमार अग्रवाल ने कहा कि पर्यवारण सरंक्षण की सबकी जिम्मेदारी है. इसलिए सभी लोग अपने-अपने घरों एव आसपास में पौधा जरूर लगाएं. यह पेड़ पौधे हमें जीवन देते हैं. इनका सरंक्षण भी करना चाहिए. इस कार्यक्रम में कथारा क्षेत्र के एसओ0 पीएंडपी अर्जुन कुमार प्रसाद, एसओपी जयंत कुमार, एसो एम बिनोद कुमार, राजेश कुमार, एसओसी संजय सिंह, बिपिन कुमार सहित कई अधिकारी मौजूद थे.

### डीएवी सेक्टर-6 में विश्व पर्यावरण दिवस मना

**बोकारो।** डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर-6 बोकारो में विश्व पर्यावरण दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया . इस अवसर पर विद्यालय परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम के तहत जामुन, आम, अशोक, शीशम आदि पौद्यों को लगाया गया . कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य बृज मोहन लाल दास ने कहा कि यह धरती ही हमारा घर है, हमें इसे हर हाल में सुरक्षित रखना है . मानव ने अपनी आवश्यकताओं के लिए औद्योगिक विकास के लिए प्राकृतिक संसाधनों को खत्म कर दिया है, वनों को पूरी तरह से नष्ट करने का प्रयास किया है, जिस कारण प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग को बढ़ावा दिया है . अब समय आ गया है कि हम प्रकृति की ओर मुड़े और उसका संरक्षण करना शुरू कर दें .

### मानवी महिला समिति ने किया पौधरोपण

**कथारा।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बुधवार को कथारा क्षेत्र में अर्पिता महिला मंडल की अध्यक्षा के मार्गदर्शन में मानवी महिला समिति, कथारा क्षेत्र की अध्यक्षा सीमा गुप्ता के द्वारा डी.ए.वी. स्वांग के प्रांगण में पौद्यरोपण का कार्यक्रम किया गया . हर साल 05 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के रूप में मनाया जाता है . पेड़-पौधों की महता के बारे में लोगों को जागरुक करने के लिए ही विश्व पर्यावण दिवस मनाया जाता है .

### के बी कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित

**कथारा।** जारंगडीह स्थित के बी कॉलेज परिसर में बुधवार को आई क्यू ए सी, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं सीसीएल कथारा के संयुक्त तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया . कार्यक्रम प्राचार्य लक्ष्मी नारायण की अध्यक्षता में की गई . दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया . साथ ही इस क्रम में कॉलेज परिसर में पौधरोपण किया गया .

### जेबीकेएसएस समर्थकों ने उड़ायी कानून की धज्जियां : सुरेन्द्र कुमार

**डुमरी।** भाजपा नेता सुरेन्द्र कुमार ने बुधवार को एक प्रेस बयान जारी कर जेबीकेएसएस कार्यकर्ताओं पर आरोप लगाया है कि हाथ में संविधान रखने वाले के समर्थकों ने जिस तरह से कानून की धज्जियां उड़ायी है, वह ना तो लोकतंत्र के लिए अच्छा है और ना ही राजनीति दलों के लिए. कहा कि बोकारो चास स्थित गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के लिए बनाये गए मतगणना केन्द्र कार्यालय के नजदीक भाजपा चुनावी कार्यालय में जब हमसब एनडीए कार्यकर्ता शांतिपूर्ण मतगणना की जानकारी अपने भाजपा आजसू परिवार को दे रहे थे, तभी इसी बीच जेबीकेएसएस के कार्यकर्ताओं द्वारा हमलोगों पर पथराव किया गया. जिससे हमलोगों को चोट लगी. जबकि उनलोगों ने पुलिस पर भी पथराव किया. भाजपा कार्यालय की कुर्सी, टेबल, टेंट तोड़ी गई. जिससे वहां का दृश्य कुछ घंटों के लिए ऐसा दिखने लगा, जिसे कोई कल्पना नहीं कर सकता. भाजपा नेता ने सवाल खड़ा किया है कि जरा सोचिए ऐसे लोगों से लोकतंत्र में क्या उम्मीद कर सकते हैं. जनता द्वारा दिए गए जनादेश को स्वीकार करना चाहिए ना कि हार की ठीकरा किसी पर भी फोड़कर तोड़फोड़ और मारपीट, पथराव करना शुरू कर देना चाहिए. इस तरह की क्रियाकलाप से जेबीकेएसएस के समर्थक अपना चाल चरित्र सबके सामने उजागर कर दिया.

# पिकअप वैन से तीन टन पोड़ा कोयला जब्त, एक गिरफ्तार

**संवाददाता। सरिया (गिरिडीह)**



सरिया थाना क्षेत्र के कोयरीडीह-पुरनीडीह मुख्य मार्ग से अवैध कोयला का संचालन कोयला तस्करों द्वारा रुकने का नाम नहीं ले रहा है. इसी संदर्भ में प्राप्त सूचना के आधार पर बुधवार दोपहर करीब 1:30 बजे सरिया-बगोदर अनुमंडल पदाधिकारी धनंजय राम तथा सरिया थाना प्रभारी अरविंद सिंह के नेतृत्व में कोयरीडीह-पुरनीडीह मुख्य मार्ग से संचालित अवैध कोयला के धंधे का पर्दाफाश करते हुए एक पिकअप वैन जब्त किया है. पिकअप वैन संख्या जेएच 11एजी-1616 में 80 प्लास्टिक बोर में लगभग 3 टन पोड़ा कोयला बरामद किया. बरामद कोयले को सरिया थाना लाया गया तथा वैन चालक जमुआ थाना निवासी राकेश कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया. अनुमंडल पदाधिकारी धनंजय राम ने बताया कि लगातार सूचना मिल रही थी कि कोयरीडीह तथा पुरनीडीह के रास्ते अवैध कोयला का संचालन लगातार किया जा रहा है. जिस पर अंकुश लगाने का प्रयास किया गया है. आगे इस धंधे में शामिल लोगों पर कार्यवाही जारी रहेगी. इस मौके पर सरिया थाना के सअनि भरत सिंह समेत गश्ती टीम शामिल थे.

# जनबल पर धनबल पड़ा भारी: प्रदीप

## हार की समीक्षा करूंगा और जनता की सेवा करता रहूंगा

- हमारी फसल अच्छी थी काटने से पहले चोरी कर लिया

**संवाददाता। गोड्डा**



जनबल पर धनबल भारी पड़ा और मेरे वोटर को बरगला कर वोट भाजपा वाले चुराकर ले गए. जीत हमारी तय थी मगर हम चोरी रोकने में नाकाम रहें. इस वजह से हमारे हाथ में जीत आते-आते निकल गई. गोड्डा लोकसभा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी सह पौडेयाहाट विधायक प्रदीप यादव चुनाव में पिछड़ने के बाद बुधवार को अपने आवास पर मीडिया से बात कर रहे थे. उन्होंने कहा कि हमारी फसल अच्छी थी मेहनत भी हमारे कार्यकर्ताओं और गठबंधन दल के नेताओं ने बहुत किया था. जिस वजह से फसल अच्छी तैयार हुई थी मगर फसल को काटने से पहले ही भाजपा वालों ने हमारे फसल की चोरी कर लिया. श्री यादव ने कहा कि मुझे अच्छे वोट मिले, पिछले चुनाव से करीब पांच प्रतिशत अधिक लगभग छह लाख वोट प्राप्त हुआ. मैनेजमेंट में थोड़ी चूक हो गई. हमारे सरकार की योजनाओं को अपनी योजना बताकर भाजपा वालो ने हमारे वोटरों को बरगलाने का काम किया. जिससे हमारे कार्यकर्ताओं के मेहनत पर पानी फिर गया. श्री यादव ने कहा कि कहां कमी रह गई उन कमियों को दूर करने का प्रयास करूंगा. एक नई ऊर्जा के साथ फिर से जनता की सेवा करूंगा.

**हादसा** मुआवजा का आश्वासन मिलने के बाद सड़क से हटाया शव

# अज्ञात वाहन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**खास बातें**

- 11 घंटे बाद हटा सड़क जाम
- वेदांता से नियोजन और रोजगार की मांग

**संवाददाता। तलगडिया**



सियालजोरी थाना क्षेत्र के चास तलगड़िया मुख्य पथ के उसरडीह बांधडीह पत्थर खदान के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई. मृतक का नाम उसरडीह के स्व गोविंद राय का पुत्र नारायण राय (58) है. घटना की सूचना पाकर परिजन व ग्रामीण पहुंचे व मुआवजा को ले मुख्य पथ पर शव को रखकर घंटों जाम कर दी.

इस संबंध में बताया जाता है कि बुधबार की सुबह करीब 5 बजे नारायण राय सडक पार कर रहे थे कि अचानक किसी तेज गति से पार हो रहे भारी वाहन की चपेट मे आ गया. जिससे उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई. परिजन का रो रोकर बुरा हाल हो गया है. मृतक परिवार में एक मात्र कमाउ था. दैनिक मजदूरी कर परिवार चलाता था. राहगीरों ने जब शव को देखा तो इसकी सूचना पुलिस व परिजनों को दी. परिजनों व ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे और मुआवजा को लेकर सुबह 6 बजे से मुख्य पथ को जाम कर दिया.

स्थानीय पुलिस काफी समझाया पर लोग मुआवजा की मांग को लेकर अडे थे. सूचना पाकर सीओ चास दिवाकर दुबे भी पहुंचे. उन्होंने परिजनों को सरकारी प्रावधान के तहत मिलने वाली लाभ दिलाने का आश्वासन दिया पर वे लोग नहीं माने. पुनः वर्ता वर्ता में हिट एण्ड रन के तहत तीन लाख रुपये, आवास, पेंशन सहित अन्य सरकारी लाभ देने पर सहमति बनने के बाद 11 घंटे के बाद जाम को हटाया गया. परिजनों का कहना है कि ट्रेलर की चपेट में आने से उसकी मौत हुई है. इस रोड पर वेदांता इलेक्ट्रो स्टील का ट्रेलर चलता है, इस हिसाब से कंपनी को मुआवजा व नियोजन देना होगा. जाम के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारे लग गई थी. कंपनी का ट्रांसपोर्ट कार्य बाधित रही. परिजन ने इलेक्ट्रो स्टील वेदांत से नियोजन रोजगार की भी मांग किया है. वार्ता में चास सीओ दिवाकर दुबे के अलावा जेबीकेएस के कार्यकर्ता तथा मृतक के परिजन उपस्थित थे. मृतक नारायण राय चास मुफ्सिल थाना क्षेत्र बेलुंजा पंचायत के उसरडीह गाँव का था. शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया. सीओ ने अंतिम संस्कार के लिए नकद सात हजार दिया.

### 7 जून को संयुक्त मोर्चा का पैदल मार्च

**कथारा।** जारंगडीह कोलियरी को आउटसोर्सिंग में देने के खिलाफ आंदोलन की तैयारी पर विचार विमर्श को लेकर पीट मीटिंग का सिलसिला जारी है. जारंगडीह स्थित एटक कार्यालय में बीते दिन संयुक्त मोर्चा के बैनर तले किया गया. बैठक में यह निर्णय लिया गया कि आगामी 7 जून को जारंगडीह खुली खदान से कथारा जीएम कार्यालय तक पैदल मार्च निकालकर जोरदार तरीके से प्रदर्शन कर विरोध जताया जायेगा और कथारा महाप्रबंधक को स्मार पत्र सौपा जायेगा. वहीं इस बैठक के क्रम में जारंगडीह कोलियरी बचाव संघर्ष समिति बनाने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया. जिसका कन्वेनर चंद्रशेखर झा को चुना गया है. मौके पर जेबीसीसीआई सदस्य लखन लाल महतो, निजाम अंसारी, नवीन विश्वकर्मा, खागेश्वर रजक, अजय कुमार साव, बालगोविंद मंडल, अरविंद कुमार ओझा, विनोद कुमार झा, रामदास केवट, कामोद प्रसाद, राजकुमार मंडल, राकेश कुमार सिंह, नेमीचंद मंडल सहित दर्जनों लोग मुख्य रूप से मौजूद थे.

सुखदेव भगत निकटतम प्रतिद्वंद्वी समीर उरांव को 1 लाख 39 हजार मतों से हराया

# लोहरदगा में मोदी मैजिक फेल कांग्रेस की 15 साल बाद वापसी



कार्यकर्ताओं के साथ नवनिर्वाचित सांसद सुखदेव भगत.

हुसैन अंसारी। लोहरदगा

झारखंड के 12 लोहरदगा संसदीय सीट पर लगातार 15 सालों से भारतीय जनता पार्टी की पकड़ वाली सीट पर 2024 में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन की चौंकाने वाले फैसले से भाजपा कार्यकर्ताओं में हलचल पैदा कर दिया है. यहां पर लगातार तीन टर्म से लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे सुदर्शन भगत को इस बार आला कमान की ओर से चुनावी मैदान में नहीं उतारा गया था. उनके जगह पर भाजपा की आला कमान ने राज्यसभा सांसद समीर उरांव को चुनावी मैदान में उतारा था, लेकिन समीर उरांव ने आला कमान के भरोसे पर खरा उतरने में नाकाम साबित हुए.

यहां पर पीएम नरेंद्र मोदी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने भी चुनावी जनसभा को संबोधित कर समीर उरांव के पक्ष में मतदान करने हेतु जनता को प्रेरित किया था . इस बार पीएम मोदी की मैजिक लोहरदगा लोकसभा की जनता ने नकार दिया और इंडिया गठबंधन के पक्ष में जमकर मतदान कर सुखदेव भगत को प्रचंड जीत दिलाने में ऐतिहासिक कदम उठाने का काम कर दिखाया.

- बागी चमरा लिंडा वोट के लिए हांफते रहे, अपने विस क्षेत्र में भी जनता ने नकारा

सबसे मजेदार बात तो यह है कि झामुमो से बगावत होकर लोहरदगा लोकसभा सीट पर अपनी किस्मत आजमाने उतरे बिशनपुर विधानसभा क्षेत्र से लगातार तीन बार विधायक रहे चमरा लिंडा अपने ही विधानसभा क्षेत्र पर एक-एक वोट हासिल करने के लिए हांफते नजर आए. चमरा लिंडा को बिशनपुर विधानसभा क्षेत्र में 15 हजार वोट भी हासिल नहीं हुआ, जबकि पूरे लोकसभा क्षेत्र की बात करें तो हाफ संेचुरी भी लगाने में चमरा लिंडा नाकाम साबित हुए.

**लोहरदगा में इंडी गठबंधन नेताओं की चली** : लोहरदगा लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार सुखदेव भगत की ऐतिहसिक जीत का श्रेय कांग्रेस के नेता राहुल गांधी व इंडी गठबंधन के तमाम नेताओं और जनता एवं कार्यकर्ताओं को जाता है. जिनके बदौलत आज सुखदेव भगत लोहरदगा लोकसभा चुनाव में अपने निकटतम प्रतिद्वंदी समीर उरांव को न सिर्फ बड़े अंतर से हराकर संसद में जनता की आवाज़ बनने का सौभाग्य प्राप्त किया, बल्कि 15 सालों से भाजपा की पकड़ वाली सीट को हाथ के कब्जे में लाने में कामयाबी हासिल कर दिखाया.

## संस्कार अच्छे जीवन जीने के लिए प्रेरित करते हैं: बिशप

महुआडांड़(लातेहार)। महुआडांड़ माता चर्च परिसर में दृढ़ीकरण संस्कार ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया. महुआडांड़ पल्ली के 29 गांवों के 341 बच्चों ने दृढ़ीकरण संस्कार ग्रहण किया.


चतरा संसदीय क्षेत्र के नव निर्वाचित भाजपा सांसद श्री कालीचरण सिंह एवं चतरा लोकसभा क्षेत्र के तमाम मतदाताओं को हार्दिक शुभकामनायें



निवेदक : राजधनी प्रसाद यादव

प्रदेश कार्यकारिणी समिति सदस्य, सह लोकसभा संयोजक





धनबाद से भाजपा सांसद दुल्लू महतो को जोरदार जीत की बधाई

मो शमीम

समाज सेवी, धनबाद



धनबाद से भाजपा सांसद दुल्लू महतो को शानदार जीत की बधाई

मदन ठाकुर

समाज सेवी पुराना बाजार सब्जी मंडी, धनबाद





दुल्लू महतो की शानदार जीत पर बधाई और शुभकामनाएं





निवेदक : सौरभ तिवारी



चतरा संसदीय क्षेत्र के नव निर्वाचित भाजपा सांसद श्री कालीचरण सिंह को हार्दिक शुभकामनायें



निवेदक : सुभाष सिंह, जिला अध्यक्ष

मुखिया संघ, लातेहार



चतरा संसदीय क्षेत्र के नव निर्वाचित भाजपा सांसद श्री कालीचरण सिंह को हार्दिक शुभकामनायें

लातेहार जिले के तमाम मतदाता, संगठन के कार्यकर्ता एवं अन्य प्रबुद्ध जनों को आभार





पंकज सिंह
जिला अध्यक्ष, भाजपा, लातेहार



राकेश कुमार दुबे उर्फ बबलु दुबे
जिला उपाध्यक्ष, भाजपा, लातेहार



बंशी यादव
जिला महामंत्री, भाजपा लातेहार



हरेकृष्ण सिंह
पूर्व विधायक सह प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य





आभार

लोहरदगा लोकसभा में मिली प्रचण्ड जीत पर इंडिया गठबंधन के सभी सहयोगी दल के कार्यकर्ता कांग्रेस पार्टी का हर एक कार्यकर्ता एवं समस्त लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र की जनता का तहे दिल से आभार





मुजीबुर्रहमान उर्फ बबलू
कांग्रेसी कार्यकर्ता लोहरदगा जिला



मेंहदी हसन
कांग्रेसी कार्यकर्ता लोहरदगा



फहद खान
प्रदेश महासचिव युवा कांग्रेस कमेटी झारखंड प्रदेश



तारिक अनवर
अल्पसंख्यक जिला उपाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी लोहरदगा जिला



यूनुस अंसारी
अध्यक्ष किस्को प्रखंड कांग्रेस कमेटी



मुसर्रत नाज /अबुशमा परवेज उर्फ बंटी
कांग्रेसी कार्यकर्ता किस्को लोहरदगा

निवेदक : इंडिया गठबंधन के सभी कार्यकर्ता



दुल्लू महतो की जीत पर हार्दिक शुभकामनाएं





निवेदक : कुबेर एजेंसी

# गठबंधन पर भरोसा

यह जनादेश बहुरंगी और संघीय भारत की अवधारणा पर मुहर लगाता है. वास्तविक गठबंधन राजनीति की वापसी इसी बात का संकेत है कि देश न केवल आर्थिक असमानता के खिलाफ है, बल्कि चंद कारपारेट घरानों की बढ़ती अमीरी और बेपनाह छूट से भी परेशान है. लोकतंत्र और संविधान की गरिमा की हर कीमत पर रक्षा का भी जनादेश है. इसके साथ ही एक बार फिर कमजोर वर्गों के सामाजिक और आर्थिक हितों के पक्ष में भी जनादेश है. देश के सबसे कमजोर समूह के लोगों ने ही बार बार इस देश के लोकतंत्र की हिफाजत की है. किसी भी एक दल में आम वोटरों ने विश्वास नहीं व्यक्त किया है. इसका मतलब साफ है कि लोग आर्थिक और सामाजिक नीतियों में बडे बदलाव के हिमायती हैं. यानी समावेशी और सहकार के सामाजिक सरोकार के साथ समावेशी विकास के भी पक्ष में हैं. सरकार बनाने वाले दलों को इस संदेश को समझना चाहिए. चुनाव में जीत हासिल करने वाले दलों को भी जनता ने चेतावनी दी है. जनता की चेतावनी को नजरअंदाज करना राजनीतिक दलों के लिए हाराकिरी साबित होगी. भारत एक बहुभाषी बहुधार्मिक देश है और भारत की बहुसंख्यक जनता धार्मिक जरूर है, लेकिन सांप्रदायिक नहीं. यह संदेश भी चुनाव नतीजों में पढ़ा जाना चाहिए. नफरत की सियासत भारत के लिए अस्वीकार्य है. भारत के लोगों ने वर्ष 2024 के जनादेश में साफ कर दिया है कि जनता लोकतंत्र में किसी भी दल को स्वच्छंद व्यवहार की अनुमति नहीं देती. वह लोकप्रहरी की भूमिका में आ जाती है. अब चाहे सामने कितना भी कद्दावर नेता क्यों न हो, जनता देश में सशक्त विपक्ष की भूमिका की जरूरत भी महसूस करती है. देश में आपातकाल के बाद भी बदलाव का जनादेश आया था. सही मायनों में यह जनादेश किसी की जीत व हार का नहीं, बल्कि लोकतंत्र की जीत का है. विपक्ष आरोप लगाता रहा है कि सत्तारूढ़ दल निरंकुश व्यवहार करते हुए सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग विपक्षी नेताओं को भयभीत करने को करता है. कुछ विपक्षी दलों के मुख्यमंत्रियों एवं मंत्रियों को राजनीतिक दुराग्रह के लिए जेल भेजने के आरोप भी लगे हैं. उम्मीद की जानी चाहिए कि गठबंधन सरकार के दौर में अब सत्ताधीश निरंकुश व्यवहार नहीं कर पाएंगे. इस चुनाव परिणाम का इसी साल हरियाणा, महाराष्ट्र, झारखंड और जम्मू-कश्मीर में होने वाले विधानसभा चुनाव पर भी असर दिख सकता है. जनादेश ने भारतीय संवैधानिक संस्थाओं को मजबूती की जरूरत भी बतायी है. निश्चित रूप से इंडिया गठबंधन को इस सम्मानजनक स्थिति में लाने में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के मुखर प्रतिरोध ने विपक्ष को ताकत दी. वहीं दूसरी ओर इन लोकसभा चुनावों के परिणामों ने सत्ताधीशों को बताया है कि बेरोजगारी, महंगाई और आम जीवन से जुड़े मुद्दों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है. हरियाणा और राजस्थान में अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया का प्रतिकार युवाओं की अभिव्यक्ति के रूप में इन चुनावों में नजर आने की बात कही जा रही है.

> भारत के लोगों ने वर्ष 2024 के जनादेश में साफ कर दिया है कि जनता लोकतंत्र में किसी भी दल को स्वच्छंद व्यवहार की अनुमति नहीं देती. वह लोकप्रहरी की भूमिका में आ जाती है.

## सुभाषित

**नमन्ति फलिनो वृक्षाः नमन्ति गुणिनो जनाः।**
**शुष्ककाष्ठश्च मूर्खश्च न नमन्ति कदाचन॥**

जिस प्रकार फलों से लदी हुई वृक्ष की डाली झुक जाती है, ठीक उसी प्रकार से गुणीजन सदैव विनम्र होते हैं, किंतु मूर्ख उस सूखी लकड़ी के समान होता है, जो कभी नहीं झुकता. तात्पर्य यह कि जो गुणवान होते हैं, उनमें विनम्रता स्वाभाविक रूप से आ जाती है और सर्वप्रिय बन जाते हैं.

# इस बार जीत केवल जनता की है

**इस बार के परिणाम से यह भी साबित हो गया कि जनता को हल्के में लेना भारी पड़ सकता है. जनता जब मौन रहकर विचार करती है तो गंभीरता से विचार करती है और विवेकपूर्ण ढंग से निर्णय लेती है. जिस तरह बदलाव प्रकृति का नियम है, उसी तरह बदलाव ही लोकतंत्र की जान है. अमेरिकी राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन की एक बात सबको ध्यान में रखनी चाहिए–आप कुछ लोगों को हमेशा ही मूर्ख बना सकते हैं, सारे लोगों को कभी–कभी मूर्ख बना सकते हैं.**

• देश-काल



डॉ. प्रमोद पाठक

लोकसभा चुनाव के नतीजे तो आ गए. परिणाम कमोबेश अपेक्षित ही रहे. कम से कम उन थोड़े से लोगों की नजर में जो वस्तुनिष्ठ होकर सोचने वाली जमात थी . दरअसल मनोविज्ञान की नजर में जो सबसे जटिल प्रश्न है वह यही है. वस्तुनिष्ठ होकर सोचने वाली बात. यानी अपनी इच्छा और राय में फर्क करना. दरअसल इच्छा और राय में एक बड़ा बारीक अंतर है, जिसे समझना थोड़ा कठिन होता है. ज्यादातर लोग ऐसा नहीं कर पाते और वे पूर्वाग्रह के प्रभाव को अपने चेतन मन से हटाने में सफल नहीं होते. ऐसे लोग अक्सर वैसा ही देखते हैं जैसा कि वे देखना चाहते हैं. वे जनता पर भी अपने पूर्वाग्रह की दृष्टि से ही राय कायम करते हैं. गोस्वामी तुलसीदास ने अपने रामचरितमानस के एक दोहे में इसकी बड़ी सुंदर ढंग से व्याख्या की है-जाकी रही भावना जैसी, प्रभु मूरत देखी तिन तैसी. यानी हम अपने मनोभाव के अनुरूप ही चीजों को देखते समझते हैं. खैर, यह तो चुनाव परिणाम का एक मनोवैज्ञानिक आकलन था. लेकिन हमारा सरोकार इसके व्यावहारिक और राजनीतिक पक्ष से ज्यादा है. इस बार के चुनाव के परिणाम से जो निष्कर्ष निकाले जा सकते हैं, उनका बड़ा महत्व है. विशेष रूप से भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था के संदर्भ में, लेकिन इससे पहले एक निष्पक्ष टिप्पणी भारतीय जनता के बारे में. तो चाहे जो भी कह लें, लेकिन एक चीज तय है-मेरा भारतीय वोटर महान. भले ही तथाकथित विशेषज्ञ और विश्लेषक इसका जो भी अर्थ निकालें, इस पर जो भी टिप्पणी करें. लेकिन यह एक सत्य है, जो भारतीय मतदाता ने बार-बार अपने व्यवहार से स्थापित किया है. लैटिन भाषा का एक मुहावरा है-आवाम की आवाज भगवान की आवाज होती है. इसीलिए तो राजनीति में कई बार जनता जनार्दन का रूप मानी जाती है. तो कुल मिलाकर जनता ने अपने मतदान से भारतीय लोकतंत्र की सुरक्षित नियति पर मोहर लगा दी. एक बड़ा निष्कर्ष, जो निकाला जा सकता है इस बार के लोकसभा चुनाव के परिणाम का वह यह कहा कि हमारा लोकतंत्र समृद्ध और जीवंत है और इसको बचाने के लिए जनता जनार्दन कटिबद्ध है.

इस बार के परिणाम से यह भी साबित हो गया कि जनता को हल्के में लेना भारी पड़ सकता है. जनता जब मौन रहकर विचार करती है तो गंभीरता से विचार करती है और विवेकपूर्ण ढंग से निर्णय लेती है. जिस तरह बदलाव प्रकृति का नियम है, उसी तरह बदलाव ही लोकतंत्र की जान है. अमेरिकी राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन की एक बात सबको ध्यान में रखनी चाहिए- आप कुछ लोगों को हमेशा ही मूर्ख बना सकते हैं, सारे लोगों को कभी-कभी मूर्ख बना सकते हैं, लेकिन सारे लोगों को हमेशा मूर्ख नहीं बना सकते. यह लोकतंत्र का स्वर्णिम पाठ है. तो इस बार के चुनाव काफी जटिल रहे, जहां तक उनके परिणामों के बारे में भविष्यवाणी करने का सवाल था. और यही वजह है कि तमाम चुनाव विश्लेषक चूके. वैसे यहां हम एग्जिट पोल वालों की बात नहीं कर रहे हैं, क्योंकि वह तो चूके नहीं, बल्कि वही कर रहे थे जो उन्हें कहने को कहा जा रहा था. कहने की आवश्यकता नहीं कि ऐसे तमाम प्रयास विफल रहे. वैसे इस भीड़ में भी कुछ निष्पक्ष राय रखने वाले लोग सही साबित हुए. कुल मिलाकर इस बार के चुनाव भारतीय लोकतांत्रिक इतिहास के लिए मील का पत्थर साबित होंगे. हमारी लोकतांत्रिक परंपरा की समृद्धि कायम रही और जनता ने उस पर अपना विश्वास साबित किया. इन चुनाव परिणाम में जो सबसे महत्वपूर्ण चीज देखने को मिली, वह यह रही कि एक सबल विपक्ष तैयार हुआ, जो कि लोकतंत्र की जीत का पहला मंत्र है. विपक्ष जब कमजोर होता है तो लोकतंत्र मजबूर हो जाता है.



इन चुनाव परिणाम से जनता ने लोकतंत्र को मजबूती प्रदान की. वैसे अभी इस पर बहुत से लोग मंथन करेंगे और अपने-अपने तरीके से अपना मंतव्य देंगे, लेकिन जनता ने जो मंतव्य दिया है, वह स्पष्ट है-हमें हल्के में मत लो. इस तरह के उलट फेर से ही तो लोकतांत्रिक व्यवस्था चलती है. कुछ परिणाम वाकई चौंकाने वाले थे. जैसे उत्तर प्रदेश के नतीजे. वहां जो कुछ भी हुआ वह साधारणतया अपेक्षित नहीं था, लेकिन यही तो जानता है. क्या सोचती है, क्या करती है, क्यों करती है, इस पर कयास लगाना इतना आसान नहीं है. वैसे इस तरह के अप्रत्याशित परिणाम और भी कुछ राज्यों के रहे. जैसे बिहार, कर्नाटक, उड़ीसा इत्यादि, लेकिन उत्तर प्रदेश के परिणाम को गेम चेंजर कहा जा सकता है. कुछ और भी चीज इन चुनाव के परिणाम से हम समझ सकते हैं. पहली चीज तो यह कि कांग्रेस मुक्त भारत की कल्पना बेमानी है. भारतीय लोकतंत्र में कांग्रेस का एक अलग स्थान है और वह रहेगा.

साथ ही हम विचारधारा आधारित दो दलीय व्यवस्था की ओर तो नहीं, लेकिन दो बड़े राजनीतिक गठबंधन के दौर की ओर बढ़ रहे हैं, जिसमें क्षेत्रीय दल तो रहेंगे, लेकिन वह किसी न किसी गठबंधन का हिस्सा रहेंगे. यह व्यवस्था भी राष्ट्रीय एकता के हक में है और एक और भी महत्वपूर्ण बात जो इस बार के चुनाव परिणाम से निकल कर आती है-राहुल गांधी के मोहब्बत की दुकान के ग्राहक अब बढ़ रहे हैं और उनकी स्वीकार्यता ज्यादा व्यापक हो रही है. यानी राहुल गांधी को खारिज करने के प्रयास सफल नहीं हुए और कृत्रिम बुद्धि के हथियार जैसे डीप फेक टेक्नोलॉजी अब जनता को बरगलाने में सफल नहीं हो रहे.

• बोधि-वृक्ष | सुज्ञ



## धर्म का असर

एक व्यक्ति ने साधक से पूछा " क्या कारण है कि आज धर्म का असर नहीं होता?" साधक बोले- यहां से दिल्ली कितनी दूर है?, उसने कहा- दो सौ माईल. "तुम जानते हो?" हां मै जानता हूँ. क्या तुम अभी दिल्ली पहुंच गये? पहुंचा कैसे? अभी तो यहां हूं. चलूंगा तब न पहुंचूंगा. साधक बोले, यही तुम्हारे प्रश्न का उत्तर है, दिल्ली तुम जानते हो, पर जब तक तुम उस ओर प्रस्थान नहीं करोगे, तब तक दिल्ली नहीं पहुंच सकोगे. यही बात धर्म के लिए है. लोग धर्म को जानते हैं, पर जब तक उसके नियमों पर नहीं चलेंगे, उस ओर गति नहीं करेंगे, धर्म पा नहीं सकेंगे, अंगीकार किये बिना धर्म का असर कैसे होगा? शिष्य गुरु के पास आकर बोला, गुरुजी हमेशा लोग प्रश्न करते है कि धर्म का असर क्यों नहीं होता. मेरे मन में भी यह प्रश्न चक्कर लगा रहा है. गुरु समयज्ञ थे, बोले- वत्स! जाओ, एक घडा शराब ले आओ. शिष्य शराब का नाम सुनते ही आवाक् रह गया. गुरु और शराब! वह सोचता ही रह गया. गुरु ने कहा सोचते क्या हो? जाओ एक घड़ा शराब ले आओ. वह गया और एक छलाछल भरा शराब का घडा ले आया. गुरु के समक्ष रख बोला-"आज्ञा का पालन कर लिया." गुरु बोले – "यह सारी शराब पी लो." शिष्य अचंभित, गुरु ने कहा शिष्य! एक बात का ध्यान रखना, पीना पर शीघ्र कुल्ला थूक देना, गले के नीचे मत उतारना. शिष्य ने वही किया, शराब मुंह में भरकर तत्काल थूक देता, देखते देखते घडा खाली हो गया. आकर कहा- "गुरुदेव घडा खाली हो गया." "तुझे नशा आया या नहीं?" पूछा गुरु ने. गुरुदेव! नशा तो बिल्कुल नहीं आया. अरे शराब का पूरा घडा खाली कर गये और नशा नहीं चढा? "गुरुदेव नशा तो तब आता जब शराब गले से नीचे उतरती, गले के नीचे तो एक बूंद भी नहीं गई फ़िर नशा कैसे चढता." गुरु ने समझाया- बस फिर धर्म को भी ऊपर ऊपर से जान लेते हो, गले के नीचे तो उतरता ही नहीं, व्यवहार में आता नहीं तो प्रभाव कैसे पडेगा. पतन सहज ही हो जाता है, उत्थान बडा दुष्कर. दोषयुक्त कर्म प्रयोग सहजता से हो जाता है,किन्तु सत्कर्म के लिए विशेष प्रयासों की आवश्यकता होती है. पुरुषार्थ की अपेक्षा रहती ही है. जिस प्रकार वस्त्र सहजता से फट तो सकता है, पर वह सहजता से सिल नहीं सकता. बस उसी प्रकार हमारे दैनंदिनी आवश्यकताओं में दूषित कार्य संयोग स्वतः सम्भव है.

# विदेशी मीडिया की नजर में भारत का जनादेश

• विदेशी मीडिया

कुमार दिनेश

दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत के लोकसभा चुनाव नतीजों पर न सिर्फ देश की ही नहीं, बल्कि विदेशी मीडिया की निगाहें टिकी हुई हैं. देश के ही नहीं, विदेश के मीडिया हाउस भी भारत के चुनाव को कवर कर रहे हैं. विदेशी मीडिया ने एनडीए को बहुमत मिलने पर अलग-अलग टिप्पणियां की हैं. ब्रिटिश अखबार द गार्जियन की वेबसाइट की रिपोर्ट ने लिखा है कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने नेतृत्व में हो रहे इस तीसरे चुनाव में जबरदस्त जीत के दावे कर रहे थे, लेकिन इन रुझानों से पता चलता है कि उन्होंने वो शानदार जीत हासिल नहीं की है, जिसकी कई लोगों ने भविष्यवाणी की थी. न्यूयॉर्क टाइम्स ने नतीजों को प्रधानमंत्री मोदी के 10 साल के कार्यकाल पर रेफरेंडम बताया है. टाइम्स के मुताबिक काफी हद तक नरेंद्र मोदी को तीसरे कार्यकाल में काम करने का मौका मिलेगा. रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में नए बने विपक्षी गठबंधन ने मोदी की बंटवारे की राजनीति के खिलाफ वोट मांगा था. विपक्ष ने लोगों के मन में ये डर भरा था कि अगर भाजपा सत्ता में आई तो संविधान बदल देगी. न्यूयॉर्क टाइम्स ने लिखा कि एग्जिट पोल्स में भाजपा की बड़ी जीत का अनुमान लगाया गया था. बड़े बहुमत की खबरों से सोमवार को भारत के शेयर मार्केट ने रिकॉर्ड सेट किया. हालांकि मंगलवार सुबह कहानी बदल गई. जैसे ही नतीजे आने शुरू हुए तो एग्जिट पोल्स के उलट विपक्ष टक्कर देता दिखाई देने लगा. सीएनएन लिखता है कि भारत के सबसे पॉपुलर लेकिन विवादित नेता को तीसरे टर्म का इंतजार है. पीएम मोदी ने दुनिया के सबसे बड़े आबादी वाले देश में लगातार तीसरी बार चुनाव जीतने के लिए कैंपेन में इस्लाम विरोधी भाषा का इस्तेमाल कियाअलजजीरा ने लिखा कि पीएम मोदी की भाजपा और एन.डी.ए. गठबंधन सभी दलों से आगे रही. चुनौती देने के लिए बनाया गया गठबंधन इंडिया अलायंस ने उन्हें कड़ी टक्करदिया. कांग्रेस ने उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन किया है. नतीजों में कड़ा संदेश छिपा है, कि मोदी फिर से सत्ता में आने के बाद अपनी कितनी पीठ थपथपा लें, लेकिन वह बेरोजगारी और महंगाई के मुद्दे को छिपा नहीं सकते. मोदी को जरूरत है कि वह इन मुद्दों पर कुछ करें, अभी तक उन्होंने पुरानी सरकारों पर दोष मढ़ा है. लोग उनसे जवाब मांग रहे हैं.

पाकिस्तानी अखबार डॉन में जावेद नकवी ने लिखा कि चुनाव परिणाम यह तय करेगा कि भारत का लोकतंत्र में कितना यकीन है. उन्होंने आगे लिखा कि चुनाव प्रचार के दौरान पीएम मोदी ने मुसलमानों पर कई बार हमला किया. उन्होंने मुस्लिमों को घुसपैठिया बताया और 80 प्रतिशत हिंदुओं को डेमोग्राफिक डर दिखाया. उन्होंने दावा किया कि मुस्लिमों की नजर हिंदू महिलाओं के मंगलसूत्र और हिंदुओं के रोजगार पर है. उन्होंने कांग्रेस के मेनिफेस्टो को मुस्लिम लीग का डॉक्यूमेंट बताया.बीबीसी ने लिखा कि नतीजे तय करेंगे कि नरेंद्र मोदी को तीसरा कार्यकाल मिलेगा या नहीं. वे लगातार सबसे ज्यादा वक्त तक भारत के प्रधानमंत्री चुने जाने वाले जवाहरलाल नेहरू के रिकॉर्ड को तोड़ पाएंगे या नहीं.न्यूयॉर्क टाइम्स ने नतीजों को प्रधानमंत्री मोदी के 10 साल के कार्यकाल पर रेफरेंडम बताया है. टाइम्स के मुताबिक, 'काफी हद तक नरेंद्र मोदी को तीसरा टर्म मिलेगा. भारत में नए बने विपक्षी गठबंधन ने मोदी की बंटवारे की राजनीति के खिलाफ वोट मांगा था. विपक्ष ने लोगों के मन में ये डर भरा था कि अगर भाजपा सत्ता में आई तो संविधान बदल देगी.' फ्रांस के सबसे बड़े अखबार ली मांछ ने कहा है नरेंद्र मारेदी तीसरी बार सत्ता में रह सकते हैं लेकिन इस बार उन्हें जनादेश चेतावनी के साथ मिला है. उनकी पार्टी को 240 के आसपास सीटें मिली हैं. मोदी ने 200 से ज्यादा रैलियां की लेकिन उनका जूदे नहीं चला है. इतनी कम सीटों के सहारे अब मोदी संविधान में बदलाव नहीं कर सकते हैं. सीएनएन ने मोदी के इस्लमविरोधी भाषा को ले कर टिप्पणी की है अब उन्हें सरकार बनाने के लिए गठबंधन का सहरा लेना होगा.बांग्लादेशी के अखबार द डेली स्टार ने लिखा- ऐसा लगता है कि इस बार 'कमजोर' भाजपा की सरकार बनेगी.इसके साथ ही बांग्लादेशी अखबार ने सीएम ममता बनर्जी की तारीफों के पुल भी बांधे हैं. अखबार लिखता है कि एग्जिट पोल्स में तृणमूल कांग्रेस को काफी कम सीटें दिखाई गई थीं, लेकिन असल परिणाम कुछ और बता रहे हैं. ममता बनर्जी ने बीजेपी को एक बार फिर से मात दी है. द वाशिंगटप पोस्ट ने इस जनादेश को मोदी के नेतृत्व को नकारने जैसा बताया है. एक तरह से यह नरेंद्र मोदी की अप्रत्याशित हार जेसे नतीजे हैं.

> फ्रांस के सबसे बड़े अखबार ली मांछ ने कहा है नरेंद्र मारेदी तीसरी बार सत्ता में रह सकेते हैं लेकिन इस बार उन्हें जनादेश चेतावनी के साथ मिला है. उनकी पार्टी को 240 के आसपास सीटें मिली हैं. मोदी ने 200 से ज्यादा रैलियां की लेकिन उनका जूदे नहीं चला है. इतनी कम सीटों के सहारे अब मोदी संविधान में बदलाव नहीं कर सकते हैं.

# लोकसभा चुनाव के नतीजें : हर एक के लिए चेतावनी

• सामयिकी

प्रेमकुमार मणि

लोकसभा चुनाव के नतीजों को लेकर अलग-अलग व्याख्याएं हो रही हैं और होनी चाहिए. यह लोकतान्त्रिक समाज के जीवंत होने के प्रमाण हैं. कुछ लोग हैं,जो कांग्रेस मुक्त भारत का मिजाज रखते हैं, तो ऐसे भी हैं जो संघ-भाजपा मुक्त भारत की कामना करते हैं. मैं एक संतुलन चाहता हूँ. देश में उदार और अनुदार पक्ष बना रहे और इसकी रस्साकशी पर मुल्क की राजनीति कायम रहे, मैं ऐसा चाहने वालों में हूँ. उदारता के आवारा हो जाने और अनुदारता के जड़ता में तब्दील होने की आशंका बनी रहती है,इसीलिए मैं संतुलन का आकांक्षी हूँ. क्रम से दिन और रात की तरह दोनों पक्ष आते रहें. लोकतंत्र में यही अपेक्षित है. लेकिन आज भी हमारे समाज में जनतांत्रिक संस्कृति कमजोर है. देवपूजा और भक्ति की संस्कृति के साथ लोकतंत्र नहीं चलता. यह स्वस्थ आलोचना के साथ ही संभव होता है. दुर्भाग्य से हमारे देश में यह संस्कृति नहीं है. संयुक्त राज्य अमेरिका में कोई राष्ट्रपति दो टर्म के बाद उस पद पर चुनाव नहीं लड़ सकता. वाशिंगटन ने ही इस कायदे की वकालत की थी. दक्षिण अफ्रीका में नेल्सन मंडेला ने अगली बार चुनाव लड़ने से मना कर दिया. हमारे ही देश में तमिलदेश के मुख्यमंत्री कुमारसामी कामराज ने सात साल के बाद यह कहते हुए अपने पद से इस्तीफा देने की पेशकश कर दी की अब मेरा काम खत्म हो गया. इतिहास में जाएं तो चन्द्रगुप्त मौर्य ने अपनी उम्र के अड़तालीसवें वर्ष में स्वयं सत्ता छोड़ दी और सन्यासी हो कर दक्षिण प्रदेश में चले गए. लेकिन यह सब आज क्यों नहीं संभव हो रहा. हमारे राजनेताओं को अंतिम सांस तक कुर्सी चाहिए. मैं जवाहरलाल नेहरू के व्यक्तित्व से प्रभावित रहा हूँ. लेकिन वह ऑफिस में मरे इसकी भरपूर आलोचना भी करता हूँ. उन्हें 1957 में ही पद छोड़ देना था. यदि ऐसा उन्होंने किया होता तो उनका व्यक्तित्व कितना भव्य हुआ होता . चुनाव के इन नतीजों ने प्रधानमंत्री मोदी केलिए एक संकेत दिया है. आपका कार्यकाल पूरा हो गया. इसे उन्हें समझना चाहिए था.लेकिन कल शाम में अपनी पार्टी के लोगों के बीच वह जिस तरह दहाड़ रहे थे उस से यही लगता है कि वह जनादेश का मर्म नहीं समझ रहे हैं. यह ठीक है कि एनडीए और इंडिया मोर्चे के बीच चुनावी संघर्ष था और गणितीय तौर पर एनडीए आगे है. लेकिन इतना तो तय है कि भाजपा चुनाव हार चुकी है. यह एनडीए की जीत हो सकती है,भाजपा और मोदी की नहीं. भाजपा को दस साल पहले लोकसभाचुनाव के 2014 चुनाव में 282 सीटों के साथ स्पष्ट बहुमत मिला था और 2019 में वह बढ़ कर 303 हो गया. दोनों दफा एनडीए का ढांचा था, लेकिन भाजपा को पूर्ण बहुमत आया था. भाजपा और उसके नेता नरेंद्र मोदी केलिए यह इसलिए महत्वपूर्ण था कि 1984 के बाद किसी दल को पूर्ण बहुमत नहीं आया था. इसी रुतबे ने नरेंद्र मोदी को भाजपा का ' चक्रवर्ती ' नेता बना दिया. धीरे-धीरे उनकी बोली-बानी में इसका तेवर दिखने लगा. वह एक सनक में जीने लगे. अंततः कुछ रोज पहले उन्होंने यह बात सार्वजनिक कर ही दी कि उनका जन्म बायोलॉजिकल से कुछ अलग है. वह अवतारी पुरुष हैं, ऐसी बातें उनके मन में घुमड़ती होगी. इन्हीं सब का प्रतिफलन था कि उन्होंने 400 पार की एक लाइन खींच दी थी.केवल मैं हूँ, दूसरा नहीं. (एकोअहम् द्वितीयो नास्ति ). जनता ने इसी घमंडिया प्रवृति पर चोट की है. कुल मिला कर भारत की जनता ने उन्हें करारा जवाब दिया है. उन्हें 272 के भीतर ला दिया. अब ऐसे में उनके भीतर कुछ नैतिकता यदि है तो पूरी शालीनता से प्रधानमंत्री पद से अलग हो किसी अन्य काम में, या फिर पार्टी संगठन में अपने को लगा दें.. शी जिनपिंग और पुतिन बनने की होड़ से उन्हें बचना चाहिए. लेकिन उनके इर्द-गिर्द के चापलूस उन्हें ऐसा शायद ही करने दें. वे इन नतीजों की अभिनव व्याख्या करेंगे और अपने नेता को खुश रखेंगे. सत्ता का यही चरित्र होता है. इस चरित्र को समझने और तोड़ने वाले इतिहास पुरुष होते हैं. माननीय प्रधानमंत्री श्री मोदी में यदि कोई गरिमा और नैतिकता है तो उन्हें विनम्रता पूर्वक जनादेश का सम्मान करते हुए अविलम्ब अपने पद से इस्तीफा कर देना चाहिए. देश की जनता से उन्होंने 400 पार का बहुमत माँगा था, क्योंकि उन्हें देश का आमूलचूल परिवर्तन करना था. जनता ने इसे न केवल नकार दिया है बल्कि उन्हें 272 के भीतर ला कर बता दिया है कि उन्हें यह स्वीकार नहीं है. जनता का यह भी संकेत है कि भाजपा अपना नेता तुरंत बदले और एनडीए की काया में सरकार में आए. वस्तुतः यह दम्भ और तानाशाही की पराजय है.

> संयुक्त राज्य अमेरिका में कोई राष्ट्रपति दो टर्म के बाद उस पद पर चुनाव नहीं लड़ सकता. वाशिंगटन ने ही इस कायदे की वकालत की थी. दक्षिण अफ्रीका में नेल्सन मंडेला ने अगली बार चुनाव लड़ने से मना कर दिया. हमारे ही देश में तमिलदेश के मुख्यमंत्री कुमारसामी कामराज ने सात साल के बाद यह कहते हुए अपने पद से इस्तीफा देने की पेशकश कर दी की अब मेरा काम खत्म हो गया.

## मीडिया में अन्यत्र

# लोकतंत्र में लोक ही सर्वोपरि

**लोकतंत्र** के केंद्र में जनता होती है और उसे होना भी चाहिए. 18वें आम चुनाव के नतीजों में जनता ने इसी सिद्धांत को स्पष्ट रूप से दोहराया है. ज्योंही चार जून को जनादेश सामने आया, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) लोकसभा में पूर्ण बहुमत से दूर रह गई जो कि चुनाव अभियान के दौरान उसके द्वारा किए गए दावों से कोसों दूर है. हालांकि, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए), जिसकी अगुवाई भाजपा कर रही है, ने 290 से ज्यादा सीटें प्राप्त करके बहुमत हासिल कर लिया है. भाजपा की अपनी सीटें 240 हैं, जोकि 2019 की 303 सीटों की उसकी ताकत से 63 कम है. एनडीए के दो सहयोगी, बिहार में जद (यू) और आंध्र प्रदेश में टीडीपी, जिन्होंने क्रमशः 12 और 16 लोकसभा सीटें जीती हैं, सामान्य तौर पर अन्य क्षेत्रीय दलों की तरह, लोकसभा में महत्वपूर्ण प्रभाव रखेंगे. जनता का फैसला इससे ज्यादा स्पष्ट नहीं हो सकता - वह चाहती है कि भाजपा देश के विभिन्न समुदायों एवं क्षेत्रों की राजनीतिक आकांक्षाओं के प्रति और ज्यादा सौहार्दपूर्ण तथा कम टकराव वाला रवैया रखे. यह जनादेश लामबंदी की एक रणनीति के रूप में सांप्रदायिक ध्रुवीकरण, जोकि भाजपा के चुनाव अभियान का मुख्य आधार बन गया था, की सीमाओं को भी दर्शाता है. चुनाव का यह नतीजा भाजपा को जवाबदेह बनाता है तथा उससे और ज्यादा रचनात्मक होने की मांग करता है. भाजपा को लोकतांत्रिक भावना के साथ इस संदेश पर ध्यान देना चाहिए और 10 साल बाद गठबंधन की राजनीति के दोबारा उभरने की हकीकत के अनुरूप खुद को ढालना चाहिए. वर्ष 2019 की अपनी संख्या को लगभग दोगुनी करते हुए 99 सीटों तक पहुंचने वाली कांग्रेस ने भारतीय राजनीति के दूसरे ध्रुव के रूप में अपनी हैसियत बहाल कर ली है. हालांकि, वह काफी अंतर से पिछड़कर दूसरे स्थान पर रही. उसे भी इस जनादेश का सम्मान करना चाहिए और फिलहाल चुनाव-बाद का कोई भी गठबंधन बनाने का प्रयास करने के लोभ से बचना चाहिए. कांग्रेस की अगुवाई वाला चुनाव-पूर्व गठबंधन - इंडिया - बहुमत का आंकड़ा पार नहीं कर पाया है, जबकि एनडीए ने ऐसा किया है. जनता के प्रति सम्मान की खातिर सभी पार्टियों को अपने चुनाव-पूर्व गठबंधनों और नजरिए पर डटे रहना जरूरी है. कांग्रेस कई आंतरिक विरोधाभासों के बावजूद एक गठबंधन बनाने और उसकी अगुवाई करने में कामयाब रही है तथा इसके नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को चुनौती पेश करने वाले एक नेता के रूप में खुद को लोगों की नजरों में ऊपर उठाया है. कांग्रेस का संगठन, उसकी रणनीति और संचार का उसका तौर-तरीका इस बार उसके लिए कारगर रहा, जबकि भाजपा अपने दावों के बरक्स इन तीनों पहलुओं पर पिछड़ गई. (द हिंदू)



## शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

### ऋत/ऋति/ऋतु

**एक** ऋतु आये, एक ऋतु जाये, दीप जलाये, दीप बुझाये, कभी हंसाये, कभी रुलाये. एक ऋतु आये एक ऋतु जाये. यह 1966 में आयी हिंदी फिल्म सौ साल बाद के एक गीत का मुखड़ा है, जिसे शास्त्रीय संगीत से आबद्ध इस गीत को मन्ना डे और लता मंगेशकर ने अपनी आवाज साकार किया था. फिल्मी गीतों में ऐसे गीतों की संख्या नगण्य है, जिसमें ऋतु शब्द का प्रयोग हुआ हो. ऋतु या मौसम को चित्रित करनेवाले ऐसे गीतों की संख्या पर्याप्त है, जिसमें ऋतु के स्थान पर रुत शब्द का प्रयोग हुआ है. जैसे तू भी आजा के आ गई रुत मस्तानी, ओ ढोल सजना, ढोल जानी, मेरी गली आ, तेरी मेहरबानी. या मेरे सपनों की रानी कब आयेगी तू, आयी रुत मस्तानी कब आयेगी तू. ऋतु संस्कृत मूल का तत्सम संज्ञा स्त्रीलिंग शब्द है. इसका अर्थ है मौसम, वातावरण में होनेवाले परिवर्तन, वातावरण के अनुसार वर्ष के छह परिवर्तन-ग्रीष्म, वर्षा, शरद, हेमंत, शिशिर, बसंत, रजोदर्शन. ऋतु से बने कई शब्दों का प्रयोग हिंदी में अक्सर होता है. उन्हीं शब्दों में है ऋतुकर जिसका मतलब है वृक्ष, वन जो पर्यावरण के संतुलन को बनाये रख कर ऋतुचक्र को व्यवस्थित करते हैं. ऋतुचर्या यानी ऋतु के अनुसार आहार-विहार का पालन, गरमी, वर्षा आदि ऋतुओं के अनुसार आहार-विहार, ऋतुराज यानी बसंत ऋतु, मधुमास. विशिष्ट मौसम में उत्पनन या होनेवाले फल को ऋतुफल कहा जाता है. जैसे ककड़ी, आम आदि, मौसमी फल. वेदों और उपनिषदों में ऋत शब्द का प्रयोग बहुत अधिक मिलता है. यह संज्ञा पुल्लिंग है. इसका अर्थ है सत्य, सृष्टि का आदि तत्व, मोक्ष, मुक्ति, यज्ञ, कर्मों का फल, उच्छवृत्ति यानी अनाज की कटाई बाद जो दाने खेतों में गिरे रह जाते हैं, उन्हें एकत्र करके जीविका निर्वाह करना. विशेषण के रूप में इसी शब्द अर्थ होता है सत्य, सच्चा, नैतिक, उचित, प्रकाशित, दीप्त. ऐसा ही तत्सम संज्ञा स्त्रीलिंग शब्द है ऋति. इसका मतलब है समृद्धि, मंगल, कल्याण, अभ्युदय, निंदा, स्पर्धा.

# मैं इस देश का बहुत महान आदमी

• तीर-तुक्का

सुरेश सौरभ

मैं इस देश का बहुत महान आदमी हूं. महान इसलिए अपने आप को कह रहा हूं, क्योंकि खुद को महान कहते-कहते मीडिया वाले भी मुझे अब महान बना चुके हैं. जीते जी और मरने के बाद भी मुझे महान ही बने रहने की हसरत है. मरने बाद इस पावन मातृभूमि पर मेरी विश्व की सबसे बड़ी मूर्ति लगाई जाए, ऐसी दिल-फेफड़े-गुर्दे में तमन्ना पाले बैठा हूं. लेकिन आजकल पता नहीं क्यों, लोग मेरी महानता से बेवजह जलने-भुनने लगे हैं. जरा-जरा सी बात के लिए बस मेरी ही टांग खिंचाई करते हैं. खाने को तो मैं बिना डकारे पूरा देश खा सकता हूं, पर मैं ऐसा न करके सबको खाने-कमाने का चांस दे रहा हूं और फिर मैं सभी छोटे-बड़े देवी देवताओं की, अपने पूरे खानदान की, कसम खाकर कहता हूं कि मैं हन्डरेड टेन परसेन्ट पूरी तरह दूध से नहाया-धोया हुआ बिलकुल पाक-साफ सत्तावन इंची सीने का जिंदादिल शेर का बच्चा हूं या पठान का बच्चा हूं. यानी जिसका भी हूं, बिलकुल सीधा-सच्चा हूं और सबका चच्चा हूं. संडे-मंडे या सब दिनों में अपनी सेहत बनाने के लिए जब आप अंडे खा सकते हैं तो राष्ट्रहित में थोड़े डंडे क्यों नहीं खा सकते. लाठी-डंडे गोली खाकर हमारे बाप-दादाओं ने हमें आजादी दी थी. इसलिए आज हम आजाद हिंद में अपनी सांसें बाहर-भीतर सुड़क रहे हैं. मैंने भी संघर्ष करते हुए कभी लाठियां खाईं हैं, कभी गालियां खाईं थीं, किसके लिए? इस देश के लिए. मैं रहूं या इस जहान से चुक जाऊं, पर देश नहीं चुकना चाहिए. कुछ लोग कह रहे हैं कि अगर जेएनयू के छात्रों पर जब डंडे चलाये जा सकते थे तो बीएचयू में जो छात्र एक मुस्लिम टीचर का विरोध कर रहे थे, उनको क्यों नहीं तिड़ी किया गया. इसमें मेरा कोई रोल नहीं. यह सरासर नाइंसाफी है. हर ओर-छोर पर जाने क्यों लोग मेरी बुराई-भलाई कर रहे हैं. पता नहीं, बुराई-भलाई करने में लंपटों को क्यों मजा आता है. मैं तो यही कहूंगा- न कर पूत भतार बुराई, एक दिन तोरे आगे आई. एक चाय वाला देश चला रहा है यह किसी को भा नहीं रहा है, मार अंदर-बाहर लोगों के जलन खाए जा रही हैं. मरे जा रहे हैं. पता नहीं क्यों दूसरे को खाता-पीता देखकर लफंगों को फूटी आंखों नहीं सुहाता. अगर डंडे चलाये गए तो उसमें भी कोई राष्ट्रीय हित छिपा होगा. राष्ट्रीय हितों में लोगों को हमारा सहयोग करना चाहिए. देश की एकता अखंडता संप्रभुता कायम रखने के लिए और देश का विकास करने के लिए हम हर समय आपकी सेवा में तत्पर हैं.



# लाइफ लाइन

सेलेब्स डाइट सीक्रेट : रकुल प्रीत सिंह

## बुलेट कॉफी और प्रोटीन शेक है फिटनेस का राज

*रकुल प्रीत सिंह बी टाउन की फिट एक्ट्रेसेस में से एक हैं. अक्सर वे खुद सोशल मीडिया पर इसके राज खोलती रहती हैं. रकुल के अनुसार डाइटिंग का मतलब कतई ये नहीं है कि आप भूखे रहें. डाइटिंग और फिटनेस केवल बैलेंस डाइट लेना और एक हेल्दी रूटीन को फॉलो करना है. इससे फिट रहने और वेट लॉस करने में मदद मिलती है. बकौल रकूल, मैं नो ग्लूटेन और नो डेयरी डाइट फॉलो करती हूं.*



**दिन की शुरुआत बुलेट कॉफी से**

रकूल दिन की शुरुआत बुलेट प्रूफ कॉफी से करती हैं. बुलेट कॉफी को आप घी कॉफी भी कह सकते हैं. इसे बनाने के लिए एक चम्मच कॉफी पाउडर, एक कप गुनगुना पानी और हेल्दी फैट के तौर पर एमसीटी ऑयल या घी या फिर बिना नमक के बटर या नारियल के तेल की जरुरत होती है. इन सब चीजों को ब्लेंडर में डालकर अच्छे से ब्लेंड कर बुलेटप्रूफ कॉफी तैयार होती है.

**वर्कआउट के बाद प्रोटीन शेक**

एक मग बुलेट कॉफी लेने के बाद रकुल प्रीत जिम में जम कर पसीने बहाती हैं. वे नियमित रूप से एक्सरसाइज करती हैं और सख्त वर्कआउट रूटीन फॉलो करती हैं. इसके बाद रकूल एक खास तरह का शेक पीती हैं जो प्रोटीन से भरपूर है. इसके लिए 2/3 कप घर का बना कोकोनट मिल्क, 2/3 कप पानी, 1 स्कूप व्हे आइसोलेट पाउडर, 1 चम्मच फ्लैक्ससीड्स और दो केले की जरुरत होती है. इन सभी चीजों को एक मिक्सी में डालकर अच्छी तरह ब्लेंड कर के प्रोटीन स्मूदी तैयार की जाती है. इस शेक को बतौर ब्रेकफास्ट लेती हैं. कभी कभी स्वाद बढ़ाने के लिए वे ऊपर से एक चम्मच शहद और एक चुटकी दालचीनी का पाउडर छिड़कती हैं.

**दिन का खाना सादा**

दिन के खाने में अक्सर दाल, चावल सब्जी आदि होता है. ईवनिंग स्नैक के तौर पर भूने मखाने, भूने चने आदि के साथ नारियल पानी लेती हैं. डिनर आमतौर पर रात साढे सात तक कर लेती हैं. इसमें ग्रिल्ड वेजिटेबल, सूप, सलाद आदि ही होते हैं.

झारखंड के औषधीय वृक्ष

## पलाश के पत्ते, बीज, फूल... सब हैं काम के



"पलाश" झारखंड के पलामू प्रमंडल की जान था पर अब दंतकथा बन कर रह गया है. हिंदी में पलाश, टेसू, ढाक, बंगाल में पलाश गाछ, लैटिन में ब्युटिया पार्विफ्लोरा, अंग्रेजी में डाउनी ब्रांच ब्युटिया कहते हैं.

पलाश के कोमल पत्तों का उपयोग औषधि के लिए होता है. व्रण शोध, पत्र का क्वाथ प्रदर रोग में, मुखक्षत में केवल क्वाथ धारण करते हैं. इसके बीज रेचक और कृमि नाशक हैं. पलाश के फूल खाने में कड़वे कसैले, वातकारक, शीतल होता है. रुधिर विकार, तृष्णा, दाह तथा कुष्ठ को नष्ट करता है. लकवा रोगी के लिए भी पलाश दंड ( छड़ी) धारण करना औषधी के रूप में काम करती है.



अनिल कुमार पाठक
पारंपरिक चिकित्सक

भारत सरकार हो या बीते कल का बिहार सरकार या आज का झारखंड सरकार लाह उत्पादन का मुख्य औषधीय वृक्ष पलाश पर कोई काम ही नहीं किया, लाह उत्पादन ग्रामीण क्षेत्रों का एक रोजगार गारंटी योजना की तरह कार्य कर रही थी पर सरकार के तरफ से संरक्षण प्रदान नही करने के कारण और ग्रामीण क्षेत्रों में उत्कृष्ट लाह उत्पादन का मूल्य नहीं मिलने के कारण इसका उत्पादन लगभग बंद हो गया है और नकली लाह बाजार में स्थान बना लिया.

सफेद फूल वाला पलाश आज झारखंड से विलुप्त हो गया है. लातेहार, लोहरदगा, पलामू, गढवा, रांची इत्यादि जिला में सफेद फूल वाला पलाश एक दंतकथा बन गया है कि यहां पर था वहां पर था. लातेहार जिला के चंदवा प्रखंड के ढोटी गांव में सफेद फूल वाला पलाश था पर अज्ञानता के चलते काट दिया गया.

**(औषधीय पौधा के खेती एवं संवर्धन संरक्षण के जानकार)**

**सभी तस्वीर : अनिल कुमार पाठक**





डॉ दीपक चंद्र प्रकाश
फिजीशियन व गहन रोग विशेषज्ञ, मेडिका, रांची

*फूड पॉइजनिंग यानी खाद्य विषाक्तता एक ऐसी बीमारी, जो दूषित भोजन या पेय पदार्थ को लेने से होती है. फूड पॉइजनिंग की समस्या संक्रमण के कारण होती है, जिसमें कुछ सामान्य जीवाणु और खाद्य पदार्थों के वायरस मुख्य कारक होते हैं. सबसे आम सूक्ष्मजीव एंटअमीबा (एक आम परजीवी, जिसके कारण पेचिश हो सकती है), जिआर्डिया (एक ऐसा परजीवी, जो दस्त का कारण बनता है), कैंपाइलोबैक्टर, शिगेला, साल्मोनेला, ई कोलाई, लिस्टेरिया और नोरोवायरस (ऐसा बैक्टीरिया, जो टाइफाइड का कारण बनता है) है. साल्मोनेला बैक्टीरिया अंडे, मांस और मुर्गे में पाया जाता है तो ई-कोलाई बैक्टीरिया मुख्यतः दूषित मांस, असुरक्षित दूध और अधपके खाद्य पदार्थों में पाया जाता है. स्टैफिलोकोकस ऑरियस बैक्टीरिया नाक और त्वचा में पाया जाता है. दूषित भोजन के संपर्क में आने से फैल सकता है.*



## फूड पॉइजनिंग
## खान-पान में लापरवाही पड़ सकती जान पर भारी

### कैसे होती है फूड पॉइजनिंग

जब ऊपर बताए गए बैक्टीरिया या वायरस किसी तरीके से हमारे पेट में पहुंच जाते हैं, तो फूड पॉइजनिंग हो सकती है. अधपका खाना खाने से या गंदे बर्तनों में पकाया गया खाना खाने से, ऐसे डेयरी उत्पाद, जिन्हें उचित तरीके से फ्रिज में न रखा गया हो या लंबे समय तक उन्हें फ्रिज से बाहर रखा गया हो, फूड पॉइजनिंग का कारण बन सकते हैं. फ्रिज से निकालने के बाद जब हम दोबारा गर्म किए बगैर कोई खाना खाते हैं, दो-तीन दिनों का रखा बासी खाना खाते हैं तो भी फूड पॉइजनिंग हो सकती है. फल और सब्जियों को बिना अच्छी तरह धोए खाने या दूषित पानी पीने से भी फूड पॉइजनिंग हो सकता है. फ्रोजन चीजों को सही तापमान पर नहीं रखना, सब्जियां काटने वाले बोर्ड या चाकू को ठीक से साफ न करना, दूषित पानी पीना, एक्सपायरी डेट वाली चीजों का सेवन आदि भी फूड पॉइजनिंग के लिए जिम्मेदार कारक हैं.

### क्या हैं लक्षण

डायरिया, मरोड़ के साथ पेट दर्द, जी मिचलाना, ऐंठन, उल्टी, दस्त, शरीर में दर्द, सिरदर्द, ठंड लगकर बुखार आना आदि लक्षण सामान्य हैं. खाना लंबे समय तक पचता नहीं या फिर पेट फूला-फूला सा महसूस होता है. गंभीर स्थिति में सामान्य लक्षणों के अलावा सांस लेने में तकलीफ, आंखों और त्वचा का पीला होना, जोड़ों में दर्द और खून की उल्टी भी हो सकती है. सूक्ष्मजीव एंटम्यूबा का संक्रमण होने पर पेचिश के कारण हल्के रक्त के साथ पतले दस्त आते हैं.



### कितना खतरनाक

आमतौर पर फूड पॉइजनिंग के केस हफ्ते भर में ठीक हो जाते हैं. लेकिन कई बार यह जीवन आफत भी बन जाता है. खासकर बुजुर्ग, कमजोर रोग प्रतिरोधक क्षमता वाले लोगों, गर्भवती महिलाओं और एचआईवी संक्रमण वाले लोगों को फूड पॉइजनिंग के मामले में लापरवाही बिल्कुल भी नहीं करनी चाहिए.

### ऐसे करें बचाव

- रसोई घर बिल्कुल साफ रखें. चाकू और कटिंग बोर्ड को रोज माइल्ड सोप से धोएं. सफाई में उपयोग होने वाले कपड़े रोज साफ कर धूप में सुखाएं.
- पकाया भोजन दो घंटे के अंदर फ्रिज में रखें. इस भोजन को 24 घंटे के भीतर खत्म कर लें.
- भोजन पकाने से पहले फल, सब्जियों को नमक वाले पानी से अच्छे से धो लें.
- फ्रिज की भी नियमित सफाई करें. अगर कोई खाद्य या पेय पदार्थ गिर जाए तो तुरंत साफ करें. फ्रिज में रखा सामान उपयोग न हो तो उन्हें हटाते भी जाएं.
- नॉनवेज अच्छे से साफ करके और पूरा पकाने के बाद ही खाएं.
- बाहर का खाना न खाने से जितना बचें, बेहतर है. अक्सर ऐसे खाने को ढक कर भी नहीं रखा जाता या बनाते समय हाइजिन का ख्याल नहीं रखा जाता.
- साफ पानी पिएं.

### संक्रमण होने पर यह करें

- टॉक्सिन को बाहर निकालने के लिए अधिक से अधिक पानी का सेवन करें.
- उल्टी और दस्त की शिकायत होने पर नारियल पानी या सादा पानी ही पिएं, ठोस आहार नहीं लें. ऐसा आहार तो बिल्कुल नहीं जिसे चबाने की दरकार हो.
- पेट का दर्द असहनीय हो तो शीघ्र किसी विशेषज्ञ डॉक्टर के परामर्श से अल्ट्रासाउंड कराएं.
- डायरिया और उल्टी की वजह से अक्सर हमारे शरीर से पानी, सोडियम, पोटैशियम और अन्य मिनरल भी निकल जाते हैं. ऐसे में पानी के साथ इलेक्ट्रल पाउडर का सेवन करें. नमक और चीनी का घोल भी ऐसे में काफी फायदेमंद साबित होता है.





डॉ सिद्धार्थ सिन्हा
वरीय चिकित्सक

***हमारा मानसिक स्वास्थ्य, हमारा मूड कई छोटी-छोटी चीजों से प्रभावित होता है. अक्सर इनका हमें भान तक नहीं होता, पर जब इन चीजों को हम अपनी दिनचर्या में कुछ दिनों तक शामिल करते हैं, तो फर्क महसूस किया जा सकता है. आइए, आज चर्चा करें कि किन छोटी-छोटी आदतों/चीजों को अपनाने से मानसिक तौर पर हम बेहतर महसूस करेंगे-***

## मूड बेहतर करेंगी ये आदतें



### प्रतिदिन चलाएं साइकिल

साइकिल चलाना मानसिक स्वास्थ्य के लिए बेहद लाभकारी माना गया है. अगर आप तनाव, एंजाइटी, डिप्रेशन आदि से जूझ रहे हैं, तो कोशिश करें कि हफ्ते में कुछ दिन ही सही, साइकिल चलाएं. साइकिल चलाने के दौरान एरोबिक्स के एक्सरसाइज की गतिविधियां होती है. यह गतिविधियां मानसिक स्थिति में बदलाव लाकर मस्तिष्क में खून का प्रभाव बेहतर बना सकती है, जो तनाव को कम करने में मदद करता है. साइकिल चलाने से शरीर में एंडोर्फिन हॉर्मोन बनते हैं, जिससे तनाव कम होता है और लोग बेहतर महसूस करने लगते हैं. साइकिल चलाते समय सड़क पर ध्यान केंद्रित करना जरूरी होता है. इससे एकाग्रता शक्ति बढ़ती है. एक अध्ययन में पाया गया कि साइकिल चलाने से वृद्ध वयस्कों की मेंटल हेल्थ में काफी सुधार होता है. अगर आप सुस्त महसूस करते हैं, तो कम से कम 10 मिनट के लिए साइकिल जरूर चलाएं. नियमित साइकिलिंग करने से आत्मविश्वास और संतुष्टि के स्तर में इजाफा जल्द ही खुद महसूस होने लगता है.

**▪ असेंशियल ऑयल**

प्लांट से प्राप्त होने वाले असेंशियल ऑयल में मेडिसिनल प्रॉपर्टी होती है. एक अध्ययन में देखा गया है कि लैवेंडर, लेमन, बेरगामोट आदि के असेंशियल ऑयल मूड को बेहतर करने का माद्दा रखते हैं. नाक में जब इनकी खुशबू पहुंचती है तो सेरोटोनिन और डोपामाइन रिलीज होता है.



**▪ खाने की प्लेट में ये हों शामिल**

आहार भी हमारे मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है. कॉफी पीने से सेरोटोनिन और डोपामाइन लेवल बढ़ता है. वहीं ओमेगा 3 फैटी एसिड से भरपूर आहार के सेवन से सेरोटोनिन लेवल बूस्ट होता है. कई अध्ययनों में देखा गया है कि ओमेगा 3 डिप्रेशन को कम करने में मददगार होता है. तीसी, मछली आदि में ओमेगा 3 पाया जाता है. स्टार्ची फूड जैसे चावल, मकई, आलू आदि में ट्राइटोफान पाया जाता है. आहार में यह पर्याप्त मात्रा में नहीं होता है तो मस्तिष्क में सेरोटोनिन का स्तर गिर जाता है. इसलिए बेहतर मानसिक स्वास्थ्य के लिए आहार में इसे भी संतुलित मात्रा में शामिल करें.



**▪ थ्री ब्लेसिंग एक्सरसाइज**

एक सप्ताह तक रोज रात में एक छोटी सी आदत दिनचर्या में शामिल करें. तीन ऐसी चीजों का जिक्र करें जिसके लिए आप किसी को धन्यवाद देना चाहेंगे. जो व्यक्ति इस आदत को कुछ दिनों तक कायम रखता है, वह दूसरों से थोड़ा अधिक खुश रहने लगता है, ऐसा कई अध्ययनों में देखा गया है. इससे जो मूड बेहतर होता है, आमतौर पर तीन महीने तक कायम रहता है.



**▪ प्रकृति संग समय गुजारें**

पहले के दौर में लोग अपना ज्यादातर समय घर के बाहर गुजारते थे. इन दिनों हमारा ज्यादातर वक्त अप्राकृतिक रोशनी में क्रंक्रीट के जंगल में गुजरता है. अध्ययनों में देखा गया है कि प्रकृतिक वातावरण में गुजारा गया पांच मिनट का छोटा समय भी हमारे मूड में इजाफा कर सकता है. सूरज की रोशनी जब हमपर पड़ती है तो सेरोटोनिन और डोपामाइन रिलीज होता है और हम मानसिक तौर पर पहले से बेहतर महसूस करते हैं. इसकारण पार्क में थोड़ी देर टहलना भी हमें फ्रेश कर देता है.





दादी मां के नुस्खे

## घरेलू नुस्खों से डायबिटीज पर लगेगी लगाम




*लैंसेट के हालिया शोध के अनुसार भारत की 10.1 करोड़ आबादी डायबिटीज से ग्रसित है और 13.6 करोड़ लोग प्री-डायबिटीज हैं. यह लाइफस्टाइल से जुड़ी बीमारी है जिसमें खानपान का विशेष महत्व है. दादीमां के नुस्खों में भी इसके कुछ कारगर उपाय हैं. आइए करें इसकी चर्चा-*

- नीम की पत्तियों को सूखा क महीन पाउडर बना लें. प्रतिदिन एक छोटा चम्मच नीम का पाउडर सेवन करें.
- करेला को भी डायबिटीज में बहुत लाभकारी माना गया है. प्रतिदिन करेले का जूस पिएं या फिर कम तेल में पकी सब्जी का सेवन करें.
- जामुन को काले नमक के साथ खाना लाभप्रद है. जब इसका सीजन नहीं रहे इसकी गुठलियों का पाउडर गुनगुने पानी में डाल कर सुबह-शाम सेवन करें.
- दो चम्मच मेथी के दाने को रात में पानी में भिगो कर रखें और सुबह इसे पानी के साथ चबा कर खा लें.
- अदरक की हर्बल चाय पिएं या फिर सब्जी आदि में डाल कर इसका सेवन करें. यह डायबिटीज कंट्रोल करेगा.
- एक गिलास गर्म पानी में एक चम्मच दालचीनी पाउडर में आधा-आधा चम्मच मेथी पाउडर और हल्दी पाउडर मिला कर प्रतिदिन सेवन करें.
- चुटकी भर कालीमिर्च पाउडर में चुटकी भर हल्दी पाउडर मिलाएं और रात के खाने से एक घंटे पहले इनका सेवन करें.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

# स्पोर्ट्स+




## ब्रीफ खबरें

### सिंधू इंडोनेशिया ओपन के पहले दौर में हारीं



**जकार्ता।** भारत की शीर्ष शटलर पी वी सिंधू बुधवार को इंडोनेशिया ओपन के पहले दौर में चीनी ताइपे की सू वेन-ची से हार कर टूर्नामेंट से बाहर हो गयी. दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू को बीडब्ल्यूएफ सुपर 1000 टूर्नामेंट के महिला एकल स्पर्धा में 15-21, 21-15, 14-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी. यह वेन-ची के खिलाफ उनकी पहली हार है. ताइवान की खिलाड़ी को राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता को हराने में एक घंटे 10 मिनट का समय लगा.

### चेन्नईयिन एफसी ने एल्सिन्हो से करार किया

**चेन्नई।** चेन्नईयिन एफसी ने बुधवार को ब्राजील के रक्षापंक्ति के खिलाड़ी एलसन जोस डायस जूनियर (एल्सिन्हो) के साथ दो साल का करार किया, जिससे वह 2026 तक क्लब के साथ जुड़े रहेंगे. इस सप्ताह की शुरुआत में मिडफील्डर जितेंद्र सिंह की सेवाएं हासिल करने के बाद एल्सिन्हो इस टीम से 2024-25 सत्र से पहले जुड़ने वाले दूसरे खिलाड़ी बन गये हैं. चेन्नईयिन के मुख्य कोच ओवेन कॉयले ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, एल्सिन्हो एक बहुमुखी, मजबूत और तकनीकी फुटबॉलर है जो मिडफील्ड और सेंटर बैक में अपनी सेवाएं दे सकता है. इससे हमें रक्षापंक्ति में बेहतर विकल्प मिलेगा.

### एलपीएल की दाम्बुला को मिला नया मालिक

**दाम्बुला।** श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने बुधवार को कहा कि लॉस एंजिल्स स्थित एक सिविल इंजीनियरिंग परामर्श फर्म लंका प्रीमियर लीग की दाम्बुला फ्रेंचाइजी की नई मालिक होगी जिसे 'दाम्बुला सिक्सर्स' नाम दिया गया है. इससे पहले इस फ्रेंचाइजी को दाम्बुला थंडर्स के नाम से जाना जाता था. इसका मालिक तमीम रहमान नाम का बांग्लादेश मूल का ब्रिटिश नागरिक था. मैच फिक्सिंग में शामिल होने के कारण फ्रेंचाइजी के अनुबंध को समाप्त करने के साथ रहमान को गिरफ्तार कर लिया गया था. लॉस एंजिल्स के कैलिफोर्निया स्थित एक अग्रणी सिविल इंजीनियरिंग परामर्श कंपनी 'सिकोइया कंसल्टेंट्स' एलपीएल टीम दाम्बुला का भविष्य संभालने के लिए आगे आई है.

### मांसपेशियों में खिंचाव से नहीं खेलेंगे इमाद

**डलास।** ऑलराउंडर इमाद वसीम मांसपेशियों में खिंचाव के कारण गुरुवार को यहां अमेरिका के खिलाफ होने वाले पाकिस्तान के टी20 विश्व कप के पहले मुकाबले में नहीं खेल पाएंगे. कप्तान बाबर आजम ने यह जानकारी दी. बाबर ने कहा कि वसीम मांसपेशियों में खिंचाव से पूरी तरह से नहीं उबर पाए हैं और बाएं हाथ के इस स्पिनर की प्रगति पर नजर रखी जा रही है. बाबर ने यहां मीडिया से कहा, मेडिकल स्टाफ उस पर नजर रखे हुए है और वह विश्व कप के बाकी मैचों के लिए उपलब्ध रहेगा. विश्व कप को ध्यान में रखते हुए इस अनुभवी टी20 विशेषज्ञ खिलाड़ी को संन्यास से वापसी कराई गई.

**टी-20 विश्व कप में आज:** ऑस्ट्रेलिया की नजरें इतिहास रचने पर

# अमेरिका के खिलाफ विश्वकप में अभियान शुरू करेगा पाकिस्तान

**एजेंसी। ब्रिजटाउन (बारबडोस)**

विश्व टेस्ट चैंपियन मेस (गदा) और 50 ओवर के विश्व कप का खिताब पहले ही जीत चुका ऑस्ट्रेलिया टी20 विश्व कप में गुरुवार को यहां जब ओमान के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगा तो उसकी नजरें एक ही समय में तीनों विश्व खिताब अपने काम करने वाली पहली टीम बनने पर टिकी होंगी. इस उपलब्धि को हासिल करने के लिए गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया की नजरें अपने अनुभवी खिलाड़ियों हैं. ऑस्ट्रेलियाई टीम में मैच विजेताओं की कोई कमी नहीं है. ऑलराउंडर और नवनियुक्त कप्तान मिचेल मार्श तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे. ट्रेविस हेड शानदार फॉर्म में हैं और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल तथा एकदिवसीय विश्व कप फाइनल में भारत के खिलाफ टीम की जीत में अहम भूमिका निभा चुके हैं.



**टीमें इस प्रकार हैं**

**ऑस्ट्रेलिया:** मिचेल मार्श (कप्तान), एश्टन एगर, पैट कमिंस, टिम डेविड, नाथन एलिस, कैमरून ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, जोश इंग्लिस, ग्लेन मैक्सवेल, मिचेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, मैथ्यू वेड, डेविड वार्नर और एडम जंपा.

**ओमान:** आकिब इलियास (कप्तान), जीशान मकसूद, अयान खान, कश्यप प्रजापति, शोएब खान, मोहम्मद नदीम, प्रतीक आठवले, नसीम खुशी, खालिद कैल, मेहरान खान, बिलाल खान, कलीमुल्लाह, फैयाज बट, शकील अहमद, रफीउल्लाह. रिजर्व: जतिंदर सिंह, समय श्रीवास्तव, सुफियान महमूद, जय ओडेड्रा.

**समय:** मैच भारतीय समयानुसार सुबह छह बजे शुरू होगा.

## पाकिस्तान की भिड़ंत अमेरिका से

दिन के दूसरे मैच में पिछले टूर्नामेंट के उप विजेता पाकिस्तान की भिड़ंत अमेरिका से होगी. कागजों पर बाबर आजम की टीम जीत की प्रबल दावेदार है लेकिन हालिया फॉर्म को देखते हुए टीम की राह आसान नहीं होने वाली.पाकिस्तान ने आयरलैंड के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला गंवाया जबकि इंग्लैंड के खिलाफ उसे 0-2 से शिकस्त का सामना करना पड़ा जिससे टी20 विश्व कप की उसकी तैयारियां काफी अच्छी नहीं रहीं. बाबर और मोहम्मद रिजवान टी20 प्रारूप में पाकिस्तान के सबसे अधिक निरंतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी हैं लेकिन इन दोनों का स्ट्राइक रेट चिंता का विषय है और दोनों तेजी से रन बनाने में नाकाम रहे हैं.पाकिस्तान की टीम हालांकि अपने दिन किसी को भी हराने की क्षमता रखी है.कनाडा के खिलाफ टूर्नामेंट के पहले मैच में सात विकेट की जीत के बाद अमेरिका की टीम आत्मविश्वास से भरी है.

**टीम इस प्रकार हैं**

**पाकिस्तान:** बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान, सैम अयूब, फखर जमां, उस्मान खान, आजम खान, इफ्तिखार अहमद, इमाद वसीम, शादाब खान, मोहम्मद आमिर, शाहीन शाह अफरीदी, नसीम शाह, अब्बास अफरीदी, हारिस राऊफ, अबरार अहमद.

**अमेरिका:** मोनांक पटेल, शायन जहांगीर, एंड्रीज गौस, नितीश कुमार, स्टीवन टेलर, हरमीत सिंह, कोरी एंडरसन, मिलिंद कुमार, निसर्ग पटेल, शैडली वैन शल्कविक, अली खान, जेसी सिंह, सौरभ नेत्रवलकर, नोस्तुश केंजीगे.

*समय: मैच भारतीय समयानुसार रात नौ बजे शुरू होगा.*

## पापुआ न्यू गिनी और युगांडा आमने-सामने

तीन के तीसरे मैच में पापुआ न्यू गिनी (पीएनजी) और युगांडा की टीमें आमने-सामने होंगी. पीएनजी ने वेस्टइंडीज के खिलाफ अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया. पीएनजी के गेंदबाजों ने दो बार की चैंपियन टीम के बल्लेबाजों को काफी दबाव में रखा. असद वला की अगुआई वाली टीम को मेजबान टीम के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा लेकिन टीम की नजरें युगांडा के खिलाफ जीत पर टिकी हैं. पदार्पण कर रहे युगांडा को टी20 विश्व कप के अपने पहले मैच में अफगानिस्तान के खिलाफ 125 रन से हार का सामना करना पड़ा.कप्तान ब्रायन मसाबा की अगुआई में युगांडा के गेंदबाजों ने प्रभावित किया लेकिन बल्लेबाजों ने पूरी तरह से घुटने टेक दिए जबकि क्षेत्ररक्षण भी लचर रहा. अफ्रीका की टीम सभी विभागों में सुधार करके टी20 विश्व कप में पहली जीत दर्ज करना चाहेगी.

**टीम इस प्रकार हैं**

**पापुआ न्यू गिनी:** असद वला, सीजे अमिनी, एलेई नाओ, चाड सोपर, हिला वारे, हिरी हिरी, जैक गार्डनर, जॉन कारिको, काबुआ वेगी मोरिया, किपलिंग डोरिगा, लेगा सियाका, नॉर्मन वनुआ, सेमा कामिया, सेसे बाऊ, टोनी उरा.

**युगांडा:** ब्रायन मसाबा, साइमन सेसाजी, रोजर मुकासा, कॉसमास क्येवुता, दिनेश नाकरानी, फ्रेड अचेलम, केनेथ वैसवा, अल्पेश रामजानी, फ्रेंक एनसुबुगा, हेनरी सेनयोंडो, बिलाल हासुन, रॉबिन्सन ओबुया, रियाजत अली शाह, जुमा मियाजी और रोनक पटेल.

*समय: मैच भारतीय समयानुसार सुबह पांच बजे शुरू होगा.*

**टी-20 विश्व कप:** घटिया फील्डिंग ने नेपाल का काम किया खराब

# नीदरलैंड ने नेपाल की टीम को छह विकेट से हराया

**डलास। एजेंसी**

टी-20 विश्व कप 2024 के सातवें मैच में नीदरलैंड का सामना नेपाल से था. यह मुकाबला डलास के ग्रैंड प्रेयरी स्टेडियम में खेला गया. नीदरलैंड के कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया. स्पिनर टिम प्रिंगल और लोगन वान बीक की शानदार गेंदबाजी की बदौलत नीदरलैंड ने नेपाल को 106 रन पर समेट दिया. जवाब में नीदरलैंड ने मैक्स ओ''डॉड के नाबाद अर्धशतक की बदौलत 18.4 ओवर में चार विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया . प्रिंगल को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया . इस जीत के साथ ग्रुप-डी में नीदरलैंड की टीम दक्षिण अफ्रीका के बाद दूसरे स्थान पर आ गई है. उसके और द. अफ्रीका के दो-दो अंक हैं. वहीं, बांग्लादेश की टीम ने अभी तक अभियान की शुरुआत नहीं की है. नेपाल चौथे और श्रीलंका पांचवें स्थान पर है.

**नहीं चले नेपाल के बल्लेबाज:** नीदरलैंड ने टॉस जीतकर नेपाल को बल्लेबाजी के लिए बुलाया. चार ओवर के अंदर ही नेपाल की ओपनिंग जोड़ी कुशल भुरतेल (7), आसिफ शेख (4) को टिम प्रिंगल और वॉन बीक ने विदा कर दिया. पावरप्ले में नेपाल ने दो विकेट पर सिर्फ 29 रन बनाए . अनिल साह (11) ने दो चौके जरूर लगाए, लेकिन प्रिंगल ने उन्हें भी आउट कर दिया . 9.1 ओवर में नेपाल ने 50 रन पूरे किए. कप्तान रोहित पाउडेल एक छोर से जमे थे. 10वें ओवर में वान मीकरन ने कुशल मल्ला (9) को भी विदा कर दिया . इसके बाद दीपेंद्र सिंह एयरी को बास डी लीडे ने पवेलियन भेजा. वह नौ रन बना सके. वहीं, मीकेरन ने सोमपाल कामी (0) और लीडे ने करण केसी (17) को आउट किया. प्रिंगल ने अपना तीसरा शिकार कप्तान रोहित पौडेल को बनाया. वह टीम के सर्वोच्च रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे. उन्होंने 37 गेंद में 35 रन की पारी खेली . वहीं, वान बीक ने अभिनाश बोहारा (0) को आउट कर नेपाल की पारी 19.2 ओवर में 106 रन पर समेट दी.




**स्कोर बोर्ड**

| | |
|---|---|
| नीदरलैंड: | 109/4 |
| नेपाल: | 106/10 |

- मैक्स ओ' डॉड का अर्धशतक
- प्रिंगल प्लेयर ऑफ द मैच बने

## नीदरलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही

107 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी नीदरलैंड की टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही . माइकल लेविट एक रन बनाकर आउट हुए . इसके बाद मैक्स ओडॉड और विक्रमजीत सिंह ने दूसरे विकेट के लिए 40 रन की साझेदारी निभाई . विक्रमजीत 22 रन बनाकर आउट हुए . साइब्रांड एंगलब्रेक्ट 14 और कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स पांच रन बनाकर आउट हुए . आखिर में मैक्स ओडॉड और बास डी लीडे ने नाबाद रहकर नीदरलैंड की टीम को जीत दिलाई . मैक्स ने 48 गेंद में चार चौके और एक छक्के की मदद से 54 रन और डी लीडे ने 10 गेंद में 11 रन की पारी खेली . नेपाल की ओर से सोमपाल कामी, दीपेंद्र सिंह और अभिनाश को एक-एक विकेट मिला .

भारत-पाक मुकाबले पर अफरीदी ने कहा-

# यह खेल की सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्विता

**भाषा। न्यूयॉर्क**

पूर्व ऑलराउंडर शाहिद अफरीदी भारत-पाकिस्तान मुकाबले को अमेरिका में बेहद लोकप्रिय सुपर बाउल के समकक्ष रखते हैं. उनका मानना है कि यह खेल की सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्विता है और जो टीम नौ जून को न्यूयॉर्क में टी20 विश्व कप मुकाबले में दबाव से बेहतर तरीके से निपटेगी वह जीत दर्ज करेगी. दोनों टीमें टी20 विश्व कप में जब पिछली बार आमने-सामने थी तो विराट कोहली ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए भारत को जीत दिलाई थी. क्रिकेट का यह सबसे बड़ा मुकाबला पहली बार अमेरिका की सरजमीं पर हो रहा है और पाकिस्तान के पूर्व कप्तान अफरीदी दर्शकों के बीच बैठकर इसके गवाह बनेंगे. टी20 विश्व कप के दूत अफरीदी ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से कहा, वे अमेरिकी जो टूर्नामेंट के बारे में जानना चाह रहे हैं, उन्हें पता होना चाहिए कि भारत के खिलाफ पाकिस्तान का मैच हमारे सुपर बाउल की तरह है.



उन्होंने कहा, मुझे भारत के खिलाफ खेलना बहुत पसंद था और मेरा मानना है कि यह खेल में सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्विता है. जब मैं उन मुकाबलों में खेलता था, तो मुझे भारतीय प्रशंसकों से बहुत प्यार और सम्मान मिलता था और यह दोनों टीमों के लिए बहुत मायने रखता है. इस पूर्व ऑलराउंडर ने कहा, भारत के खिलाफ यह मौके के दबाव से निपटने के बारे में है. दोनों टीमों में बहुत प्रतिभा है, उन्हें बस उस दिन एकजुट होने की जरूरत है. इस मैच में और पूरे टूर्नामेंट में यही होगा. जो टीम अपना धैर्य बनाए रखेगी, वह जीतेगी. अमेरिका और वेस्टइंडीज टी20 विश्व कप के सह मेजबान हैं. सुपर आठ चरण और नॉकआउट मुकाबले वेस्टइंडीज में होंगे.

# अश्विन की सीएसके परिवार में वापसी

- हाई परफॉर्मेंस केंद्र और अकादमी की मिली कमान

**भाषा। नयी दिल्ली**

भारत के अनुभवी ऑफ स्पिनर आर अश्विन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) हाई परफॉर्मेंस सेंटर की कमान संभालने के लिए तैयार हैं, जिससे संभवत: उस फ्रेंचाइजी में उनकी वापसी का रास्ता साफ हो जाएगा, जिसने उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई. सीएसके के सीईओ कासी विश्वनाथन ने पीटीआई-भाषा को बताया कि अश्विन केंद्र के साथ-साथ भारत और विदेशों में टीम की विभिन्न अकादमियों की भी जिम्मेदारी संभालेंगे. उन्होंने कहा, अश्विन भारत और तमिलनाडु के महान खिलाड़ियों में से एक हैं और उनकी उपस्थिति से हाई परफॉर्मेंस केंद्र और हमारी अकादमियों को बड़ा बढ़ावा मिलेगा. यह केंद्र चेन्नई के बाहरी इलाके में स्थित है. सैंतीस साल के अश्विन हाल ही में अनिल कुंबले के बाद टेस्ट में 500 विकेट लेने वाले भारत के दूसरे गेंदबाज बने है. वह इंडियन प्रीमियर लीग में 2009 से 2015 तक सीएसके टीम का हिस्सा रहे थे.



आईपीएल के लिए इस साल बड़ी नीलामी होनी है और ऐसे में अगर अश्विन बोली का हिस्सा होते हैं तो सीएसके उन्हें अपनी टीम से जोड़ने की कोशिश कर सकती है. अश्विन 2022 सत्र से राजस्थान रॉयल्स टीम के सदस्य है. आईपीएल नीलामी में अश्विन को टीम से जोड़ने के बारे में पूछे जाने पर विश्वनाथ ने कहा, नीलामी में चीजें हमारे नियंत्रण में नहीं होती है. हम इस बारे में तब देखेंगे. सीएसके के करिशमाई खिलाड़ी और भारत के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के भविष्य के बारे में पूछे जाने पर विश्वनाथ ने कहा, इस बारे में सिर्फ वही कोई फैसला ले सकते हैं.

# वैशाली ने मुजिचुक को हराया, प्रज्ञानानंदा हारे

**स्टावेंगर (नॉर्वे)। एजेंसी**

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा को यहां नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के आठवें दौर के कड़े मुकाबले में शीर्ष वरीय मैग्नस कार्लसन के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा जबकि उनकी बड़ी बहन आर वैशाली ने सातवें दौर के बाद शीर्ष पर चल रही यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक को हराया. इस जीत के साथ कार्लसन ने अमेरिका के हिकारू नाकामूरा पर एक अंक की बढ़त बना ली है जिन्हें फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा. इस बीच विश्व चैंपियन चीन के डिंग लिरेन का खराब प्रदर्शन जारी रहा और उन्हें अमेरिका के फाबियानो करूआना के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा. छह खिलाड़ियों के इस डबल राउंड रोबिन टूर्नामेंट में अब जब सिर्फ दो दौर का खेल बाकी है तब कार्लसन 14.5 अंक के साथ शीर्ष पर हैं. नाकामूरा के 13.5 अंक हैं.






पिछली हार के गुस्से का इस्तेमाल ओलंपिक कोटा जीतने में किया

# मुझे भगवान से तोहफा मिला : निशांत

**भाषा। नयी दिल्ली**

ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके निशांत देव (71 किग्रा वर्ग) दावा है कि उनके पास विश्व स्तरीय मुक्केबाज बनने के लिए जरूरी गति, समय और ताकत का मिश्रण है और यही कारण है कि उन्हें स्वयं को 'भगवान से मिला तोहफा' कहने में कोई समस्या नहीं है. उनका यह दावा कुछ लोगों को अहंकारी लग सकता है लेकिन शायद इसी आत्मविश्वास ने उन्हें पेरिस ओलंपिक में जगह दिलाई. इस 23 वर्षीय प्रतिभावान मुक्केबाज ने सबसे पहले 2021 में सुर्खियां बटोरी जब वह पहली बार विश्व चैंपियनशिप में हिस्सा लेते हुए लाइट मिडिलवेट (71 किग्रा) वर्ग के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे. दो साल बाद उन्होंने विश्व चैंपियनशिप का कांस्य पदक जीता और अब वह उन दो भारतीय पुरुष मुक्केबाजों में से एक हैं जो ओलंपिक के लिए पेरिस जाएंगे. निशांत ने बुधवार को चुनिंदा मीडिया से बातचीत के दौरान कहा, मुझे भगवान से तोहफा मिला है.



**फीफा विश्व कप** क्वालीफाइंग मुकाबले में भारत की कुवैत से भिड़ंत

# छेत्री को जीत के साथ विदाई देना चाहेगा भारत

**कोलकाता। एजेंसी**

करिश्माई फुटबॉल खिलाड़ी सुनील छेत्री गुरुवार को यहां जब कुवैत के खिलाफ फीफा विश्व कप क्वालीफाइंग मैच में आखिरी बार मैदान पर भारत की अगुवाई करेंगे तो भावनाएं उफान पर होंगी और टीम उन्हें जीत के साथ विदाई देना चाहेगी.भारतीय टीम के लिए यह मैच करो या मरो की तरह है. टीम अगर इस मैच को जीतती है तो वह पहली बार 18 टीमों के क्वालीफायर के अंतिम चरण के लिए क्वालीफाई करने के लिए काफी बेहतर स्थिति में होगी. छेत्री पिछले 19 साल से भारतीय फुटबॉल के ध्वज वाहक रहे हैं और 39 वर्ष का यह खिलाड़ी खुद भी टीम के लिए अपना सब कुछ झोंकने के लिए तैयार होगा. चार-चार टीमों के नौ समूहों में से शीर्ष दो टीमें क्वालिफिकेशन के तीसरे चरण में पहुंचेंगी. फीफा ने विश्व कप में एशिया के कोटे में आठ बर्थ का इजाफा किया है और तीसरे चरण के बाद ही इसे हासिल करने वालों का फैसला होगा. उत्तरी अमेरिका में होने वाले 2026 विश्व कप में भारतीय टीम की कल्पना करना थोड़े दूर के सपने की तरह है. कुवैत पर जीत से हालांकि टीम को कम से कम 10 मैचों में एशिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के खिलाफ खेलने का मौका मिल सकता है. टीम को इसके साथ बेहतर टीमों के खिलाफ अभ्यास मैच खेलने का भी मौका मिलेगा. भारत ग्रुप ए में चार मैचों में चार अंकों के साथ कतर (12 अंक) के बाद दूसरे स्थान पर काबिज है. अफगानिस्तान गोल अंतर से पिछड़कर तीसरे स्थान पर है. कुवैत तीन अंक के साथ आखिरी पायदान पर है. भारतीय टीम अगर कुवैत को हराने में सफल रहती है तो वह अफगानिस्तान पर बढ़त बना सकती है. भारतीय टीम इसके बाद मंगलवार को कतर का सामना करेगी जबकि अफगानिस्तान के सामने कुवैत की चुनौती होगी. छेत्री का करियर साल 2000 में मोहन बागान से जुड़ने के बाद इसी मैदान में परवान चढ़ा था ऐसे में अपने चहेते खिलाड़ी को भारतीय टीम की जर्सी में आखिरी बार देखने के लिए यहां का सॉल्ट लेक स्टेडियम दर्शकों से खचाखच भरा होगा. छेत्री के बाद गुरप्रीत सिंह संधू 71 मैचों के साथ टीम के दूसरे सबसे अनुभवी खिलाड़ी है.



कोच के साथ सुनील छेत्री.

**टीमें**

**भारत:** गुरप्रीत सिंह संधू (गोलकीपर) निखिल पुजारी, सुभाशीष बोस, अनवर अली, जय गुप्ता, जैक्सन सिंह, अनिरुद्ध थापा, नाओरेम महेश सिंह, ब्रैंडन फर्नांडीस, लालियानजुआला चांगटे, सुनील छेत्री.

**कुवैत:** सुलेमान अब्दुलगफर (गोलकीपर), राशेद अल-दोसारी, खालिद अल इब्राहिम, हसन अल-एनेजी, सलमान बोरमेया, ईद अल-रशीदी, हमद अल-हरबी, फैसल जायद, अजबी शेहाब, मोहम्मद दाहम, यूसुफ़ नासिर.

**मैच : शाम सात बजे शुरू होगा.**

अंतरराष्ट्रीय संन्यास की पूर्व संध्या पर सुनील की प्रतिक्रिया

# यह सिर्फ मेरे आखिरी मैच के बारे में नहीं है: छेत्री

**भाषा। कोलकाता**

भारतीय फुटबॉल टीम के करिश्माई खिलाड़ी सुनील छेत्री ने बुधवार को अपने आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच को लेकर चल रही सुर्खियों को कम महत्व देते हुए यहां कुवैत के खिलाफ टीम के अहम फीफा विश्व कप क्वालीफायर पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश की.

भारत अगर गुरुवार को खेले जाने वाले इस मैच को जीत जाता है तो फीफा विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे दौर में उसकी जगह लगभग पक्की हो जायेगी. फीफा विश्व कप का आयोजन 2026 में अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में होना है। इस में भाग लेने वाली एशिया की टीम का फैसला तीसरे चरण के क्वालीफायर के बाद होगा. छेत्री ने पिछले महीने घोषणा की थी कि कुवैत के खिलाफ फीफा क्वालीफायर का दूसरे चरण का मैच अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में उनका आखिरी मैच होगा. अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 19 साल तक भारतीय फुटबॉल का चेहरा रहे इस खिलाड़ी ने कुवैत के खिलाफ मैच की पूर्व संध्या पर कहा, मुझे लगता है कि हममें से ज्यादातर लोग 20 दिन पहले ही मिल चुके हैं और हमने मेरे करियर की आखिरी मैच की बात कर ली है. यह हो चुका है. हम यहां केवल और केवल कुवैत और भारत के बारे में बात करने के लिए आए हैं. भावुक छेत्री ने पत्रकारों से अनुरोध किया कि वे उनसे बार-बार उनके संन्यास के बारे में न पूछें ताकि वह खुले दिमाग से खेल सकें. उन्होंने कहा, मैं फिर अनुरोध करता हूं... यह मेरे और मेरे अंतिम मैच के बारे में नहीं है, यह हमारे और कुवैत के बारे में है. और मैं अपने अंदर एक छोटे से संघर्ष से गुजर रहा हूं। कृपया बार-बार 'आप कैसा महसूस कर रहे हैं' पूछकर इसे बदतर न बनाएं.



## ब्रीफ खबरें

### शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**नवादा ।** उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्रा के निर्देश पर उत्पाद एसआई पिंटू कुमार ने बुधवार को रजौली थाना क्षेत्र के जॉब कला डैम और हाथोचक गांव से छापेमारी कर दो बाइक पर लदे 145 लीटर देशी महुआ शराब के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार किया है. सूचना के आलोक में एक टीम का गठन कर संघन छापेमारी अभियान चलाया गया,जिसमें अकबरपुर थाना क्षेत्र के लोहसिंघना गांव निवासी दिनेश कुमार और पप्पू यादव को देशी महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया है.

### तीन अपराधी पकड़ाए हथियार भी बरामद

**पटना ।** राजधानी में चुनावी नतीजे आने के बाद अपराधी एक बार फिर सक्रिय हो गए हैं. पटना पुलिस ने घटना को अंजाम देने से पहले ही तीन अपराधियों को खदेड़कर धर दबोचा है. मामला पटना के गर्दनीबाग थाना क्षेत्र स्थित कल्याण ज्वेलर्स के समीप का है. जहां बाइक से आए तीन अपराधियों को गुप्त सूचना के आधार पर घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस ने अपराधियों के पास से एक देसी कट्टा, 4 जिंदा कारतूस, एक देसी पिस्टल 1 जिंदा कारतूस, एक बिना नंबर प्लेट लगा पल्सर बाइक और दो मोबाइल फोन बरामद किया है. पुलिस की पूछताछ में शातिर अपराधियों ने कई राज उगले है.

### ट्रैक्टर ने सब्जी विक्रेता को कुचला, मौत

**नालंदा ।** नालंदा में बुधवार को बिहार शरीफ राजगीर मुख्य मार्ग पर रफ्तार का कहर देखने को मिला है. जहां तेज रफ्तार अवैध बालू लोड ट्रैक्टर ने सड़क किनारे ठेले पर सब्जी बेच रहे अधेड़ को कुचल दिया. इस हादसे में सब्जी विक्रेता की मौत हो गई. मामला नालंदा थाना क्षेत्र के दिनकर नगर के समीप की है. मृतक की पहचान नालंदा थाना क्षेत्र के रानी बिगहा निवासी स्वर्गीय जोगेश्वर चौहान के (48) वर्षीय पुत्र दशरथ चौहान के रूप में की गई है. सड़क हादसे की जानकारी जैसे ही ग्रामीणों को मिली तो वे लोग घटनास्थल पर पहुंच गए और समीप जाम कर दिया.





### सीएम एनडीए व पूर्व डिप्टी सीएम इंडी की बैठक में शामिल होने गए दिल्ली

# नीतीश और तेजस्वी एक ही फ्लाइट से दिल्ली रवाना हुए

**संवाददाता । पटना/दिल्ली**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और राजद नेता तेजस्वी यादव बुधवार सुबह राष्ट्रीय राजधानी में होने वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) और विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) की बैठक में शामिल होने सुबह 10:40 की विस्तारा की एक ही फ्लाइट से दिल्ली रवाना हुए. दिल्ली जाने से पहले सीएम नीतीश कुमार ने अपने आवास पर जदयू नेताओं के साथ बैठक की. बैठक में ललन सिंह, अशोक चौधरी, सांसद कौशलेंद्र कुमार, चिराग समेत कई नेता मौजूद थे. बाद में चिराग पासवान ने पत्रकारों को बताया कि हम सभी लोग बधाई देने पहुंचे थे. जिस तरह से सीएम नीतीश कुमार ने हमारे गठबंधन को मजबूती देने का काम किया, हमारा बिहार में प्रदर्शन रहा, उसका श्रेय जितना पीएम मोदी को जाता है उतना ही हमारे सीएम को भी जाता है.

**राजद ने अपनी सीटों की संख्या बढ़ाई है :** दिल्ली में आहूत इंडिया गठबंधन की बैठक में शामिल होने के लिए पटना से रवाना होने के पूर्व यहां पत्रकारों से बातचीत के दौरान तेजस्वी ने कहा, हमने (राजद ने) अपनी सीटों की संख्या बढ़ाई है और राजद को एक करोड़ से अधिक वोट मिले हैं. हमारा प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा है. हमने वास्तविक मुद्दों पर चुनाव लड़ा. इंडिया गठबंधन को मिला अयोध्या के श्रीराम का आशीर्वाद. एक बात तो साफ है कि मोदी फैक्टर अब खत्म हो चुका है. भाजपा अब सहयोगियों पर निर्भर है क्योंकि उसे बहुमत नहीं मिला है. यह पूछे जाने पर कि क्या इंडिया गठबंधन सरकार बनाने की कोशिश करेगा, तेजस्वी ने कहा कि हमारी ओर से प्रयास तो रहेगा ही.

**राज्य की 40 में से 12 लोस सीटें जीतीं जदयू**

नीतीश की पार्टी ने राज्य की 40 में से 12 लोकसभा सीटें जीती हैं. जिस उड़ान से नीतीश ने दिल्ली के लिए रवाना हुए हैं, उसमें उनकी सीट के ठीक पीछे ही तेजस्वी बैठे हुए दिखे. नीतीश ने सप्ताहांत में दिल्ली का दौरा किया था और उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित शीर्ष भाजपा नेताओं से मुलाकात की थी. भाजपा के बहुमत से दूर रह जाने के कारण, केंद्र में राजग की सरकार की गठन में नीतीश की भूमिका महत्वपूर्ण हो गयी है. उन्हें हालांकि विपक्षी इंडिया गठबंधन भी अपने पाले में करने की कोशिश में लगा हुआ है.

# बम ब्लास्ट के आरोपी को मारी गोली, मौत

## लूट, हत्या, रंगदारी समेत कई आपराधिक मामले थे दर्ज

**संवाददाता । आरा**

आरा में एक कुख्यात बदमाश को अज्ञात हमलावरों ने मंगलवार देर रात गोली मारकर हत्या कर दी. घटना कोईलवर थाना क्षेत्र के सकड्डी और कुल्हड़िया गांव के बीच सकड्डी-नासरीगंज रोड की है. सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस युवक को इलाज के लिए लेकर आरा सदर अस्पताल जा रही थी लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई. हमलावरों ने करीब से उसे लगभग 8 गोली मारी है. मृतक की पहचान कोईलवर थाना क्षेत्र के धनडीहा (कुबेरचक) गांव निवासी सुरेश पासवान के 28 वर्षीय पुत्र मिथिलेश पासवान के रूप में की गई है. सूचना मिलने के बाद मृतक के परिजन आरा सदर अस्पताल पहुंचे. सदर-2 डीएसपी रंजीत कुमार सिंह एवं कोईलवर थानाध्यक्ष भी अस्पताल पहुंचे. मृतक के परिजनों से पूछताछ की. इसके बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया.

**दर्जनों मामले दर्ज थे आरोपी पर :** बताया जाता है कि मिथिलेश मंगलवार की रात बाइक से टाउन थाना क्षेत्र के आनंद नगर मोहल्ले में शहर के कुख्यात बदमाश छोटू मिश्रा के घर आया था. उससे मिलने के बाद वह बाइक से अपने गांव लौट रहा था. सकड्डी और कुल्हड़िया गांव के बीच गोलियों से भूनकर उसकी हत्या कर दी गई. सदर-2 डीएसपी रंजीत कुमार सिंह ने बताया कि मृतक मिथिलेश एक कुख्यात अपराधी था. टाउन, कोईलवर, चांदी, गीधा एवं अरवल थाने में रंगदारी, लूट, हत्या, आर्म्स एक्ट सहित करीब एक दर्जन से अधिक मामलों में वह आरोपित था. उन्होंने बताया कि ऐसा लगता है कि उसकी कहीं दूसरी जगह गोली मारकर हत्या की गई है और फिर सकड्डी गांव के समीप सड़क किनारे फेंक दिया गया है.




**पटना ।** लोकसभा चुनाव के बाद लोजपा (आर) के अध्यक्ष चिराग पासवान और पार्टी नेताओं द्वारा मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया गया. वहीं डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने विजय उम्मीदवार रविशंकर प्रसाद को मिठाई खिलाते हुए.

### जमीनी विवाद में बालक का अपहरण, हत्या

**बिहारशरीफ ।** नालंदा जिलान्तर्गत हरनौत थाना क्षेत्र के रूपसपुर गांव स्थित खंधे से बुधवार की सुबह एक बालक का शव मिला, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई. मृतक बालक की पहचान रूपसपुर गांव के टुन्नी महतो के पुत्र भोला कुमार उर्फ प्रिंस कुमार (15 वर्ष) के रूप में की गई है. मृतक के अभिभावक ने बताया कि 27 मई के शाम को सीएम नीतीश कुमार के द्वारा किये जा रहे रोड शो में शामिल होने रूपसपुर गांव के एनएच 20 पर गया था. जहां वह सीएम पर फुल भी छीटा था. मृतक के मां ने बताया कि सीएम के कार्यक्रम के बाद उनका बेटा घर आया था एवं 20 रूपये लेकर मोमोज खाने के लिए जीडीएम कॉलेज के पास गया था.

### लखमिनिया स्टेशन पर हादसा

## प्लेटफॉर्म पर आकर राज्यरानी एक्स. में ट्रैक्टर ने मारी टक्कर

- जेसीबी की मदद से ट्रैक्टर को हटाया गया

**संवाददाता । बेगूसराय**



पटना से सहरसा जा रही राज्यरानी एक्सप्रेस हादसे की शिकार हो गई. बेगूसराय के लखमिनिया स्टेशन के बाद रेलवे के ट्रैक्टर अचानक ट्रेन की एक्सप्रेस बॉगी से टकरा गई. गनीमत रही कि बॉगी के अंदर बैठे लोग बार-बार बच गए. घटना के बाद स्टेशन पर हड़कंप मच गया. आसपास के लोगों की भीड़ लग गई. इधर, सूचना मिलते ही रेलवे की टीम मौके पर पहुंची. इसके बाद जेसीबी की मदद से ट्रैक्टर को हटवाने में जुट गई. घटना के बाद मामले की जांच की जा रही है. बता दें कि बुधवार पटना जंक्शन से ट्रेन सहरसा के लिए रवाना हुई थी. लखमिनिया में यह हादसा हो गया.

### नालंदा में करंट लगने से बुजुर्ग की घटनास्थल पर ही मौत

**संवाददाता । बिहारशरीफ**

नालंदा जिले के सरमेरा थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरानी इसुआ गांव में बुधवार की सुबह बिजली का करंट लगने से 60 साल के एक बुजुर्ग की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी. मृतक की पहचान पुरानी इसुआ गांव निवासी कामेश्वर प्रसाद के रूप में की गयी है. घटनाक्रम की जानकारी सरमेरा थाना पुलिस को दी गयी. घटनाक्रम की सूचना पाकर सरमेरा थाना पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है. वहीं मौत की खबर मिलते ही परिजनों का रो-रोकर कर बुरा हाल हो गया है.

# जिले का टॉप टेन इनामी गजनी गिरफ्तार

**संवाददाता । अररिया**



जिले के टॉप टेन कुख्यात अपराधियों में शुमार पांच हजार का इनामी गजनी उर्फ मुस्ताजीर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. अररिया जिला पुलिस को लंबे अर्से से इनकी तलाश थी.जिले के जोकीहाट थाना में केवल इनके खिलाफ 13 और पलासी थाना में संगीन आपराधिक मामले दर्ज हैं.सभी मामलों में पुलिस को इनकी तलाश थी.

गिरफ्तारी की जानकारी देते हुए एसपी अमित रंजन ने बताया कि जोकीहाट थाना क्षेत्र के ललिया के रहने वाले गजनी उर्फ मुस्ताजीर पिता बाजबूल के बारे में गुप्त जानकारी मिली कि वह दिल्ली से अपने घर आ रहा है.सूचना के बाद सदर एसडीपीओ रामपुकार सिंह की अगुवाई में गठित टीम जोकीहाट थानाध्यक्ष राजीव कुमार झा, एसआई श्रवण कुमार,डीआईयू प्रभारी अजीत चौधरी एवं डीआईयू की टीम और सशस्त्र पुलिस बलों ने कार्रवाई करते हुए गजनी उर्फ मुस्ताजीर को जोकीहाट के चरघरिया बॉर्डर के पास से गिरफ्तार किया. गजनी उर्फ मुस्ताजीर के खिलाफ जोकीहाट थाना में 13 और पलासी थाना में एक चोरी, लूट, डकैती जैसे संगीन मामले दर्ज हैं.

## कारोबार

### ट्रैवेन्यूज का आईपीओ 10 जून को खुलेगा

**नयी दिल्ली ।** ट्रैवल बुकिंग मंच इक्सिगो का परिचालन करने वाली ली ट्रैवेन्यूज टेक्नोलॉजी लिमिटेड 10 जून को अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम लाएगी. आईपीओ के जरिए 740 करोड़ रुपये तक जुटाने की है. कंपनी ने घोषणा की कि 88 रुपये से 93 रुपये प्रति शेयर के मूल्य दायरा वाला यह निर्गम 10 जून को खुलेगा. एंकर निवेशक सात जून को बोली लगा पाएंगे. गुरुग्राम स्थित कंपनी के आईपीओ में 120 करोड़ के ताजा शेयर और मौजूदा शेयरधारकों द्वारा 620 करोड़ के मूल्य के 6.66 करोड़ शेयर की बिक्री पेशकश शामिल है.

### नोवेलिस ने अपना आईपीओ किया स्थगित

**नयी दिल्ली ।** हिंडाल्को इंडस्ट्रीज की अमेरिका स्थित इकाई नोवेलिस इंक ने बाजार की स्थितियों को देखते हुए अपना आईपीओ स्थगित कर दिया है. हिंडाल्को ने बीएसई को दी सूचना में बताया कि नोवेलिस भविष्य में पेशकश लाने के सही समय को लेकर विचार जारी रखेगी. नोवेलिस ने कुछ दिन पहले कहा था कि वह 12.6 अरब डॉलर के इक्विटी मूल्यांकन पर 94.5 करोड़ डॉलर जुटाने के लिए अमेरिकी बाजार में आरंभिक सार्वजनिक निर्गम लेकर आएगी. नोवेलिस हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड की अनुषंगी कंपनी है.

### मारुति सुजुकी 450 करोड़ का करेगी निवेश

**नयी दिल्ली ।** मारुति सुजुकी इंडिया ने बुधवार को कहा कि वह सौर ऊर्जा तथा बायोगैस से जुड़ी अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं को चालू करने के लिए तीन साल में 450 करोड़ रुपये का निवेश करेगी. वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी ने इस क्षेत्र में 120.8 करोड़ रुपये का निवेश किया था. कंपनी ने बयान में कहा कि वह वित्त वर्ष 2024-25 से तीन वर्षों में इस निवेश को करीब चार गुना कर 450 करोड़ रुपये करेगी. मारुति सुजुकी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) हिसाशी ताकेयूची ने कहा, हमारा लक्ष्य 2030-31 तक अपनी उत्पादन क्षमता को 20 लाख से बढ़ाकर 40 लाख तक ले जाने का है.

### सेंसेक्स 2,303 अंक चढ़ा, मंगलवार को 4,389 अंक टूटा था

# निफ्टी 735 अंक बढ़ा, इंडसइंड बैंक के शेयर में तेजी

**एजेंसी : मुंबई**




लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद बुधवार को सेंसेक्स 2,303 अंक (3.20%) की तेजी के साथ 74,382 के स्तर पर बंद हुआ. मंगलवार को ये 4,389 अंक गिरा था. वहीं निफ्टी में 735 अंक (3.36%) की बढ़त रही. ये 22,620.35 के स्तर पर बंद हुआ. मंगलवार को कारोबार में सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 29 में तेजी रही. इंडसइंड बैंक का शेयर सबसे ज्यादा 7.75% चढ़ा. टाटा स्टील, एमएंडएम, बजाज फाइनेंस, कोटक बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयर 4% से ज्यादा तेजी के साथ बंद हुए. एलटी में मामूली गिरावट रही. बुधवार को कारोबार में ऑटो, मेटल, एफएमसीजी और प्राइवेट बैंक के शेयर सबसे ज्यादा चढ़े हैं. निफ्टी मेटल इंडेक्स सबसे ज्यादा 5.75% चढा है. प्राइवेट बैंक इंडेक्स में भी 5.13% की तेजी रही. वहीं ऑटो, एफएमसीजी इंडेक्स में 4% से ज्यादा की तेजी रही.

रेलवे, डिफेंस और पीएसयू शेयरों में गिरावट आ सकती है : ब्रोकरेज फर्म मोतीलाल ओसवाल ने कहा- कम बहुमत के बावजूद, हम उम्मीद करते हैं कि कुछ बदलावों के साथ मोदी 2.0 का नीतिगत एजेंडा (निवेश-आधारित विकास, कैपेक्स, इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण, मैन्युफैक्चरिंग, आदि) जारी रहेगा. सरकार गठन को लेकर शुरुआती निराशा और चिंता के बाद, हम उम्मीद करते हैं कि निवेशकों का फोकस फंडामेंटल बॉटम-अप स्टॉक पिकिंग पर वापस आ जाएगा. हालांकि, रेलवे, डिफेंस और पीएसयू के शेयरों में थोड़ी नरमी दिख सकती है.

**मंगलवार 4,389 अंक टूटा था सेंसेक्स, निफ्टी 1,379 अंक गिरा :** लोकसभा चुनाव के नतीजों वाले दिन मंगलवार को सेंसेक्स 4389 अंक (5.74%) की गिरावट के साथ 72,079 के स्तर पर बंद हुआ था. वहीं, निफ्टी में भी 1,379 अंक (5.93%) की गिरावट रही, ये 21,884 के स्तर पर बंद हुआ था. सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 25 में गिरावट और 5 शेयरों में तेजी रही. एनटीपीसी और एसबीआई के शेयरों में करीब 15% की गिरावट रही. एलटी, पावर ग्रिड के शेयर 12% से ज्यादा नीचे थे. वहीं हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयर में करीब 5.74% की तेजी रही थी.

**2020 के बाद मंगलवार को बाजार में सबसे बड़ी गिरावट रही :** मई 2020 के बाद मंगलवार को बाजार की सबसे बड़ी 5.74% की गिरावट रही. कोरोना के समय 2020 में बाजार 5.94% टूटा था. 30 अप्रैल 2020 को सेंसेक्स 33,717 के स्तर पर था जो 4 मई को 2002 अंक गिरकर 31,715 पर आ गया था. 1, 2 और 3 मई 2020 को बाजार बंद था. क्रोनॉक्स लैब साइंसेज लिमिटेड के आईपीओ में निवेश का बुधवार को आखिरी दिन है. ये 3 जून को ओपन हुआ था. इस आईपीओ के लिए रिटेल निवेशक को मिनिमम एक लॉट यानी 110 शेयर के लिए अप्लाय करना होगा. कंपनी ने आईपीओ का प्राइस बैंड 129-136 प्रति शेयर तय किया है.

यदि आप आईपीओ के अपर प्राइस बैंड 136 के हिसाब से 1 लॉट के लिए अप्लाय करते हैं तो आपको 14,960 लगाने होंगे. रिटेल निवेशक अधिकतम 13 लॉट यानी 1430 शेयर के लिए बिडिंग कर सकते हैं, जिसके लिए 194,480 इन्वेस्ट करने होंगे.

### अमेरिकी कंपनी सोप सेंट्रल का करेगी अधिग्रहण

**नयी दिल्ली ।** नजारा टेक्नोलॉजीज की अनुषंगी कंपनी एब्सोल्यूट स्पोर्ट्स ने अमेरिकी मनोरंजन सामग्री वेबसाइट सोपसेंट्रल.कॉम को 14 लाख अमेरिकी डॉलर (11.6 करोड़ रुपये) नकद में खरीदने की बुधवार को घोषणा की. एक बयान के अनुसार, यह अधिग्रहण कंपनी के पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी स्पोर्ट्सकीड़ा.कॉम के जरिये किया गया और इस सौदे के 30 दिन में पूरा होने की उम्मीद है. यह सौदा पूरा तरह नकद लेन-देन पर आधारित है. सोपसेंट्रल डॉट कॉम ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, स्पोर्ट्सकीड़ा इंक. (क्रेता) कंपनी की भौतिक अनुषंगी कंपनी एब्सोल्यूट स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड (एब्सोल्यूट) की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी है. वह 'सोपसेंट्रल' के सभी बौद्धिक संपदा अधिकारों का अधिग्रहण कर रही है, जिसमें डोमेन अधिकार, ट्रेडमार्क, वेबसाइट, सॉफ्टवेयर कोड आदि शामिल हैं. बयान के अनुसार, इस अधिग्रहण का मकसद अमेरिकी खेल और मनोरंजन बाजार में कंपनी की स्थिति को मजबूत करना है. एब्सोल्यूट स्पोर्ट्स के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अजय प्रताप सिंह ने कहा कि यह कदम कंपनी को विस्तार के लिए एक बेहतरीन मौका उपलब्ध कराता है.

# एयर इंडिया एक्स. लागत पक्ष और योजनाओं पर देगा ध्यान

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

एयर इंडिया एक्सप्रेस के प्रबंध निदेशक आलोक सिंह ने बुधवार को कहा कि एयरलाइन 2024-25 में लागत पक्ष और बदलाव योजनाओं पर ध्यान केंद्रित करेगी. सिंह ने कहा, लागत पक्ष पर अधिक ध्यान दे रहे हैं. टाटा समूह अपने विमानन व्यवसाय को मजबूत करने के लिए एआईएस कनेक्ट (पूर्व नाम एयर एशिया इंडिया) का एयर इंडिया एक्सप्रेस के साथ और विस्तारा का एयर इंडिया के साथ विलय कर रही है.

उन्होंने कहा कि एयर इंडिया की लंबी दूरी की उड़ानों और घरेलू छोटी दूरी की उड़ानों के बीच 'क्रॉस फीड' होगी और इसमें पर्याप्त वृद्धि होने वाली है.

सिंह ने कहा कि नेटवर्क और नए बेड़े के आने से राजस्व तथा लागत पक्ष में उल्लेखनीय वृद्धि होगी. राष्ट्रीय राजधानी में 'सीएपीए इंडिया एविएशन समिट' 2024 में सिंह ने कहा कि अगले पांच वर्षों के लिए उन्हें द्विपक्षीय उड़ान अधिकारों का कोई मुद्दा इसके विकास को प्रभावित करते हुए नहीं दिखता है. इस सम्मेलन में द्विपक्षीय अधिकारों पर एयर इंडिया प्रमुख कैंपबेल विल्सन ने कहा कि इसमें व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाया जाना चाहिए.




# सुरक्षा ग्रुप ने जेपी इन्फ्राटेक का किया गया अधिग्रहण

- 20,000 से अधिक मकान खरीदारों को राहत मिलने की उम्मीद है

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

जमीन-जायदाद के विकास से जुड़ी सुरक्षा ग्रुप ने कर्ज में फंसी जेपी इन्फ्रोटेक का अधिग्रहण कर लिया है. इस कदम से 20,000 से अधिक मकान खरीदारों को राहत मिलने की उम्मीद है. कंपनी ने तीन सदस्यीय बोर्ड का गठन किया है और वह अटकी पड़ी आवासीय परियोजना के निर्माण के लिए जल्दी ही 125 करोड़ रुपये की इक्विटी पूंजी डालेगी. यह अधिग्रहण ऋण शोधन अपीलीय न्यायाधिकरण एनसीएलएटी के 24 मई के फैसले के बाद हुआ है.

फैसले में जेपी इन्फ्राटेक के अधिग्रहण के लिए सुरक्षा रियल्टी की बोली को बरकरार रखा गया था. साथ ही कंपनी को किसानों के मुआवजे के रूप में अतिरिक्त 1,334 करोड़ रुपये का भुगतान करने का निर्देश दिया गया था.

जेपी इन्फ्राटेक ने बुधवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि सुरक्षा ने आईएमसी को सूचित किया कि 24 मई, 2024, यानी अपीलीय न्यायाधिकरण के आदेश की तारीख को 'अनुमोदन तिथि' के रूप में माना जाना चाहिए. क्रियान्वयन और निगरानी समिति ने मंगलवार को हुई अपनी बैठक में गैर-कार्यकारी निदेशक के रूप में सुधीर वी वालिया की नियुक्ति को मंजूरी दे दी. समिति ने कार्यकारी निदेशक के रूप में आलोक चंपक दवे और स्वतंत्र निदेशक के रूप में उषा अनिल कदम की नियुक्ति को भी मंजूरी दी. सूत्रों के मुताबिक, सुरक्षा ग्रुप 15 जून तक जेपी इन्फ्राटेक में 125 करोड़ की इक्विटी पूंजी लगाएगी और जल्द ही निर्माण प्रक्रिया शुरू करेगी.

**मार्केट**

### सोने-चांदी की कीमतों में बुधवार को मामूली गिरावट देखने को मिली

# सोना 71,897 रु और चांदी 88,351 रुपये प्रति किग्रा बिकी

- 4 जून को चांदी 88,837 रुपए प्रति किलोग्राम पर थी

**भाषा । नयी दिल्ली**

सोने-चांदी की कीमतों में बुधवार को मामूली गिरावट देखने को मिल रही है. इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 72 रुपए सस्ता होकर 71,897 रुपए पर आ गया है. वहीं, चांदी की बात करें तो बुधवार को एक किलो चांदी 486 रुपए सस्ती होकर 88,351 रुपए प्रति किलोग्राम में बिक रही है. इससे पहले 4 जून को चांदी 88,837 रुपए प्रति किलोग्राम पर थी.



**4 महानगरों और भोपाल में सोने की कीमत**

**दिल्ली :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 66,750 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 72,800 रुपए है.
**मुंबई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 66,600 व 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 72,650 रुपए है.
**कोलकाता :** 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 66,600 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 72,650 रुपए है.
**चेन्नई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 67,250 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 73,360 रुपए है.
**भोपाल :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 66,650 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 72,700 रुपए है.

### इस साल सोने में अब तक 8 हजार रुपये से ज्यादा की तेजी

आईबीजेए के अनुसार इस साल अब तक सोने के दाम 8,545 रुपए बढ़ चुके हैं. 1 जनवरी को सोना 63,352 रुपए पर था, जो अब 71,897 रुपए प्रति 10 ग्राम पहुंच गया है. वहीं एक किलो चांदी के दाम 73,395 रुपए से बढ़कर 88,351 रुपए पर पहुंच गए हैं. नए नियम के तहत अब छह डिजिट वाले अल्फान्यूमेरिक हॉलमार्किंग के बिना सोना नहीं बिकेगा. जैसे आधार कार्ड पर 12 अंकों का कोड होता है, उसी तरह से सोने पर 6 अंकों का हॉलमार्क कोड होगा.

▼ ब्रीफ खबरें

## बाइडन-डोनाल्ड ट्रंप ने प्राइमरी चुनाव जीते

**न्यूयॉर्क ।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कुछ राज्यों में डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन पार्टी की ओर से प्राइमरी चुनाव जीत लिया. पॉर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स को गुप्त तरीके से धन देने के मामले में रिकॉर्ड में हेराफेरी करने के आरोपों में दोषी ठहराए जाने के बाद पहली बार चुनाव में उतरे ट्रंप ने न्यू मेक्सिको, मोंटाना और न्यू जर्सी में प्राइमरी चुनाव जीता. बाइडन ने न्यू मेक्सिको, साउथ डकोटा, न्यू जर्सी, मोंटाना और वाशिंगटन डीसी में डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से प्राइमरी चुनाव जीता.

## विमान में बम होने की धमकी से मचा हड़कंप

**नयी दिल्ली ।** एयर कनाडा की टोरंटो जाने वाली उड़ान में उस समय हड़कंप मच गया, जब यहां इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को विमान में एक बम रखे होने की धमकी वाला ईमेल मिला. अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि बाद में यह धमकी फर्जी निकली. उन्होंने बताया कि दिल्ली अंतरराष्ट्रीय विमानपत्तन लिमिटेड (डायल) के कार्यालय में मंगलवार रात 10 बजकर 50 मिनट पर एक ईमेल मिला कि दिल्ली से टोरंटो जाने वाली एयर कनाडा की उड़ान में एक बम रखा है.

## उत्तरकाशी में चार पर्वतारोहियों की मौत

**उत्तरकाशी ।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में उच्च हिमालयी क्षेत्र सहस्त्रताल की ट्रैकिंग पर गया पर्वतारोहियों का एक दल खराब मौसम में रास्ता भटक गया जिससे उसके चार सदस्यों की मृत्यु हो गयी तथा 18 अन्य फंस गए. जिलाधिकारी डॉ मेहरबान सिंह बिष्ट ने बताया कि पर्वतारोहियों को बाहर निकालने के लिए जमीनी और हवाई बचाव अभियान शुरू कर दिया गया है. उन्होंने बताया कि इसके लिए मातली एवं हरसिल सहित अन्य हेलीपैड पर भी आवश्यक प्रबंध कर लिए गए हैं.

## जम्मू कश्मीर के मंदिर में आग लगी

**श्रीनगर ।** जम्मू कश्मीर के पर्यटन स्थल गुलमर्ग में एक पहाड़ी पर स्थित मंदिर में बुधवार तड़के आग लग गई. अधिकारियों ने यह जानकारी दी. आग लगने की यह घटना रानी मंदिर के नाम से प्रसिद्ध शिव मंदिर में हुई. अधिकारियों ने बताया कि स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने आग को तो बुझा लिया लेकिन मंदिर पूरी तरह जल चुका था. आग लगने का कारण फिलहाल पता नहीं चल पाया है. यह मंदिर पर्यटकों के बीच लोकप्रिय है क्योंकि इसे कई बॉलीवुड फिल्मों में दिखाया गया है.

## इनामी बदमाश पुलिस से मुठभेड़ में मारा गया

**जौनपुर (उप्र) ।** जौनपुर जिले में हत्या और लूट की विभिन्न वारदात में वांछित एक लाख रुपये का इनामी बदमाश पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में मारा गया. मारे गये बदमाश पर हत्या, लूट और डकैती समेत विभिन्न जघन्य अपराधों के आरोप में कुल 28 मुकदमे दर्ज थे. पुलिस अधीक्षक अजय पाल शर्मा ने बुधवार को बताया कि मंगलवार देर रात पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ बदमाश खेतासराय इलाके में टहल रहे हैं. पुलिस ने तलाश शुरू की तभी दो बदमाशों ने पुलिस दल पर गोलियां चलाते हुए भागने की कोशिश की.



**हम साथ-साथ हैं**

**नई दिल्ली ।** नई दिल्ली में बुधवार को पीएम आवास पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा, टीडीपी प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू, जेडीयू प्रमुख नीतीश कुमार और अन्य नेताओं के साथ.

## पीएम ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की शुरुआत की



**नयी दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर बुधवार को बुद्ध जयंती पार्क में पौधारोपण कर पौधारोपण अभियान की शुरुआत की. अधिकारियों के मुताबिक इस अभियान का नाम 'एक पेड़ मां के नाम' रखा गया है और इसके तहत देशभर में लाखों पेड़ लगाए जाएंगे. कार्यक्रम में मोदी के साथ केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव और दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना भी शामिल हुए.

### लोकसभा चुनाव : जानें अंतिम परिणाम में किसे कितनी सीटें मिलीं

# भाजपा को 240, कांग्रेस को 99 सीटें मिलीं

**भाषा । नयी दिल्ली**

भारत निर्वाचन आयोग ने देशभर के सभी 543 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के परिणाम घोषित कर दिए हैं, जिसमें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को 240 और कांग्रेस को 99 सीट पर जीत मिली है. महाराष्ट्र के बीड निर्वाचन क्षेत्र का परिणाम सबसे अंत में घोषित किया गया. इस निर्वाचन क्षेत्र में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) उम्मीदवार बजरंग मनोहर सोनवणे ने भाजपा की पंकजा मुंडे को 6,553 मतों से हराया. देशभर में लोकसभा के कुल 543 निर्वाचन क्षेत्र हैं. गुजरात के सूरत से भाजपा उम्मीदवार मुकेश दलाल के निर्विरोध चुने जाने के बाद 542 सीट के लिए मतों की गिनती की गई.



## विश्व के नेताओं ने एनडीए की जीत पर दी मोदी को बधाई

**कोलंबो ।** इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी, श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे और नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल ''प्रचंड'' सहित विश्व के तमाम नेताओं ने आम चुनावों में राजग की जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी है. दुनिया भर के नेताओं ने उनके साथ मिलकर काम करने की इच्छा जताई है. भारत निर्वाचन आयोग ने सभी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के चुनाव परिणाम घोषित कर दिए हैं, इसमें भाजपा ने 543 सीट में से 240 पर जीत हासिल की है और कांग्रेस को 99 सीट मिली हैं. आम चुनावों के परिणाम में भाजपा नीत राजग गठबंधन 543 सदस्यीय लोकसभा में 272 के बहुमत के आंकड़े से तो काफी ऊपर है, लेकिन भाजपा 2014 के बाद पहली बार जादुई आंकड़े से पीछे रह गई है. इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ''एक्स'' पर पोस्ट करते हुए लिखा, लोकसभा चुनाव में जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई. यह निश्चित है कि हम इटली और भारत को जोड़ने वाली दोस्ती को मजबूत करने के लिए मिलकर काम करेंगे तथा हमारे राष्ट्रों व हमारी जनता की भलाई के लिए विभिन्न मुद्दों पर सहयोग करेंगे.

**निर्वाचन आयोग की वेबसाइट के अनुसार, लोकसभा चुनाव में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में राजनीतिक दलों को प्राप्त सीट की संख्या इस प्रकार है:**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| भाजपा | 240 | इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग | 3 | राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) | 1 |
| कांग्रेस | 99 | आम आदमी पार्टी (आप) | 3 | वॉयस ऑफ द पीपल पार्टी | 1 |
| समाजवादी पार्टी (सपा) | 37 | झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) | 3 | ज़ोरम पीपुल्स मूवमेंट | 1 |
| तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) | 29 | जनसेना पार्टी | 2 | शिरोमणि अकाली दल | 1 |
| द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम (डीएमके) | 22 | भाकपा (माले) (लिबरेशन) | 2 | राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी | 1 |
| तेलुगू देशम पार्टी (टीडीपी) | 16 | जनता दल सेक्युलर (जेडीएस) | 2 | भारत आदिवासी पार्टी | 1 |
| जनता दल यूनाइटेड (जदयू) | 12 | विदुथलाई चिरुथैगल काची (वीसीके) | 2 | सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा | 1 |
| शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) | 9 | भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) | 2 | मरुमलार्ची द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (एमडीएमके) | 1 |
| राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) | 8 | राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) | 2 | आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) | 1 |
| शिवसेना | 7 | नेशनल कॉन्फ्रेंस | 2 | अपना दल (सोनेलाल) | 1 |
| लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) | 5 | यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी, लिबरल | 1 | आजसू पार्टी | 1 |
| युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) | 4 | असम गण परिषद | 1 | ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) | 1 |
| राष्ट्रीय जनता दल (राजद) | 4 | हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) | 1 | निर्दलीय | 7 |
| मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) | 4 | केरल कांग्रेस | 1 | | |
| | | रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी | 1 | | |

## लोस चुनाव ट्रांसजेंडर उम्मीदवार

▪ लोकसभा चुनाव में सभी ट्रांसजेंडर उम्मीदवारों की जमानत जब्त

**नयी दिल्ली ।** इस बार लोकसभा चुनाव लड़ने वाले सभी तीन ट्रांसजेंडर उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई है, जो देश में राजनीतिक प्रतिनिधित्व पाने के लिए इस समुदाय के सामने आने वाली चुनौतियों को उजागर करता है. भारत में अभी तक किसी ट्रांसजेंडर ने लोकसभा चुनाव नहीं जीता है. तीनों ट्रांसजेंडर उम्मीदवारों ने निर्दलीय के रूप में चुनाव लड़ा था. धनबाद से चुनाव लड़ने वाली सुनैना किन्नर को 3,462 मत मिले. दक्षिणी दिल्ली से उम्मीदवार राजन सिंह को 325 मत मिले. दमोह (मध्य प्रदेश) से चुनाव लड़ने वाली दुर्गा मौसी को 1,124 मत मिले. इनमें से कोई भी ट्रांसजेंडर उम्मीदवार जीत के करीब भी नहीं पहुंच पाया और सभी अपनी जमानत राशि बचाने में भी असफल रहे. निर्वाचन आयोग के नियमों के अनुसार जो उम्मीदवार कुल वैध मतों का कम से कम छठा हिस्सा प्राप्त करने में असफल रहते हैं उनकी जमानत राशि जब्त हो जाती है.

## भाजपा को रोकने की लड़ाई में हम कामयाब हो गये : अखिलेश



समर्थकों के बीच अखिलेश यादव.

**एजेंसी । कन्नौज (उप्र)**

समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को कहा कि लोकसभा चुनाव में समाजवादियों का लक्ष्य भाजपा को रोकने का था और वे इसमें कामयाब रहे हैं. यादव ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में सपा द्वारा उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा 37 सीट जीते जाने पर कहा, समाजवादियों का लक्ष्य था कि भाजपा को रोकें. समाजवादी लोग उस लड़ाई में कामयाब हुए हैं. उन्होंने कहा, मैं सबसे पहले कन्नौज की जनता का धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने सकारात्मक राजनीति का समर्थन किया. मैं कन्नौज की जनता का बहुत आभार प्रकट करता हूं, उनको सलाम करता हूं कि उन्होंने समाजवादियों को पुनः एक मौका दिया. यादव ने कहा कि उनके पिता और सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के बताये रास्ते पर चलने का ही परिणाम है कि समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी. उन्होंने जनता का धन्यवाद करते हुए कहा कि उसने नई उम्मीद और नयी आस के साथ वोट दिया है ताकि इस देश का लोकतंत्र बचे, संविधान बचे, आरक्षण बचे और नकारात्मक राजनीति वाले हटें.

## अमृतसर में दो संदिग्ध तस्कर गिरफ्तार, दो करोड़ बरामद

**एजेंसी । चंडीगढ़**

अमृतसर में तलाशी अभियान के दौरान मादक पदार्थों के दो संदिग्ध तस्करों को गिरफ्तार किया गया और उनसे करीब दो करोड़ रुपये नकद बरामद किए गए. सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक प्रवक्ता ने बुधवार को यह जानकारी दी. प्रवक्ता के अनुसार, अमृतसर के कक्कड़ गांव में मंगलवार शाम सीमा सुरक्षा बल और पंजाब पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाया और संदिग्ध तस्कर के घर की तलाशी ली. उन्होंने कहा,



तलाशी अभियान के दौरान दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया. इसके साथ ही घर से 1,97,14,650 रूपये, लैपटॉप, तीन स्मार्टफोन और दो कीपैड मोबाइल फोन भी बरामद किए गए. प्रवक्ता ने कहा कि इस मामले में आगे की जांच जारी है.

## पुंछ में नियंत्रण रेखा के पास पाकिस्तानी घुसपैठिया पकड़ा गया

**मेंढर/जम्मू ।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के एक बुजुर्ग व्यक्ति को जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास अवैध रूप से भारतीय क्षेत्र में घुसने के बाद पकड़ा गया. अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी. अधिकारियों ने बताया कि पकड़े गए व्यक्ति की पहचान पीओके के बट्टल गांव निवासी 72 वर्षीय मुनीर हुसैन के रूप में हुई है. अधिकारियों के अनुसार उसे मंगलवार शाम मेंढर उप-मंडल के मनकोट सेक्टर में घोरा चौकी के पास नांगी टकराई अग्रिम क्षेत्र से हिरासत में लिया गया.

## जलवायु परिवर्तन से जीवन और आजीविका प्रभावित हो रही: मुर्मू

**भाषा । नयी दिल्ली**

विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर बुधवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि जलवायु परिवर्तन से हमारा जीवन और आजीविका दोनों प्रभावित हो रही हैं और स्थिरता पर आधारित एक बेहतर और हरित विश्व के निर्माण के लिए सामूहिक प्रयास की जरूरत है. सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि धरती की रक्षा करना हर किसी की मौलिक जिम्मेदारी है. राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा, हम प्राकृतिक संसाधनों के मालिक नहीं बल्कि संरक्षण करने



वाले हैं. जलवायु परिवर्तन से हमारा जीवन और आजीविका प्रभावित हो रही है, खासकर कमजोर समुदायों के लिए. आइए हम स्थिरता पर आधारित एक बेहतर और हरित विश्व के निर्माण के लिए सामूहिक प्रयास करें. हर साल पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है.

## इनामी समेत नौ नक्सली गिरफ्तार

**बीजापुर ।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों ने नौ नक्सलियों को गिरफ्तार किया है जिनमें एक पर पांच लाख रुपये का इनाम था. पुलिस अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी. पुलिस अधिकारियों ने बताया कि फरसेगढ़ और मद्देड़ थाना क्षेत्रों में सुरक्षाबलों ने अलग-अलग कार्रवाई कर नौ नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया. उन्होंने बताया कि गिरफ्तार नक्सलियों में मद्देड़ एरिया कमेटी का सदस्य लच्छु पूनेम (35) भी शामिल है जिसके सिर पर पांच लाख रुपए का इनाम है. पुलिस अधिकारियों ने बताया कि एक अन्य घटना में सुरक्षाबलों ने करीब से पांच नक्सलियों को गिरफ्तार किया था.

## दिल्ली : अस्पताल में लगी भीषण आग

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

दक्षिणपूर्व दिल्ली के लाजपत नगर इलाके में बुधवार को आंखों के एक निजी अस्पताल में भीषण आग लग गयी. अधिकारियों ने यह जानकारी दी. दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने बताया कि अभी तक किसी के घायल होने की कोई खबर नहीं है. पुलिस ने बताया कि ऐसा संदेह है कि दो मंजिला इमारत के भूतल पर शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी. डीएसएफ अधिकारी ने बताया कि 'आई7 चौधरी आई सेंटर' में आग लगने की सूचना सुबह करीब साढ़े 11 बजे मिली और घटनास्थल पर दमकल की 12 गाड़ियों को भेजा गया है.



**उम्मीद** अमेरिकी उद्योग जगत को मोदी के तीसरे कार्यकाल में आर्थिक सुधार जारी रहने की उम्मीद

# अमेरिका-भारत संबंध सकारात्मक रूप से आगे बढ़ेंगे

**एजेंसी । वाशिंगटन**

अमेरिकी उद्योग जगत को उम्मीद है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में आर्थिक सुधार जारी रहेंगे, भले ही वह थोड़े कम बहुमत के साथ सत्ता में लौटे हों. यूएस-इंडिया स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप फोरम (यूएसआईएसपीएफ) के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी मुकेश अघी ने मंगलवार को पीटीआई-भाषा' को दिये साक्षात्कार में कहा, मुझे लगता है कि माहौल ऐसा है कि प्रधानमंत्री थोड़े कम बहुमत से गठबंधन के साथ वापस आयेंगे. सुधार का एजेंडा जारी रहेगा.

अमेरिका-भारत संबंध सकारात्मक रूप से आगे बढ़ेंगे, क्वाड, आई2यू2, आईएमएसी पर ध्यान देना जारी रहेगा. उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि जहां तक (भारत-अमेरिका) संबंधों की बात है तो इसमें कोई बदलाव आया है. मुझे लगता है कि वे (अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन का प्रशासन) उम्मीद कर रहा था कि प्रधानमंत्री मोदी वापस आयेंगे और दोनों देशों के बीच बैठकें जारी रहेंगी. अघी ने कहा कि उन्हें नहीं लगता कि चुनाव के प्रभाव से भारत में कॉर्पोरेट निवेश की गति प्रभावित होगी.



**अमेरिका-भारत व्यापार परिषद ने भारतीयों को बधाई दी**

यूएसआईबीसी के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी अतुल केशप ने एक बयान में कहा, अमेरिका-भारत व्यापार परिषद (यूएसआईबीसी) लोकसभा चुनाव के सफल समापन पर सभी भारतीयों को बधाई देता है. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को उनके विस्तारित जनादेश के लिए बधाई देता है. उन्होंने कहा, हम प्रधानमंत्री, उनके मंत्रिमंडल तथा भारत के सभी निर्वाचित नेताओं के साथ मिलकर काम करने के लिए तत्पर हैं, ताकि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार व निवेश को बढ़ाया जा सके. साथ ही भारतीयों को अधिक समृद्धि तथा विकास की उनकी आकांक्षाओं को पूरा करने में मदद मिल सके.

**धांधली या जनादेश चोरी के आरोपों से नहीं जूझना पड़ा :** सिस्को के मानद चेयरमैन जॉन चैम्बर्स ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बधाई, जिन्होंने भारत के आम चुनाव में तीसरे कार्यकाल के लिए जीत हासिल की है उनके नेतृत्व में भारत ने आर्थिक और डिजिटलीकरण के मामले में जबरदस्त प्रगति की है. अमेरिका में पाकिस्तान के पूर्व राजदूत हुसैन हक्कानी ने भी भारत के लोगों को बधाई दी. उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, भारत के लोगों को 1947 के बाद से 18वें संसदीय चुनाव के लिए बधाई, जिसमें उन्हें कभी भी बड़े पैमाने पर धांधली या जनादेश चोरी के आरोपों से नहीं जूझना पड़ा.

## फडणवीस ने डिप्टी सीएम पद से इस्तीफे की पेशकश की

**एजेंसी । मुंबई**

संसदीय चुनाव में महाराष्ट्र में भाजपा के लोकसभा सदस्यों की संख्या 23 से नौ पर आने के बाद उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को पद से इस्तीफा देने की पेशकश की ताकि वह विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी के कामकाज पर ध्यान केंद्रित कर सकें.

उन्होंने कहा, मैं महाराष्ट्र के नतीजों की जिम्मेदारी लेता हूं. मैं पार्टी नेतृत्व से अनुरोध करता हूं कि मुझे सरकार में जिम्मेदारी से मुक्त किया जाए ताकि मैं आगामी विधानसभा चुनावों में पार्टी के लिए पूरा समय काम कर सकूं. अब से छह महीने से भी कम समय में राज्य में विधानसभा चुनाव होने हैं. उन्होंने कहा, इस परिणाम की पूरी जिम्मेदारी मेरी है. मैं



मानता हूं कि इस सबमें कहीं न कहीं मेरी कमी रही है और मैं इस कमी को दूर करने का पूरा प्रयास करूंगा. उन्होंने कहा, मैं जल्द ही भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से मिलने जा रहा हूं और वे जो भी कहेंगे, मैं वही करूंगा. फडणवीस ने कहा कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और राकांपा के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के साथ समन्वय को लेकर मुद्दे हैं.

## तमांग नौ जून को सीएम के रूप में शपथ लेंगे

**गंगटोक ।** सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा (एसकेएम) के प्रमुख प्रेम सिंह तमांग ने बुधवार को कहा कि वह दूसरे कार्यकाल के लिए राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में नौ जून को शपथ लेंगे. तमांग और उनके मंत्रिमंडल का शपथ ग्रहण समारोह राज्य की राजधानी गंगटोक के पलजोर स्टेडियम में होगा. तमांग ने कहा, नये मंत्रिपरिषद का शपथ ग्रहण समारोह नौ जून को पलजोर स्टेडियम में होगा, जैसा कि पांच साल पहले हुआ था. उन्होंने कहा कि सिक्किम के विभिन्न हिस्सों से बड़ी संख्या में आम लोगों के साथ-साथ एसकेएम कार्यकर्ताओं के भी कार्यक्रम में शामिल होने की उम्मीद है. एसकेएम ने लोकसभा चुनाव के साथ-साथ हुए विधानसभा चुनाव में राज्य की 32 सीटों में से 31 सीटें जीतीं. सांसद इंद्र हंग सुब्बा केंद्र में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का हिस्सा होंगे.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा राजकमल प्लाजा, रूम नंबर 102 जयप्रकाश नगर, डीनोवली स्कूल रोड बरटांड़, धनबाद-826001 झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - सुरजीत सिंह, स्थानीय संपादक - दीपक कुमार अम्बष्ठ*. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - JHAHIN/2023/84487 ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)